CMYK

सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-19 अंक-51 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, गुरुवार, 07 अगस्त 2025
12 सफर 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# पीएम ने किया कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन

■ सरकारी मंत्रालयों और विभागों को मिला नया ठिकाना




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नवनिर्मित कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर कर्तव्य भवन में शिफ्ट किया जाएगा जिससे दक्षता, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसमें गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय/विभाग और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय होंगे।

सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत केंद्रीय मंत्रालयों व विभागों के लिए ऐसे कुल 10 भवनों का निर्माण होना है। इनमें से कर्तव्य भवन-3 बनकर तैयार हो गया है, इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। साथ ही वह शाम छह बजे कर्तव्य पथ पर एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे। परियोजना पूरी होने के बाद किराये के तौर पर खर्च होने वाले 1500 करोड़ रुपये की बचत होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्तव्य भवन के शुभारंभ के अवसर पर बुधवार को एक एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ये केवल कुछ नये भवन और सामान्य मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, अमृत काल में इन्हीं भवनों में विकसित भारत की नीतियां बनेंगी। विकसित भारत के लिए यहीं से महत्वपूर्ण निर्णय होंगे। आने वाले दशकों में यहीं से राष्ट्र की दिशा तय होगी।

उन्होंने कहा, कर्तव्य भवन सिर्फ इमारत का नाम भर नहीं है। ये करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने की तपोभूमि है। कर्तव्य पथ पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा,, हम आधुनिक भारत के निर्माण से जुड़ी उपलब्धियों के साक्षी बन रहे हैं। कर्तव्य पथ, नया संसद भवन, नया रक्षा भवन, भारत मंडपम, यशोभूमि, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा और अब कर्तव्य भवन - ये सिर्फ साधारण सुविधाएं नहीं हैं। यहां विकसित भारत की नीतियां बनेंगी, महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। आने वाले समय में राष्ट्र की दिशा यहीं से तय होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने काफी विचार-विमर्श के बाद इस भवन को कर्तव्य भवन नाम दिया। कर्तव्य पथ, कर्तव्य भवन नाम हमारे लोकतंत्र, संविधान के मूल मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। आजादी के बाद दशकों तक देश की प्रशासनिक मशीनरी उन इमारतों से चलाई जाती रही है, जो ब्रिटिश शासन काल में बनी थीं। आप भी जानते हैं दशकों पहले बने इन प्रशासनिक भवनों में वर्किंग कंडीशन कितनी खराब थी।

### नागरिक देवो भवः का मंत्र है कर्तव्य

प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्तव्य शब्द का मतलब भारतीय संस्कृति में केवल दायित्व तक सीमित नहीं है। कर्तव्य हमारे देश के कर्मप्रधान दर्शन की मूलभावना है। स्व की सीमा से परे सर्वस्व की दृष्टि कर्तव्य की वास्तविक परिभाषा है। इसलिए कर्तव्य सिर्फ इमारत का नाम भर नहीं है। ये करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने की तपोभूमि है। कर्तव्य ही आरंभ है। कर्तव्य है प्रारब्ध है। करुणा और कर्मणता के स्नेहसूत्र में बना कर्म ही तो कर्तव्य है। सपनों का साथ है कर्तव्य। संकल्पों की आस है कर्तव्य। परिश्रम की पराकाष्ठा है कर्तव्य। हर जीवन में ज्योत जला दे, वहीं इच्छा शक्ति है कर्तव्य। करोड़ों देशवासियों की रक्षा का आधार है कर्तव्य। मां भारती की प्राण उर्जा का ध्वजवाहक है कर्तव्य। नागरिक देवो भवः का मंत्र है कर्तव्य। राष्ट्र के प्रति भक्तिभाव से किया हर कार्य है कर्तव्य।

## अब आसान होगी मृतकों के खातों लॉकर से रकम निकलने की प्रक्रिया

■ आरबीआई प्रक्रिया को और सुगम बनाएगा : गवर्नर



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक मृतकों के बैंक खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा। इस पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के नामांकित व्यक्तियों के पक्ष में दावों के निपटान की प्रक्रिया को सरल बनाना है। मल्होत्रा ने कहा कि इसके अलावा, केंद्रीय बैंक, आरबीआई 'रिटेल-डायरेक्ट' मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना बना रहा है ताकि खुदरा निवेशक व्यवस्थित निवेश योजनाओं के माध्यम से ट्रेजरी बिल में निवेश कर सकें।

उन्होंने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा हम मृतकों के बैंक खातों और लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान को मानकीकृत करने के लिए कदम उठा रहे हैं। इससे निपटान अधिक सुविधाजनक होने की उम्मीद है। बैंकिंग अधिनियम के प्रावधानों के तहत, जमा खातों, लॉकर में रखी वस्तुओं के संबंध में 'नॉमिनी' की सुविधा उपलब्ध है। आरबीआई के विकासात्मक और नियामक नीतियों पर बयान के अनुसार, इसका उद्देश्य ग्राहक की मृत्यु होने पर दावों का शीघ्र निपटान या वस्तुओं की वापसी या लॉकर की सामग्री को वापस दिलाना तथा परिवार के सदस्यों को होने वाली कठिनाई को कम करना है।

## अमेरिका ने भारत पर लगाया कुल 50 प्रतिशत टैरिफ

■ अमेरिका को रास नहीं आई भारत-रूस की दोस्ती



**नई दिल्ली।** ट्रंप की तरफ से बुधवार शाम को भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का कार्यकारी आदेश साइन किया गया है। अमेरिका की तरफ से कहा गया कि यह फैसला भारत द्वारा रूसी तेल की लगातार खरीद के जवाब में लिया गया है। इसके साथ ही भारत पर अमेरिका ने कुल 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा कर दी है।

बता दें कि एक अगस्त को ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने के अध्यादेश पर हस्ताक्षर किए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारत से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया, जिसमें कहा गया कि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूसी तेल का आयात करता है।

हाल ही में एक अमेरिकी चैनल को दिए साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा था कि भारत सबसे ज्यादा शुल्क लगाने वाला देश है। हम भारत के साथ बहुत ही कम कारोबार करते हैं, क्योंकि वह काफी ज्यादा शुल्क लगाता है। भारत एक अच्छा कारोबारी साझेदार देश नहीं है। वह हमारे साथ बहुत कारोबार करता है, लेकिन हम उसके साथ कारोबार नहीं करते। इसलिए ही हमने उन पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने का फैसला किया।

## प्रियंका गांधी की टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की गरिमा का अपमान : भाजपा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के बयान पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने बयान को सुप्रीम कोर्ट की गरिमा पर हमला बताया है और अदालत से इस पर स्वतः संज्ञान लेने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि यदि भाजपा सांसद के बयान पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था, तो गांधी परिवार पर कानून लागू होना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की भारतीय सेना पर की गई टिप्पणी को लेकर उन्हें फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि यदि आप सच्चे भारतीय हैं, तो ऐसी बात नहीं कहेंगे। इसके जवाब में प्रियंका ने बयान दिया यह तय करना न्यायाधीशों का काम नहीं है कि कौन सच्चा भारतीय है और कौन नहीं। प्रियंका के बयान पर भाजपा ने आपत्ति जताई है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि गांधी परिवार का रवैया न्यायपालिका का सीधा अपमान है।

## सीएम ने बरेली को दी 22.64 अरब के विकास कार्यों की सौगात

■ मंडल को मिला पहला यूनानी मेडिकल कॉलेज



**बरेली।** बरेली मंडल के पहले यूनानी मेडिकल कॉलेज में अब इलाज के साथ पढ़ाई की राह आसान होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को इसका लोकार्पण किया। बरेली कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 22 अरब 64 करोड़ रुपये की 545 विकास परियोजनाओं की जिले को सौगात दी। उन्होंने यूनानी मेडिकल कॉलेज समेत 223 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 322 विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया गया।

विभागों की ओर से लगाए जाने वाले स्टॉल के सामने प्लाई बिछाई गई। बरेली कॉलेज के मैदान पर आकर्षक तरीके से तिरंगा पंडाल बनाया गया। उपायुक्त उद्योग विकास ने बताया कि सीएम युवा उद्यमी योजना में 1550 अभ्यर्थियों को लोन बांटा गया है। इसमें मुख्यमंत्री के हाथों से पांच लोगों को डमी चेक दिया गया। आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। डूडा की ओर से बने प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी दी गई। शिक्षा विभाग के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सीएम ने सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली मंडल के चार जनपदों बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर की विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सांसद, विधायक समेत जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी। मंडलीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कैंट से भाजपा विधायक संजीव अग्रवाल के प्रस्ताव पर आधुनिक सेटेलाइट फ्लाईओवर को वाईशेप में बनाए जाने, पीलीभीत बाईपास को फोरलेन में बदलने को मंजूरी दी गई।

मुख्यमंत्री ने बहुप्रतीक्षित नाथ गलियारा योजना को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। सुभाषनगर अंडरपास को प्राथमिकता में शामिल किया गया है। इससे शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ने में सहूलियत होगी। पवन विहार कॉलोनी के पीछे हरूनगला से लेकर नागदेवता मंदिर तक नई सड़क का निर्माण होगा। यह मार्ग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाएगा।

सीएम ने प्रत्येक विधायक से उनके क्षेत्रों की प्राथमिक समस्याओं और विकासात्मक ज़रूरतों पर सीधे संवाद किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना के प्रस्ताव से पहले जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श अनिवार्य है। भाजपा के नवाबगंज से विधायक डॉ. एमपी आर्य ने बताया कि विकास योजनाओं के प्रस्ताव पहले ही दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने विकास प्रस्तावों की समीक्षा की। पीडब्ल्यूडी समेत विकास विभाग के अफसरों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा है। समीक्षा बैठक में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, बरेली प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह, राज्य मंत्री संजय गंगवार, सांसद छत्रपाल गंगवार, आदि उपस्थित रहे।

### योजना का प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल योजनाएं बनाना ही हमारा लक्ष्य नहीं होना चाहिए। उनका समयबद्ध और ज़मीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के अनुभवों और क्षेत्रीय इनपुट्स को नीति निर्धारण का आधार बनाएं। शासन की मंशा हर योजना को ठोस परिणामों तक पहुंचाने की है। इसके लिए जवाबदेही तय की जाएगी, तकनीक का समुचित प्रभावी ढंगे से उपयोग करें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने नगर विकास विभाग को निर्देशित किया कि किसी भी परियोजना का प्रस्ताव तैयार करने से पहले जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन लिया जाए।

## प्रदेश में अराजकता का माहौल, कानून व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में अराजकता का माहौल है। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। बिजली व्यवस्था चरमरा चुकी है। किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है। खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी रोकने में सरकार विफल है।

अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश के कई जिले बाढ़ से जूझ रहे हैं। लाखों की आबादी के सामने खाने-रहने, दवा, इलाज का संकट है। सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में अराजकता, लूट और भ्रष्टाचार है।

## एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

■ गलवां में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद होगा पहला दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। मोदी की 2020 में गलवां घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद पहली चीन यात्रा होगी। उन्होंने पिछली बार 2019 में चीन का दौरा किया था। चीन जाने से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान दौरा पर पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

अमेरिका द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद पीएम मोदी की यात्रा को अहम माना जा रहा है। भारत की तरह चीन भी टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका के साथ तनातनी झेल रहा है। ट्रंप ब्रिक्स देशों पर डॉलर को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाने के साथ ही रूस से तेल आयात के मामले में हमलावर हैं। भारत और चीन दोनों ब्रिक्स के बड़े भागीदार हैं। पीएम मोदी की चीन की यह छठी यात्रा होगी। इससे पहले अक्तूबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की शी जिनपिंग से कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा तनाव कम करने के प्रयासों में तेजी आई थी।

## अमेरिका के साथ तनाव के बीच रूस पहुंचे अजीत डोभाल

# रूस के साथ हो सकता है बड़ा तेल समझौता

■ चीन के बाद भारत दुनिया में तेल का दूसरा बड़ा खरीदार



**नई दिल्ली:** भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर टैरिफ बढ़ाने की चेतावनी दी थी। इसी बीच, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल मंगलवार को रूस पहुंचे। द मॉस्को टाइम्स के अनुसार, भारत और रूस के बीच तेल को लेकर एक बड़ा समझौता हो सकता है।

रूस की समाचार एजेंसी के हवाले से खबर है कि डोभाल 7 अगस्त को रूसी अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे। इन बैठकों में तेल खरीद को लेकर एक अहम करार पर चर्चा संभव है। डोभाल रूसी राष्ट्रपति पुतिन के समक्ष भारत की तेल खरीद नीति और रणनीति को स्पष्ट करेंगे। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर भी अगले सप्ताह रूस का दौरा कर सकते हैं।

ट्रंप ने भारत और रूस पर गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि भारत रूस से तेल खरीदकर युद्ध को बढ़ावा दे रहा है, रूस इस कमाई को युद्ध में उपयोग कर रहा है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया, तो उस पर भारी टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लागू किया है। चीन के बाद भारत दुनिया में तेल का दूसरा सबसे बड़ा आयातक देश है। भारत अपनी तेल जरूरतों का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा रूस से खरीदता है। अमेरिका पहले भी रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत को चेतावनी दे चुका है।




CMYK

# राहत कार्यों में कोई लापरवाही न हो, हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचे : नरेंद्र बहादुर सिंह

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** हाथ में छतरी, घुटनों तक पानी और चेहरे पर संकल्प बुधवार को ऐसा ही मानवीय चेहरा नजर आया एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह का, जब वे बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने खुद पानी में उतरकर गांव-गांव पहुंचे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर सदर और धौरहरा तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने न सिर्फ हालात देखे, बल्कि ग्रामीणों से सीधे संवाद कर मदद का भरोसा भी दिलाया एडीएम सबसे पहले एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह के साथ रेहरिया गांव पहुंचे। पानी भरे रास्तों को पार करते हुए वे ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भोजन दोनों समय हर हाल में पहुंचे और किसी जरूरतमंद को अनदेखा न किया जाए। इसके बाद केवलपुरवा राहत शिविर और



खानीपुर बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया गया। चिकित्सा और पशुपालन टीमों को सतर्क रहने को कहा गया धौरहरा तहसील के गोडियाना मजरा टहारा गांव में भी एडीएम पहुंचे। उन्होंने एसडीएम शशिकांत मणि के साथ ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं और हर संभव सहायता का भरोसा दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बेचेलाल महाविद्यालय स्थित राहत केंद्र और ओएनजीसी हॉस्पिटल का भी जायजा लिया। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत कार्यों में कोई लापरवाही न हो, हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचे। प्रशासन बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ हर कदम पर खड़ा है निरीक्षण के तुरंत बाद एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर राजस्व प्रशासन की टीमें हरकत में आ गई। दोनों तहसीलों में बाढ़ प्रभावित गांवों में लंच पैकेट लेकर कर्मचारी पहुंचे और सैकड़ों परिवारों को भोजन उपलब्ध कराया। प्रशासन की प्राथमिकता है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे।

## विभिन्न थाना क्षेत्रो से हुयी अभियुक्तो की गिरफ्तारियां

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूल बेहड़ पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र इतवारी पासी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है थाना मैलानी पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगों से सम्बन्धित 02 नफर वारंटी अभियुक्तों मोहम्मद वसीर उर्फ गोला पुत्र वलीउल्ला व देवकी नन्दन पुत्र बृजलाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त प्रेम पुत्र पुत्तु निवासी ग्राम नयका खेड़ा थाना पिसांवा जनपद सीतापुर को 01 अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है थाना शारदानगर पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 206/2025 धारा 85/80 (2) बीएनएस व ड·डीपी एक्ट में वांछित 01 नफर अभियुक्त जमुना प्रसाद पुत्र लेखराम व अभियुक्ता फूलमती पत्नी जमुना प्रसाद को रौली पुल पर पान के खोखे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

# 03 लाख 50 हजार रुपये की सम्पत्ति को कुर्क कर किया गया जब्त

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मझगई पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मु.अ.सं. 404/24 धारा 2ख(2)/3 उ.प्र. गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप निवारण अधि. में अभियुक्त वेदराम पुत्र गंगाराम की अपमिश्रित जहरीली शराब बनाकर व बेचकर अवैध रुप से अर्जित कुल 03 लाख 50 हजार रुपये की सम्पत्ति को जिला मजिस्ट्रेट खीरी के आदेशानुसार कुर्क कर जब्त किया गया।

वेदराम पुत्र गंगाराम नि. हुलासीपुरवा मजरा दौलतापुर थाना मझगई मु.अ.सं. 1473/2010 धारा 60 आबकारी अधि., थाना निघासन मु.अ.सं. 646/22 धारा 366 भादवि, थाना निघासन मु.अ.सं. 668/2023 धारा 272 भादवि व 60(2) आबकारी अधि., थाना निघासन मु.अ.सं. 133/2024 धारा 272 भादवि व 60(2) आबकारी अधि., थाना मझगई मु.अ.सं.



404/2024 धारा 2ख(2)/3 उ.प्र. गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप निवारण अधि., थाना मझगई 01 अदद ई-रिक्शा (क्र 31 क्र्ञ 6809), कीमत लगभग 01 लाख रुपये 01 अदद बजाज मैक्सिमा ऑटो (क्र31 ष्ट्ञ 0268), कीमत लगभग 02 लाख 50 हजार रुपये।

## युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। उसके पिता ने युवक और उसकी मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सोमवार को उसकी 19 वर्षीय पुत्री को टिहुलिया निवासी प्रिंस वर्मा पुत्र रामू वर्मा अपने साथ भगा ले गया। उसका कहना है कि उसकी पुत्री 20 हजार रूपये की नकदी, दो सोने की अंगूठी भी अपने साथ ले गई है। इस मामले को लेकर गांव के प्रधान को जब प्रिंस वर्मा के घर बुलाया तो प्रिंस की मां उसकी पुत्री को बाहर लेकर आई और उसे भगवा दिया।

## ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति से 3,33,920 रुपये ठगे

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर साइबर जालसाजों ने क्यूआर कोड के जरिए थाना निघासन क्षेत्र के एक व्यक्ति से 3,33,920 रुपये ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर थाना साइबर सेल ने रिपोर्ट दर्ज कर डांट शुरू कर दी है थाना निघासन के गांव कसावल पुरवा निवासी तेज प्रकाश मौर्य ने बताया कि उसके व्हाट्सएप पर एक संदेश आया, जिसमें उले ट्रेडिंग के जरिए अतिरिक्त लाभ दिलाने का लालच दिया गया। जालसाज ने उन्हें क्यूआर कोड भी भेजा और रुपये इसी क्यूआर कोड पर भेजने के लिए कहा। जालसाज की बातों में फंसकर उन्होंने नौ मई 2025 से अलग-अलग दिनों में कुल 3,33,920 रुपये भेज दिए कुछ दिन बीतने के बाद जब उसने अतिरिक्त लाभ देने की बात रखी तो मोबाइल नंबर आदि ब्लॉक कर दिया। तब उसे धोखाधड़ी होने की जानकारी हुई। पीड़ित ने थाना साइबर सेल को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# बनबसा बैराज से पानी पास किए जाने के बाद शारदा नदी का कहर शुरू

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** बनबसा बैराज से पानी पास किए जाने के बाद शारदा नदी का कहर शुरू हो गया शहर से करीब 45 किलो मीटर दूर बिजुआ ब्लॉक के गांव बझेड़ा को बाढ़ के पानी ने घेर लिया है, जिससे गांव वाले दहशत में हैं। खेती की जमीन समा चुकी है। घरों पर भी खतरा मंडरा रहा है नदी के तेज बहाव के चलते गांव एकदम कटान के मुहाने पर है। गांव के आसपास करीब चार से पांच किलोमीटर से अधिक की जमीन कटकर फसल बर्बाद हो चुकी है। गांव के मुख्य मार्ग को छोड़कर बाकी अन्य रास्तों पर लोग नाव का इस्तेमाल कर रहे हैं। दो साल पहले प्रशासन ने गांव को बाढ़ और कटान से बचाने के लिए सवा छह करोड़ रुपये की लागत से 700 मीटर लंबा बंधा बनाया था, लेकिन शारदा की उफनती लहरों ने इस परियोजना के 60 मीटर हिस्से को लील लिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस साल बाढ़ कटान को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, जिसके चलते बंधा कमजोर पड़ गया और पानी गांव में घुसने लगा। मुख्य मार्ग अभी बचा है फसलें डूबीं, चारा भी खत्म, भूख का संकट बझेड़ा गांव की कई एकड़ फसलें पानी में डूब चुकी हैं। खेतों में खड़ी धान, गन्ना और सब्जियां अब केवल कीचड़ और पानी के नीचे दफन हैं। ग्रामीणों के पास अपने पशुओं को खिलाने के लिए चारा और भूसा तक नहीं बचा। जिनके पास कुछ चारा है, वे ऊंचे स्थानों पर जाकर उसे काटने को मजबूर हैं। गांव के लोग बताते हैं कि हमारी सारी फसल बर्बाद हो गई। पशुओं को खाने के लिए कुछ नहीं बचा। अब तो हमारे भी भूखे मरने की नौबत आ रही है। चारों ओर फैला पानी, डूबती फसलें और कटती जमीन ने ग्रामीणों के चेहरों पर मायूसी की गहरी लकीरें खींच दी हैं। अपनी मेहनत से उगाई फसलों और पुश्तैनी जमीन को आंखों के सामने तबाह होते देख ग्रामीणों का दिल टूट रहा है। गांव जो कभी हरा-भरा था, आज उदासी और निराशा की चादर ओढ़े खड़ा है।

श्रीनगर पुल के किनारे कटे, आवागमन बाधित निघासन तहसील के ग्रंट नं. 12 गांव में भू-कटान जारी है। कटान के चलते गांव निवासी सुमन देवी का प्रधानमंत्री आवास मंगलवार को नदी में समा गया, वहीं मंदिर के पास भी कटान हो रहा है। सिंचाई विभाग कटान रोकने के प्रयास में जुटा है पहाड़ों व मैदानी इलाकों में बारिश से शारदा का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे ग्रामीणों में उजड़ने का खौफ है। उधर मिलपुरवा श्रीनगर तटबंध पर बने पुल के पास मिट्टी कट गई।

## कूटरचित दस्तावेज बनाने के आरोपी को भेजा जेल

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेज तैयार करने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना जनकपुरी प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि विगत् 7 फरवरी को वादी प्रशान्त उपाध्याय पुत्र सीजी उपाध्याय निवासी ग्राम व डाकखाना रसिन चित्रकूट हाल पता जेलर जिला कारागार जनपद सहारनपुर की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफकूटरचित फर्जी दस्तावेज तैयार कर जिला कारागार में निरूद्ध बंदी अजय कुमार पुत्र रामपाल निवासी झरौली बहलोलपुर थाना सरसावा को समय पूर्व रिहाई किये जाने के सम्बन्ध में आदेश जिला कारागार सहारनपुर एवं अन्य संस्थानो को प्रेषित करने के सम्बन्ध मे प्राप्त हुआ। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना जनकपुरी पर धारा 318(4)/337/336(3)/340(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर एक सफाईकर्मी ने युवक से तीन लाख रुपये ठगे

**पीड़ित ने जब रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी**

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर सदर कोतवाली के गांव जमकोहना निवासी एक सफाईकर्मी ने युवक से तीन लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने जब रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। थाना शारदा नगर पुलिस ने ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है थाना फूलबेहड़ के गांव नरहर निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसकी कोतवाली के गांव जमकोहना निवासी फुरकान अली से जान पहचान थी फुरकान अली वर्तमान में सफाईकर्मी है और ग्राम मकसोहा ने तैनात है। फुरकान ने कहा कि हम तुम्हें रेलवे में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर जनवरी 2024 में 3,00,000 लाख रुपये ले लिए। 23.02.2024 का एक ज्वाइनिंग लेटर प्राप्त हुआ। जब उसने ज्वाइनिंग लेटर की जांच कराई तो पता चला कि वह फर्जी है। इस पर उसने आरोपी फुरकान से बात की तो उसने पूरा रुपया वापस करने की बात कही कई बार रुपया वापस मांगने पर वह आजकल करते हुए उसे टरकाता रहा। 08 अप्रैल को 25 को वह आरोपी के घर गया तो आरोपी ने दो दिन बाद रुपया देने का वादा किया। 10 अप्रैल को एक चेक 30,000 रुपये की दी और शेष रुपये 05 दिन बाद देने को कहा, लेकिन रुपये नहीं दिए। काफी कहने सुनने पर आरोपी ने उसे थाना शारादा नगर के पतरासी चौराहा पर बुलाया।

16 अप्रैल को सुबह 11 बजे वह जब पहुंचा तो आरोपी ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की। थाना शारदा नगर पुलिस ने आरोपी और उसके अज्ञा त साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# इंस्टाग्राम पर प्रभु यीशु और मुस्लिम समुदाय पर अभद्र टिप्पणी, लोगों में आक्रोश, भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष ने कराई एफआईआर

अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** इंस्टाग्राम पर प्रभु यीशु मसीह और मुस्लिम समुदाय को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों से शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया है। मामले को लेकर भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष समीर मैसी उर्फ सैम मैसी ने थाना सुभाषनगर में मुकदमा दर्ज कराया है।

समीर मैसी ने बताया कि 29 जुलाई को वह इंस्टाग्राम पर सामान्य वीडियो देख रहे थे, तभी कुछ ऐसे वीडियो उनकी फीड पर आए, जिनमें प्रभु यीशु मसीह के खिलाफ बेहद अभद्र और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया था। शिकायत में कहा गया है कि यह एक साजिश के तहत धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश है। एफआईआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि वीडियो में केवल ईसाई समाज ही नहीं, बल्कि मुस्लिम समुदाय के प्रति भी अपमानजनक बातें कही गई हैं, जिससे सांप्रदायिक तनाव फैलने की आशंका है।

शिकायत में तीन अलग-अलग वीडियो क्लिप्स के स्क्रीनशॉट भी संलग्न किए गए हैं, जो संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट्स से शेयर किए गए थे। समीर मैसी के मुताबिक, आरोपियों ने धार्मिक सहिष्णुता को ठेस पहुंचाने के इरादे से सोशल मीडिया पर कई आपत्तिजनक पोस्ट साझा की हैं।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल को जांच सौंपी है। संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट्स की तकनीकी जांच कराई जा रही है, ताकि वीडियो अपलोड करने वालों की पहचान कर कार्रवाई की जा सके। सुभाषनगर इंस्पेक्टर जितेंद्र का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## पुलिस ने दबोचा नशा तस्कर, अवैध चरस बरामद

**सहारनपुर।** थाना फ्तेहपुर पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना फ्तेहपुर प्रभारी सचिन पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके व उपनिरीक्षक सौरभ यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान वीर विजय कॉलेज के पास आम के बाग से एक शातिर नशा तस्कर वसीम पुत्र जब्बार निवासी ग्राम फ्तेहपुर भादो थाना फतेहपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 135 ग्राम अवैध चरस बरामद कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## पावधोई व ढमोला नदी का तेजी से बढ़ा जलस्तर, दहशत व्याप्त

**सहारनपुर।** शिवालिक की पहाड़ियों व जनपद में हो रही लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से महानगर में बहने वाली ढमोला नदी व पांवधोई नदी का जल स्तर तेजी से बढ रहा है। जिससे नदी किनारे बसी कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों में दहशत का माहौल व्याप्त है। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से शिवालिक की पहाड़ियों व जनपद में रूक-रूककर हो रही मूसलाधार बारिश के चलते एक ओर जहां घाड़ क्षेत्र में बहने वाली बरसाती नदियों में ऊफान आ गया है, वही दूसरी ओर पांवधोई और ढमोला नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिससे नदी किनारे बसे इलाकों में दहशत का माहौल है। कई घरों के आस-पास पानी भरने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। शहर में धोबी घाट क्षेत्र की दोनों तरफ की सड़कें पावधोई नदी के पानी में डूब गई हैं, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग पानी में से होकर गुजरने को मजबूर हैं। तो वहीं सहारनपुर के देव पुरम कॉलोनी में घरों में पानी घुसने लगा है।

# युवक ने फेसबुक पर किया 'फांसी' का नाटक, मेटा के अलर्ट से खुला राज

अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी फाल्तूनगंज मोहल्ले में एक युवक की हरकत ने पुलिस से लेकर परिजनों तक को सकते में डाल दिया। युवक ने सोशल मीडिया पर खुदकुशी का नाटक किया, जिसका पता तब चला जब मेटा ने पुलिस को अलर्ट भेजा। जांच के बाद युवक को हिरासत में लेकर थाने में पूछताछ की गई। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय के अनुसार मेटा (फेसबुक की पैरेंट कंपनी) से सूचना मिली कि उनके क्षेत्र में एक युवक ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस की और फौरन टीम के साथ कालीबाड़ी क्षेत्र में हरिशंकर उर्फ नन्हा के घर पहुंची।

***कपड़े का फंदा और बंद दरवाजा***

घर पहुंचने पर पुलिस को युवक ध्रुव राजपूत के बारे में जानकारी मिली। दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली और उसका मोबाइल भी बंद मिला। इससे परिजन भी घबरा गए। पुलिस ने फेसबुक प्रोफाइल चेक की तो उस पर लाइव वीडियो मिला, जिसमें ध्रुव पंखे से फांसी लगाते हुए नजर आ रहा था। वीडियो के कैप्शन में लिखा था गुड बॉय जिंदगी। काफी देर की मशक्कत के बाद जब दरवाजा खुला तो पुलिस को हैरानी हुई कि ध्रुव बिस्तर पर आराम से सो रहा था। बिस्तर के ऊपर पंखे से एक कपड़े का फंदा जरूर लटका मिला।

**प्रेमिका से अनबन बनी वजह**

पुलिस की सख्ती से पूछताछ में ध्रुव ने बताया कि वह एक लड़की से प्रेम करता है। हाल ही में प्रेमिका ने बात करना बंद कर दिया था। उसे डराने और भावनात्मक दबाव में लेने के लिए उसने फेसबुक पर लाइव जाकर आत्महत्या का ड्रामा किया। वीडियो अपलोड करने के बाद उसने मोबाइल बंद कर लिया और सो गया। पुलिस ने ध्रुव को तत्काल हिरासत में लेकर थाने ले जाकर पूछताछ की। अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि युवक की इस हरकत के पीछे कोई और कारण तो नहीं है और क्या सोशल मीडिया के दुरुपयोग की कोई और योजना थी।

## 12 अगस्त को आयोजित होगा रोजगार मेला

**सहारनपुर।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा 12 अगस्त को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 02 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। सहायक निदेशक सेवायोजन ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो 10वीं, 12वीं, आईटीआई इत्यादि पास एवं 18 से 35 वर्ष की आयु के हों तो 12 अगस्त को प्रातः 10 बजे क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते है।

## ई-लॉटरी के माध्यम से आज किया जायेगा लाभार्थियों का चयन

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति एवं कृषकों के सम्मुख कल (आज) कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का ई-लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक संदीप पाल ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत 10 हजार रूपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्र एवं कृषि रक्षा उपकरण, थ्रेसिंग फ्लोर, स्माल गोदाम, मिनी ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की बुकिंग कृषकों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गयी है। जिन कृषि यंत्रों की बुकिंग लक्ष्य से अधिक हुई है ऐसे कृषि यंत्रों की ई-लॉटरी निकाली जाएगी। संदीप पाल ने कहा कि जिन कृषकों द्वारा इन-सीटू योजना, एसएमएएम, एनएफएसएम, दलहन, तिलहन योजना के अन्तर्गत अनुदान पर यंत्र क्रय करने के लिए आवेदन किया गया है वह 07 अगस्त को कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में उपस्थित रहें।

# किसानों की उपेक्षा कर रही है भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार: भगत

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार अन्नदाता किसानों की घोर उपेक्षा कर रही है और लगातार किसान विरोधी कार्य कर रही है। उन्होंने किसानो की उत्पादन लागत को कम करने के लिए मनरेगा योजना को सीधा खेती से जोड़कर किसानों को मजदूर उपलब्ध कराने की मांग की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा आज यहां निकटवर्ती गांव तिघरी में किसानों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य तो दूर लागत मूल्य भी सरकार नहीं दिला पा रही हैं। जिसके कारण किसान कर्ज बंद होकर



आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है। प्रदेश की योगी सरकार चीनी मिल मालिकों से मिलकर गन्ना किसानों का भारी शोषण कर रही है। योगी सरकार देश में गन्ना किसानों को सबसे कम गन्ना मूल्य चीनी मिलों से दिला रही है। पड़ौसी छोटा राज्य हरियाणा में गन्ने का मूल्य 400 कुंतल है। जबकि यहां लागत से बहुत कम मात्र 370 रुपए कुंतल गन्ना मूल्य है। कृषि यंत्र खाद बीज दवा डीजल कीटनाशक लेबर लगातार महंगा होने के कारण गन्ने की लागत बढ़ती जा रही है। गन्ना उत्पादन लागत 550 रुपए कुंतल आ रही है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सीटू प्लस 50 प्रतिशत के अनुसार गन्ने का मूल्य 825 रुपए कुंतल होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर गन्ने का लाभकारी मूल्य 700 कुंतल करने चीनी मिलों से बकाया गन्ना मूल्य भुगतान दिलाने पिछले वर्षों में देरी से किए गए गन्ना भुगतान पर लगा ब्याज गन्ना किसानों को दिलाने, गन्ना किसानों से दुलाई किराया न काटने की मांग की। उन्होंने किसानों की उत्पादन लागत को कम करने के लिए मनरेगा योजना को सीधा खेती से जोड़कर किसानों को मजदूर उपलब्ध कराने की भी मांग की। बैठक की अध्यक्षता मौहम्मद राशिद ने की और संचालन मास्टर रईस अहमद ने किया। बैठक में हरपाल सिंह, मास्टर यशपाल त्यागी, रविंद्र प्रधान, मोहम्मद गयूर, मौहम्मद ईशा, वसीम अहमद, छोटू खालिक, अयाज मौहम्मद, एजाज, रियासत, तमरेज, मौहम्मद आमिर आदि मौजूद रहे।

## पशु चोरी में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने पशु चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2600 रूपये की नगदी बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना सरसावा प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 25 जुलाई को वादी महावीर सिंह पुत्र पहल सिंह निवासी ग्राम माजरी कला थाना सरसावा की तहरीर पर आरोपी इदरीश पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम तेलीपुरा थाना सरसावा के खिलाफ वादी की भैंस चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सरसावा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक महेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम कुण्डा कल्याणपुर तिराहा से एक वांछित आरोपी इदरीश को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके कब्जे से चोरी की गयी भैंस को बेचकर मिले रुपयो में से 2600 रुपये की धनराशि बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# बरेली मे कांग्रेस और सपा के नेताओं ने किया सीएम योगी का घेराव का प्रयास, पुलिस ने हिरासत में लेकर भेजा थान

अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुधवार को बरेली आगमन से पहले जिले में सियासी तापमान चढ़ा रहा। मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने कार्यक्रम स्थल से पहले ही हिरासत में ले लिया। वहीं समाजवादी पार्टी युवजन सभा के एक पदाधिकारी को सोशल मीडिया पर विरोध दर्ज करने की कीमत नजरबंदी के रूप में चुकानी पड़ी।

पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि वह अविनाश चौबे, राज शर्मा, पारस शुक्ला, साहिब सिंह, नदीम अहमद और फिरोज खान के साथ मुख्यमंत्री को स्कूल मर्जर, महंगाई और बेरोजगारी जैसे जनहित के मुद्दों पर ज्ञापन देने जा रहे थे। आरोप है कि पुलिस ने उन्हें पहले उनके घरों पर हाउस अरेस्ट किया और बाद में सभी को थाना कैंट भेज दिया गया।

***सपा नेताओं को किया गया नजरबंद***

वहीं समाजवादी पार्टी युवजन सभा के महासचिव रितेश यादव को भी पुलिस ने नजरबंद कर दिया। रितेश ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के विरोध में काले झंडे दिखाने की बात लिखी थी। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, महंगाई आसमान छू रही है और सरकार सिर्फ प्रचार में व्यस्त है। पुलिस ने रितेश के फेसबुक पोस्ट को गंभीरता से लिया और भोजीपुरा पुलिस ने उन्हें कार्यक्रम से पहले ही नजरबंद कर दिया।

***सोशल मीडिया पर भी पुलिस की नजर***

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर खुफिया विभाग सोशल मीडिया पर पूरी तरह सक्रिय रहा। किसी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट या विरोध प्रदर्शन की सूचना पर तुरंत कार्रवाई की गई। सीएम कार्यक्रम के चलते शहर के कई रास्तों को बंद कर दिया गया था, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा बरेली में मरीज तक का रास्ता रोका गया है। मेरी भतीजी गंभीर हालत में इलाज के लिए जा रही थी, लेकिन उसे निकलने नहीं दिया गया। इसकी जवाबदेही कौन लेगा।

# सीएम सिटी को शीघ्र मिलेगा एक और प्राकृतिक टूरिस्ट स्पॉट, बदहाल चिलुआताल का सरकार ने किया कायाकल्प

- 20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से रामगढ़ताल सरीखा खूबसूरत हुआ चिलुआताल
- घाट के सौंदर्यीकरण का कार्य 98 फीसद पूर्ण, जल्द सीएम योगी के हाथों लोकार्पण की तैयारी

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** शहर के उत्तरी छोर पर दशकों तक बदहाल रहे चिलुआताल को योगी सरकार ने टूरिस्ट स्पॉट बना दिया है। सीएम योगी के विजन से चिलुआताल घाट का कायाकल्प शहर के उत्तरी छोर में पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन चुके रामगढ़ताल की तर्ज पर कराया गया है। रामगढ़ताल की तरह चिलुआताल घाट भी पर्यटन के साथ रोजगार का केंद्र बनेगा। इसके लिए घाट पर कियॉस्क भी बनाए गए हैं। चिलुआताल घाट के सौंदर्यीकरण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। पर्यटन विभाग की मंशा जल्द इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराने की है।

शहर के दक्षिणी छोर पर रामगढ़ताल पूर्वी उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बन चुका है। अब उत्तरी छोर पर भी रामगढ़ताल सा ही नजारा चिलुआताल घाट पर दिखने लगा है। सीएम योगी के विजन से विकसित यह टूरिस्ट स्पॉट मनोरंजन के साथ रोजगार का केंद्र भी बनेगा। सात दुकानें यहां बनकर तैयार हो गई हैं। घाट पर एक तरफ लोग सर्वाधिक लोकप्रिय पर्यटन स्थल पर मनोरंजन करेंगे वहीं लोग यहां लगी दुकानों पर जायके का आनंद भी ले सकेंगे। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र प्रसाद यादव के मुताबिक चिलुआताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 20 करोड़ 39 लाख रुपये की परियोजना को मूर्त रूप दिया गया है। परियोजना के तहत 98 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। शेष कार्यों को भी तेजी से पूरा कराया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि चिलुआताल भी रामगढ़ताल की तरह दशकों से उपेक्षित पड़ा रहा। योगी सरकार ने पहले रामगढ़ताल का कायाकल्प कर उसे वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया तो अब चिलुआताल को संवारा गया है।

कार्यदायी संस्था के रूप में यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से कराए गए कार्यों में 570 मीटर पाथवे निर्माण, 70 मीटर तक घाट के सीढ़ियों का निर्माण, ताल किनारे रेलिंग, सोलर लाइट, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, बेंच, एप्रोच रोड, बोल्डर पिचिंग, दुकान, शौचालय फीडिंग रूम जैसे बुनियादी कार्यों के अलावा कार्य भी लगभग पूरे हो चुके हैं। इससे चिलुआताल की आभा निखर कर सामने आ रही है। लोग अभी से ही सुबह टहलने के लिए आना शुरू कर दिए हैं। दिन में भी यहां लोग घाट का आनंद लेना शुरू कर दिए हैं। पहले लोग आने को कतराते थे लेकिन अब लोगों सुबह शाम घाट का आनंद लोकार्पण होने से पहले ही रहे हैं।

## पत्रकार हितों की रक्षा को प्रशासन प्रतिबद्ध : डीएम

**अलीगढ़।** पत्रकारों की स्वतंत्रता, गरिमा और कार्य की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन हर संभव कदम उठाएगा। यह भरोसा जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बुधवार को जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक में दिया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में पुलिस रवैये में मित्रवत सुधार से लेकर वीवीआईपी कार्यक्रमों में मीडिया ब्लॉक की सुरक्षा तक कई मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई।

बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वितीय कमलेश कुमार, सहायक निदेशक सूचना एवं समिति के संयोजक संदीप कुमार सहित सदस्य दूरदर्शन संवाददाता नीरज शर्मा, एएनआई संवाददाता देवेंद्र वार्ष्णेय, प्रतीक वार्ष्णेय एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल गोविल मौजूद रहे। एडी इंफॉर्मेशन संदीप कुमार ने बताया कि कई वर्षों से यह बैठक आयोजित नहीं हो पाई थी, जिसे अब नियमित रूप से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक समाचार संकलन में अवरोध या उत्पीड़न की कोई लिखित शिकायत समिति को प्राप्त नहीं हुई है।

# मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री पर रोक लगाने हेतु प्रशासन सक्रिय



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन के अभिहित अधिकारी डॉ0 जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में आगामी रक्षाबंधन त्यौहार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थो विशेषकर मिलावटी दूध एवं दुग्ध पदार्थ से निर्मित मिठाइयां , समस्त प्रकार की मिठाइयां खोया, बूंदी के लड्डू, की बिक्री पर रोक लगाने हेतु विभिन्न स्थानो पर छापामार कर निम्नलिखित कार्यवाही करते हुये उरई नगर पालिका के झांसी चुंगी चौराहा उरई में स्थित बालाजी किराना स्टोर प्रो प्रमोद कुमार के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पोहा का नमूना संगृहीत किया।

पीतांबरा स्वीट्स हाउस से खाद्य पदार्थ बेसन का लड्डू का नमूना। कोंच रोड उरई स्थित उज्ज्वल सोनी के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सोनपापड़ी का नमूना। कोंच तहसील में उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह के नेतृत्व में भगत सिंह नगर चौराहा पर स्थित फैजल अहमद के प्रतिष्ठान से बूंदी के लड्डू का नमूना । पापा जी स्वीट्स से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना। चंद्रकुआ कोंच तहसील से मानवेंद्र के परिसर से खाद्य पदार्थ बेसन का लड्डू का नमूना । हरिमोहन के परिसर से बेसन का लड्डू व प्रमोद किराना से बेसन का नमूना संगृहीत किया गया।

## विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु बसपा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**उरई (जालौन)।** नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने राज्यपाल को संबोधित चार सूत्री ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।

बहुजन समाज पार्टी के डॉ. रमेश दोहरे, नरेश बाबू सोनी, दुर्गा प्रसाद, नरेंद्र वर्मा, राजेश कुमार, निर्मल जाटव, अवनीश दीक्षित, अजय कुमार, अश्वनी कुमार, मनीष कुमार, वसीम, रफीक, बंगाली, सुमित, सुनील, शहीद आदि पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय कुमार मौर्य को सौंपकर बताया कि नगर में अनियमित तरीके से हाउस टैक्स बढ़ाया गया था। नगर पालिका के चुनाव के समय सभी दलों के उम्मीदवारों ने हाउस टैक्स को कम करने का वादा किया था। लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद इस दिशा में कुछ नहीं किया गया। पार्टी के नेताओं ने राज्यपाल से मांग कि है कि नगर पालिका परिषद जालौन को उरई विकास प्राधिकरण में सम्मिलित न किया। इससे यहां के बाशिंदों पर आर्थिक बोझ बढेगा और नगर की पहचान भी प्रभावित होगी।

# इमाम हुसैन की प्यासी बच्ची के नाम पर टीम मिशन अहलेबैत करेगी जलपान वितरण

**अवधनामा संवाददाता**

- इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की बेटी बीबी सकीना बिन्ते हुसैन की यौमे शहादत पर टीम अहले बैत शिया सुन्नी एकता का पैग़ाम देते हुए लगाएगी निःशुल्क जलपान का स्टाल

**गोरखपुर।** जाफराबाज़ार कर्बला के पास 8 अगस्त जुमा (गुरूवार) के दिन गोरखपुर में 13 सफ़र 1447 हिजरी अय्यामे शहादत हज़रत इमाम हुसैन की शाहजादी बीबी सकीना बिन्ते हुसैन की शहादत के मौके पर मुस्लिम समाज के शिया और सुन्नी दोनों मुस्लिम समुदाय में मजलिस का एहतिमाम (आयोजन) किया जाएगा। टीम मिशन अहले बैत ने ये आयोजन शिया सुन्नी एकता को मजबूत करने और ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ व सय्यद वारिस अली शाह और हिंदुस्तान के सुफी बुज़ुर्गों और सभी खानकाहों के पैग़ाम (मोहब्बत सबसे नफ़रत किसी से नहीं) पे अमल करते हुए रखा है। जिसमें शिया सुन्नी दोनों समुदाय एक साथ मोहब्बत और इंसानियत का पैग़ाम देगा और मुस्लिम एकता को मजबूत करने का प्रयास के साथ इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और कर्बला के दर्दनाक वाक्ये को याद करेगा, इस ग़म के मौक़े पर टीम मिशन अहले बैत की जानिब से कर्बला मियां साहब घासीकटरा पे गुज़रने वाले तमाम लोगों को निःशुल्क जलपान विरतण कराया जाएगा। प्यारे नबी के नवासे इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में टीम मिशन अहलेबैत की जानिब से जरूरतमंदो में फल और अन्य जरूरत की चीज़े बाटी जाएगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीम मिशन अहले बैत के संस्थापक व अध्यक्ष जनाब सुफी सैय्यद दानियाल हैदर शम्सी, और एडवोकेट सय्यद एजाज़ हुसैन रिज़्वी, सय्यद इंजिनियर कैसर अब्बास, सय्यद वसी अख़्तर रिज़्वी, सय्यद सुल्तान हैदर, एडवोकेट शबाहत रिज़्वी, अक़ील रिज़्वी, शमशीर अहमद (शमशीर ट्रेलर) समीर हैदर शम्सी, ज़ुबैर आलम शम्सी, अमन वारसी, मोहम्मद इस्लाम (हलचल भाई) शहज़ादे वारसी, शहनवाज़ वारसी, अब्दुल राज़िक़ वारसी, फैसल वारसी, अज़हरूद्दीन (मुन्ना भाई), शम्स तबरेज़ वारसी, तालिब रिज़्वी, मुशीर रज़ा, रहबर रिज़्वी, मोहम्मद रिज़्वी, मोजिस रिज़्वी, सदीम अहमद, वकार चिश्ती, खुर्शीद आलम, इस्हाक वारसी, वसीम वारसी, रेहान वारसी, कलीम वारसी, साहिल वारसी, सुहेल अहमद, सेराज शम्सी, सुहेल शम्सी, अली हसन शम्सी, आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

# फूड विभाग की टीम ने पकड़ा 32 बोरी मिलावटी खोवा



**गोरखपुर ।** कैंट थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन कार्मल रोड पर रोडवेज बस की जांच में पकड़ी गई मिलावटी खोवा बड़ी खेप आरएम लव कुमार के नेतृत्व में रक्षाबंधन और 15 अगस्त को त्योहार को देखते हुए सघन चेकिंग की जा रही थी। कंडक्टर ने कबूला कानपुर से रोडवेज की बस में आ रहा था खोवा। रोडवेज के आरएम लव कुमार ने फूड विभाग की टीम को भी मौके पर बुलाया। खोवा का कोई दावेदार मौके पर नहीं पहुंचा, कलेक्ट परिसर फूड विभाग के ऑफिस खोवा लाया गया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि फूड विभाग और रोडवेज के सहयोग से 32 बोरी खोवा को बरामद किया गया है और कार्यालय पर लाया गया खोवा के दो दावेदार सामने आए हैं। जिनका नमूना लेकर उन्हें सुपुर्द किया जा रहा है। रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत रखते हुए फूड विभाग द्वारा लगातार छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है मिलावट का कारोबार करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## चिकित्सको ने शिविर लगाकर 120 बाढ़ पीड़ितों का किया इलाज

**उरई (जालौन)।** यमुना नदी में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों को मदद पहुंचाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विभाग की ओर से कैंप लगाकर 120 बाढ़ पीड़ितों का उपचार करके जरूरी दवाइयां का वितरण किया गया।

विदित हो कि यमुना नदी में आई प्रलयंकारी बाढ़ की चपेट में आकर नगर के तरीबुलदा, रामगंज, कागजीपुरा, आलमपुर, काशीराम कालौनी, राजघाट आदि मुहल्लें तथा कई ग्राम बाढ़ के पानी में डूब गए। जबकि तटवर्ती दर्जन गांवों में जलभराव की हालत बनी हुई है, दरअसल बाढ़ का पानी उतर गया है तथा गंदगी व मालवा छूट गया है। जिलाधिकारी के निर्देशन के अनुरूप तहसील परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता, चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार, ने दवाइयां का वितरण करके स्वास्थ्य संबंधित सुझाव दिए गए।

# अलीगढ़ ने पूरे प्रदेश में मारी बाजी, संपूर्णता अभियान में प्रथम स्थान

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** नीति आयोग, भारत सरकार के निर्देशों व राज्य सरकार के मार्गदर्शन में चलाए गए संपूर्णता अभियान में अलीगढ़ ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। नीति आयोग द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में जिलाधिकारी संजीव रंजन को मेडल प्रदान किया गया। अभियान के तहत आकांक्षात्मक विकासखंड गंगीरी में स्वास्थ्य, आईसीडीएस और कृषि विभाग के कुल 5 इंडीकेटर्स पूर्णतः संतृप्त किए गए। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिले को 50 मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

अध्यक्ष जिला पंचायत विजय सिंह व ब्लॉक प्रमुख योगेश कुमार यादव ने कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। आकांक्षा हॉट में 20 विभागीय स्टॉलों पर स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन व बिक्री की गई, साथ ही मृदा परीक्षण व स्वास्थ्य जांच भी संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों से आए 118 युवक एवं 149 महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन किट का वितरण किया गया।

सम्मान पाने वालों में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज त्यागी, खंड विकास अधिकारी गंगीरी आलोक आर्य, उपायुक्त स्वरोजगार मंजू त्रिवेदी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी ए.के. दीक्षित, अपर जिला सांख्यिकी अधिकारी मनवीर सिंह एवं मुख्यमंत्री एपीओ फेलो संदीप मौर्य समेत ब्लॉक एवं ग्राम स्तरीय अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि अलीगढ़ प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व फ्रंटलाइन वर्कर्स की मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

# शमशाबाद क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ के पानी ने दस्तक दी

**महेश वर्मा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** विकासखंड शमशाबाद क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे जल स्तर के साथ गंगा विकराल रूप लेने के लिए अग्रसर है। एक दर्जन गांव में बाढ़ के पानी ने दस्तक दी जिससे निचले इलाकों के ग्रामीणों की धड़कनें तेज हो गई है।

शाहजहांपुर के मुख्य मार्ग समेत पांच रास्तों पर भी पानी चलने लगा हैह्ल अगर पानी भरने की स्थिति यही रही तो निचले इलाकों में ग्रामीण पलायन को मजबूर होंगे। गंगा के पानी ने अचानकपुर रूपपुर मंगलीपुर गुटेटी दक्षिण बि रिया डा रा ढाई घाट बांसखेड़ास मैची पुर चि तार कटरी तौफीक आदि गांव में दस्तक दे दी है। हालांकि अभी पानी हल्का पहुंचा है जबकि कटरी तौफीक गांव जलमग्न हो गया है। यहां की महिलाएं चारपाई एवं तखत पर चूल्हा रखकर खाना बना रही है। लोग ना वो से जानवरों के लिए खेतों से चा रा ला रहे हैं और उसी से आवागमन भी कर रहे हैं द्य वही अचानकपुर गढ़िया हैबतपुर के बीच मार्ग पर भी बाढ़ का पानी चलने लगा है। समैची पुरचितार जाने वाले रास्ते पर भी बाढ़ का पानी का बहाव तेज हो गया है।

शाहजहांपुर के लिए हाईवे मार्ग पर स्थित चौराहा र गांव के सामने सड़क पर 1 फुट पानी चल रहा है जिससे लोगों को आवा गबन में काफी परेशानी हो रही है। सुल्तानगंज खरे टा से कम थ री मार्ग पर भी बाढ़ का पानी भी चलने लगा है जिससे आवागमन बंद हो गया है। क म थरी गांव की रहने वाले लोग बल्लू बेटा होकर आवागमन कर रहे हैं। गंगा के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए लोग बैलगाड़ी एवं ट्रैक्टर के द्वारा आवागमन कर रहे हैं। भगवानपुर नगला सोला जटपुरा कैलि हाई ड्डरमु पुरा झौआ बाजितपुर आदि गांव के नजदीक बाढ़ का पानी पहुंच गया है। बाढ़ को देखते हुए सुल्तानगंज खरे टा एवं कमथरी गांव के ग्रामीणों के लिए नाव लगा दी गई है।

# खाद्य विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही कर जांच हेतु नमूने संग्रह किये गये

**अता उल्लाह खान संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के अनुपालन में आगामी पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम एवं खाद्य/पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 06.08.2025 को सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्धद्ध अजीत कुमार के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अक्षय प्रधान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास सिंह, श्री संजय कुमार सिंह, श्री विनोद कुमार, अरूण कुमार मिश्र एवं श्री बृज मोहन गुप्ता द्वारा निम्न कार्यवाही सम्पादित की गयी।

रेलवे रोड, शिवाजी मूर्ति के पास, कायमगंज, जनपद-फर्रूखाबाद स्थित हिमांशु गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान दुर्गा घेवर भण्डार से खाद्य पदार्थ घेवर का एक नमूना संकलित किया गया।

रेलवे क्रासिंग के पास, चीनी मिल रोड, कायमगंज, जनपद-फर्रूखाबाद स्थित राधेश्याम के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सूतफेनी व सेवइंया का एक-एक नमूना संकलित किया गया।

रेलवे रोड, कायमगंज, जनपद-फर्रूखाबाद स्थित नीरज गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ घेवर का एक नमूना संकलित किया गया। मसेनी रोड, नेकपुर चैरासी, जनपद-फर्रूखाबाद स्थित जयस कुमार प्रजापति के खाद्य प्रतिष्ठान मेसर्स ओम साई स्वीट्स से खाद्य पदार्थ पेड़ा का एक नमूना संकलित किया गया। निकट पवन कोल्ड स्टोरेज, बेवर रोड, भोलेपुर, जनपद-फर्रूखाबाद स्थित सुनील कुमार गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान जय माँ प्रोविजन स्टोर से खाद्य पदार्थ देशी घी, नमस्ते इण्डिया, सेवइंया व सोहनपापड़ी का एक-एक नमूना संकलित किया गया। बढ़पुर, जनपद-फर्रूखाबाद स्थित मनीष के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सोहनपापड़ी का एक नमूना संकलित किया गया।

## पुलिस ने दो मनबढ़ो के खिलाफ दर्ज किया केस

**गोरखपुर ।** गीडा थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी शिवशंकर यादव पुत्र अंगद यादवको 30 जुलाई की गांव के दो मनबढ़ गाली गुप्ता दे रहे थे। जिसका विरोध किया तो मनबढ़ो ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी धर्मानंद यादव,दुर्गेश यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## चोरी के दो बाइक के साथ किशोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सहजनवा गोरखपुर।** थाना गुलहरिया और रामगढ़ताल क्षेत्र से चोरी की गई दो बाइक के साथ गीडा पुलिस से गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया।

मिली जानकारी से प्रभारी निरीक्षक गीडा अश्वनी कुमार पांडेय के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज पिपरौली संतोष कुमार सिंह,महिला उपनिरीक्षक दीपा यादव,कास्टेबिल पंकज कन्नौजिया,विकास यादव बुधवार को गीडा सेक्टर 13 के पास संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि चोरी के बाइक के साथ दो लड़के अमर उजला होते हुए बाँसपार के तरफ जा रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंच गई। तो दोनों युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने एक किशोर को दौड़ा कर पकड़ लिया। जिसकी पहचान नीरज यादव पुत्र धरम देव निवासी सहीजना थाना गीडा के रूप में हुई। जबकि आजम खान पुत्र सिराजुद्दीन निवासी जगदीशपुर थाना गीडा जो मौके से फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने किशोर के पास से चोरी की दो बाइक तथा 150 रुपया बरामद किया है। पुलिस ने किशोर को गिरफ्तार कर बाल संरक्षण गृह भेज दिया है।

## दहेज में पल्सर बाइक न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**गोरखपुर ।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कटसहरा निवासी प्रियंका चौहान की शादी 21 नवम्बर 2021 को पंकज चौहान पुत्र भूपति चाहन निवासी श्यामदेउरवा जिला महराजगंज के साथ हुई थी। शादी में उपहार के रूप में परिजन 2 लाख नकद,जेवरात और अन्य सामान दिए थे। ससुराल जाने के बाद सबकुछ ठीकठाक चल रहा था। बीच में ससुराल पक्ष के लोग दहेज में पल्सर बाइक की मांग करने लगे थे। जिसके एवज में प्रताड़ना भी शुरू कर दिए। पल्सर के संबंध में मायके के लोगों से कहा था। जो असहमत जताए जिसके बाद एक बच्ची भी पैदा हो गई। इसके बाद ससुराल के लोगो का प्रताड़ना और शुरू हो गया। और मारपीट करने की आदत हो गई। और पल्सर बाइक की मांग पूरी होने पर ही घर में रखने के लिए अड़े थे। और ससुराल के लोगो ने मारपीट कर बच्ची के साथ घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति पंकज चौहान,ससुर भूपति,सास,ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## जबरन चार्जिंग निकालने का विरोध करने पर पीटा

**गोरखपुर ।** गीडा थाना क्षेत्र गहासाड निवासी सोनू पुत्र शरमांनंद अपना ई रिक्शा घर के पास खड़ा किया था। उसी दौरान पड़ोस गांव का एक मनबढ़ अपना सीएनजी ऑटो लाकर खड़ा कर दिया। और जबरन चार्जिंग निकाल कर चार्ज करने लगा। जब विरोध किया तो आरोपी गाली गलौज करते हुए अपने भाई के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी संतोष,उमेश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## मलंगा के ऊपर से बह रहा पानी, ग्रामीण परेशान

**उरई (जालौन)।** महिया व प्रतापपुरा के बीच पड़ने वाले मलंगा नाले के पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। पुल के ऊपर से बह रहे पानी के चलते लगभग आधा दर्जन गांवों के लोग परेशान हैं। उन्हें 15 किमी का चक्कर लगाकर तहसील मुख्यालय आना पड़ रहा है। जालौन से करीब चार किमी की दूरी पर प्रतापपुरा गांव स्थित है। प्रतापपुरा गांव से लगा हुआ ही महिया खास गांव है। दोनों गांवों के बीच मलंगा नाला का रपटा पुल बना हुआ है। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद मलंगा नाले में पानी बढ़ गया है। अब हालत यह है कि मलंगा नाले पर बने उक्त पुल से करीब तीन से चार फीट ऊपर पानी चल रहा है।

# संविधान विरोधी सरकार अब जाने वाली है : रामसेवक

**जया उल्लाह खान संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** मोहम्दाबाद नगर के ग्राम रोहिला (कृष्ण बलराम नगर) बूथ पर समाजवादी पार्टी विधानसभा भोजपुर की संगठनात्मक बैठक विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की व्यवस्था मनोज यादव नगर अध्यक्ष मोहम्दाबाद ने की।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मंत्री/जिलाध्यक्ष रामसेवक सिंह यादव जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा जब से देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से हर गाँव, हर गली, हर मोहल्ले में अराजकता का माहौल है, पूरा देश नफ़रत की आग से जल रहा है कहीं जातिगत आग लगी है तो कहीं धार्मिक आग बच्चों के भविष्य को ईर्ष्या के धुएं में भस्म कर रही है। वोट मांगते समय गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला सुरक्षा की बात करने बाले लोग सरकार बनने के पण्डित नेहरू की जीवनी सुनाकर ही जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। श्री यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 2027 की लड़ाई ÷करो या मरो÷ की स्थिति में लड़नी होगी। आज पूरे देश के राजनैतिक विश्लेषक और बड़े पत्रकार ये मान रहे हैं कि उत्तर प्रदेश की जनता अब बड़ा परिवर्तन करने जा रही है, इसलिए भाजपा के ये मायावी लोग कुछ भी कर सकते हैं, आज जिस तरह बिहार में नैतिक हार स्वीकार करने की जगह भाजपा और उनके सहयोगी लोग जनमत का अपहरण करने का प्रयास कर रहे हैं। उसी तरह का कोई भी षडयंत्र उत्तर प्रदेश में भी किया जा सकता है। कार्यकर्ताओं को स्थिर और सजग रहना होगा बूथों पर लड़ाई लड़नी होगी, बिना बूथ को जिताए सरकार नहीं बना सकते इसलिए अपने-अपने बूथों पर अखिलेश यादव बन जाओ अपने बूथ पर फोकस करो। कई बार हम लोकल के लोगों के दुर्व्यवहार और फूहड़ आचरण की वजह से बूथ हार जाते हैं इसलिए सभी लोग अपनी जनसेवा की भावना रखते हुए लोगों को जोड़ने का काम करो, हर जाति वर्ग की परेशानी में उनका साथ दो लोग अपने आप आपसे जुड़ते चले जाएंगे।

यादव ने नगर अध्यक्ष मनोज यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव की सराहना करते हुए कहा कि आप दोनों लोग युवा हैं और हमें खुशी है पूरी शक्ति से पार्टी संगठन को मजबूती देने का काम कर रहे हैं।

बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक श्रीमती उर्मिला राजपूत ने कहा कि बूथ का मजबूत होना ही सबसे बड़ा काम है, असली लड़ाई तो बूथ पर ही होती है बूथ कमेटियाँ बहुत ही मजबूती से बनाई जानी चाहिए और सभी बूथ पदाधिकारी ये सोचना बंद कर दें कि किसे टिकट मिलेगा या चुनाव कौन लड़ेगा, वो सिर्फ एक बात याद रखें कि हमारा साइकिल निशान है और श्री अखिलेश यादव प्रत्याशी हैं और अपना बूथ जिताना है। आज भाजपा के पास पीडीए एकता की कोई काट नहीं है इसलिए वो बौखलाए हुए लोग तमाम तरह के षड्यंत्र कर रहे हैं। भोजपुर विधानसभा में यादव मुसलमान और शाक्य समाज के जो बी.एल.ओ. तैनात थे उनको सरकार की जातीय भावना के तहत ड्यूटी से हटाया गया है ये जानकारी जो हमें मिली है इसके बारे में हम सब लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष जी एंव उच्चाधिकारियों से बात करेंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में जर्जर विद्यालयों के भवनों को चिन्हित कर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु बैठक संपन्न



**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जनपद के जर्जर विद्यालयों के भवनों के मूल्यांकन करने, नये जर्जर भवन चिंहित करने व विद्यालयों के ऊपर से निकली विद्युत लाइनों के शिफ्टिंग करने के लिये बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी विद्यालय भवन जर्जर घोषित है उनके भवनों का मूल्यांकन कर जल्द नीलामी कराई जाये, सभी विद्यालयों का नये सिरे से निरीक्षण कर जो भवन जर्जर है और जर्जर घोषित नही है उन्हें जर्जर घोषित किया जाये, जिन विद्यालयों के उपर से विद्युत लाइने निकली है उन्हें तत्काल शिफ्ट किया जाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, सभी अधिशाषी अभियंता विद्युत, लोक निर्माण विभाग व संबंधित मौजूद रहे।

# महिला डेयरी किसानों की भागीदारी के साथ श्वेतधारा की 10वीं वार्षिक आमसभा सम्पन्न, दो मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों की हुई शुरुआत

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** महिला डेयरी किसानों के नेतृत्व वाली श्वेतधारा दुग्ध उत्पादक संस्था ने बुधवार को अयोध्या द्वारकापुरी हसनपुर स्थित झुनझुनवाला इंस्टीट्यूट में अपनी 10वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन किया। इस मौके पर दो नई मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स का शुभारंभ किया गया, जो पहले चरण में बहराइच क्षेत्र में पशुपालकों को घर-आधारित पशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। सभा में 500 से अधिक महिला सदस्य मौजूद रहीं, जिन्होंने संस्था की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। उल्लेखनीय है कि पिछले वित्तीय वर्ष में संस्था की लगभग पांच हजार सदस्य 'लखपति दीदी' बनकर आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर चुकी हैं, जो संस्था के सामाजिक व आर्थिक प्रभाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अध्यक्षता कंपनी की चेयरपर्सन हंसा मिश्रा ने की। मंच पर उनके साथ श्वेतधारा के मुख्य कार्यकारी रोहित कुमार, टाटा ट्रस्ट के विशेषज्ञ निदेशक राकेश सिंह व स्वामित्व बोर्ड की महिला सदस्यगण उपस्थित रहे। इस वर्ष की ‹त्ररू का सबसे उल्लेखनीय पहलू दो मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स की लॉन्चिंग रही। डेयरी सर्विसेज (ह्ष्ठस्) के सहयोग से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों के पशुपालकों को घर बैठे पशु चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह सेवा विशेष रूप से महिला डेयरी किसानों को लक्षित करते हुए उनकी उत्पादकता और पशु स्वास्थ्य सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सृजनी दुग्ध उत्पादक संस्था के मुख्य कार्यकारी लखविंदर सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने श्वेतधारा की सदस्य केंद्रित कार्यशैली, नवाचारों और महिला नेतृत्व को ग्रामीण भारत के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बताया। सभा के समापन पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, नृत्य और नाटकों के माध्यम से संगठनात्मक एकता और मूल्यों को प्रस्तुत किया गया। श्वेतधारा की यह 10वीं वार्षिक आमसभा केवल एक औपचारिक बैठक नहीं रही, बल्कि यह महिला नेतृत्व, नवाचार और सामुदायिक विकास की दिशा में संगठन की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बन गई।

## दर्शन नगर हनुमान मंदिर की पुनः स्थापना में विशाल भंडारे का आयोजन

**अयोध्या।** महानगर निगम वार्ड संख्या 204 दर्शन नगर बाजार में हनुमान मंदिर की पुन स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा 6 दिवसीय कार्यक्रम में कल बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे 6000 हजार लगभग भक्तगढ़ प्रसाद ग्रहण किए जिसमें मुख्य यजमान संतोष बेलदार, मौके पर अयोध्या विधानसभा के भाजपा नेता विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता, संजय कौशल, पार्षद मनीष चौधरी,पूर्व सांसद सुपुत्र विकास सिंह,संयोजक व्यापार अधिकार मंच भाजपा नेता सुशील जायसवाल,व्यापार मंडल अध्यक्ष राम मिलन विश्वकर्मा, समाजवादी पार्टी उपाध्यक्ष रत्नेश जायसवाल,रनर प्रत्याशी पार्षद सिकंदर चौधरी ,सपा नेता राजबली यादव,सपा नेता सूरज वर्मा,अधिकार मंच प्रवक्ता विश्व प्रकाश रूपन,मंडल उपाध्यक्ष संजय गुप्ता,मंडल उपाध्यक्ष अरविंद पाण्डेय,ओबीसी जिला मंत्री अरविंद गुप्ता एडवोकेट,राजकुमार गुप्ता, रमेश गुप्ता, हौसला प्रसाद गुप्ता,विवेक सिंह,यतींद्र सिंह,विनोद मिश्रा, निर्मल गुप्ता (कल्लू), संदीप गुप्ता,अरविंद गुप्ता,सानू गुप्ता,सोनू गुप्ता,आकाश गुप्ता,दीपू गुप्ता,प्रदीप साहू,रामा गुप्ता,अरविंद चौरसिया, अमित मोदनवाल, मनोज गुप्ता रामजन्म विश्वकर्मा, आदि समस्त दर्शन नगर एवं क्षेत्रवासीगण।

# अयोध्या वासियों ने बताई समस्याएं, महापौर ने कराया समाधान



**अयोध्या।** अयोध्या धाम के निवासियों ने नगर निगम के कैंप कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई, जिनका महापौर ने महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने त्वरित समाधान कराया। जनसुनवाई के दौरान कुल 22 लोगों ने अपनी समस्याएं बताई, इसमें से 15 का तत्काल समाधान कराया गया। अन्य शिकायतों की जांच कर एक सप्ताह में निदान करने का निर्देश दिया।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान गोपाल दास ने बनवारीपुरवा में आवेदन करने के बावजूद बिजली कनेक्शन न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर महापौर ने अधिशासी अभियंता विद्युत को कॉल कर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। रजनी देवी ने घर के सीवर लाइन को सीवर लाइन में कनेक्शन करने की मांग की, जिस पर महापौर ने तत्काल कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए।

कंधरापुर के लोगों ने मुलाकात कर बताया कि 12 लोगों को पेयजल व प्रकाशकी सुविधा नहीं मिल रही है। इस पर महापौर ने समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिया। बिरला धर्मशाला में जमा कचरा हटाने का निर्देश दिया। इसके अलावा नामांतरण, कर निर्धारण, जल भराव एवं पेयजल से संबंधित शिकायतें आई, जिनका समाधान कराया गया। इस मौके पर नगर निगम के जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गोविंद पाण्डेय, अवर अभियंता भरत सिंह, पार्षद अंकित त्रिपाठी, अभय श्रीवास्तव, पार्षद प्रतिनिधि रिशु पांडेय, भाजपा नेता अखिलेश पांडेय, रमेश राना, कौशलेंद्र पांडेय, मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, रविंद्र शर्मा, रज्जू मिश्र आदि मौजूद रहे।

### अहिराना में जलभराव का लिया जायजा

महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने पार्षद अंकित कुमार त्रिपाठी के साथ अहिराना मोहल्ला जाकर जल भराव की शिकायत को मौके पर देखा और जल निकासी का प्रबंध करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीवर का पानी किसी भी दशा में लोगों के घरों के पास नहीं आना चाहिए। उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया और पंप को निरंतर चालू रखने की हिदायत दी। इस दौरान जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्त , मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश झा भी मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार छुपाने के लिए खड़ा किया जा रहा है नया भ्रष्टाचार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामबली इंटर कॉलेज, गोसाईगंज में वेतन भुगतान से जुड़ा फर्जीवाड़ा अब गंभीर वित्तीय घोटाले का रूप लेता जा रहा है। जहां पहले शिक्षा विभाग की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही थी, अब स्वास्थ्य विभाग भी सवालों के घेरे में आ गया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग ने वेतन भुगतान को महज ÷त्रुटिवश÷ किया गया कार्य बताया है। लेकिन सवाल यह है कि यदि यह मात्र त्रुटि थी, तो वेतन बिल पर विभागीय अधिकारियों के हस्ताक्षर कैसे हो गए? वेतन बिल पूर्व में उच्चाधिकारियों को भेजा जा चुका है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह कोई साधारण भूल नहीं, बल्कि सुनियोजित अनियमितता है।

इस मामले में जब संयुक्त निदेशक (जेडी) कार्यालय द्वारा किए गए निस्तारण की पड़ताल की गई, तो वहां भी बड़ी गड़बड़ी सामने आई। निस्तारण पत्र में ÷कृते÷ शब्द का प्रयोग कर किसी अन्य अधिकारी से हस्ताक्षर कराए गए हैं, जिससे स्पष्ट है कि जेडी कार्यालय की ओर से भी पल्ला झाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में जब संयुक्त निदेशक से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनका फोन नहीं उठाया गया। इससे मामले को लेकर संदेह और गहरा गया है कि आखिर क्यों जिम्मेदार अधिकारी मीडिया और जनता के सवालों से बच रहे हैं?

लोगों द्वारा तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा जा रहा है अब भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए एक नया भ्रष्टाचार खड़ा किया जा रहा है। ÷त्रुटि÷ और ÷कृते÷ जैसे शब्दों के जरिए जवाबदेही से बचने की कोशिश हो रही है, जो बेहद चिंताजनक है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, स्वतंत्र और उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए ताकि इस फर्जीवाड़े में शामिल हर अधिकारी और कर्मचारी को न्याय के कटघरे में लाया जा सके। सबसे गंभीर सवाल यह उठता है कि वेतन बिल पर वेतन प्राप्तकर्ता सरोज कुमार द्विवेदी के हस्ताक्षर दोनों विभागों में मौजूद हैं। क्या ÷त्रुटिवश÷ वेतन वितरित करने का यह नया तरीका है? सरकार ग्रांट तयशुदा संख्या और कर्मचारियों के अनुपात में ही जारी करती है, जिसमें लेखा-जोखा साफ-सुथरा होता है। फिर इतनी बड़ी ÷त्रुटि÷ कैसे हो गई? फिलहाल एक ही जांच में इतने घोटाले उजागर हो चुके हैं, लेकिन जानकारों का कहना है कि यह तो सिर्फ शुरुआत है– असल खेल अभी बाकी है।

# उत्तर रेलवे के डीआरएम को लखनऊ में ज्ञापन देती सभासद आरती जयसवाल

## भूमिका रियल्टी अयोध्या के लिए अमित तिवारी को सेल्स हेड नियुक्त किया



**गोसाईगंज-अयोध्या।** लखनऊ-बाराबंकी -जौनपुर-वाराणसी रेल खंड स्थित गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर कैफियत,कोटा-पटना, अमृतसर -जलियांवाला बाग,सरयू- यमुना तथा वाराणसी से लखनऊ के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन के ठहराव तथा सुबह 8 बजे से शाम 20 बजे तक (कुल 12 घंटे) आरक्षण टिकटों की बिक्री बहाल किए जाने को लेकर गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमर नाथ बर्फानी सेवा समिति (रजि0) की अध्यक्ष श्रीमती आरती जयसवाल बुधवार को मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा से उनके ऑफिस में मिली तथा मांग पत्र देकर जनहित में गोसाईगंज स्टेशन पर उपरोक्त सुविधाओं को बहाल किए जाने की मांग की।मंडल रेल प्रबंधक श्री वर्मा को श्री मती जायसवाल ने बताया कि बीते 03 दिसंबर को अयोध्या कैंट स्टेशन पर तैनात वाणिज्य निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने भी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को पत्र लिखकर गोसाईगंज स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12225/26 का 6 माह के लिए प्रायोगिक ठहराव किए जाने की संस्तुति भी की लेकिन परिचालन से जुड़े अधिकारियों ने 23 किमी0 पहले अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर कैफियत का ठहराव बताकर कम दूरी होने तथा परिचालन दृष्टि से उचित न होने का बहाना बताकर गोसाईगंज में इस ट्रेन के ठहराव को एक सिरे से खारिज कर दिया।जब कि आजमगढ़ से सरायमीर स्टेशन की दूरी 25 किमी 0,सरायमीर से खोरासन रोड 10,खोरासन रोड से शाहगंज 20 किमी,शाहगंज से मालीपुर की दूरी 25,मालीपुर से अकबरपुर की दूरी 19, अयोध्या से अयोध्या कैंट की दूरी 7किमी,बाराबंकी से बादशाह नगर की दूरी 24, बादशाह नगर से ऐशबाग की दूरी 09 किमी0 होने के साथ ही उन्नाव से कानपुर की दूरी 18 किमी0 तथा दिल्ली से गाजियाबाद स्टेशन की दूरी 21 किमी0 है फिर भी वहां पर कैफियत का ठहराव दिया गया है। दिए गए मांग पत्र में उन्होंने सवाल किया कि कैफियत का ठहराव अगर 23 किमी0 दूर गोसाईगंज में नहीं हो सकता है तो उपरोक्त स्टेशनों पर किए गए इस ट्रेन के ठहराव का आधार एवं मानक क्या है?गाड़ी का ठहराव किए बिना उसकी वाणिज्यिक आय कैसे प्राप्त हो सकती है? कहा कि गोसाईगंज स्टेशन पर आरक्षण सुबह 8 बजे से शाम 20 बजे तक चलाने हेतु सारे संसाधन एवं कर्मचारियों की उपलब्धता उपलब्ध है बावजूद सीनियर डीसीएम की लापरवाही से लोगों को इसकी सुविधा नहीं मिल पा रही हैं।जब कि गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर 12 घंटे पीआरएस चलाये जाने के अतिरिक्त उपरोक्त पांचो ट्रेनों के ठहराव के लिए बीते दिनों क्षेत्रीय विधायक अभय सिंह,सांसद राम शिरोमणि वर्मा,निवर्तमान सांसद रितेश पांडेय,सांसद लालजी वर्मा,पूर्व सांसद एवं अयोध्या-अम्बेडकरनगर के एमएलसी हरिओम पांडे भी कई बार रेलमंत्री सहित अन्य को पत्र भेज चुके है।बावजूद विभाग अंबेडकर नगर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गोसाईगंज विस0 मुख्यालय स्थित इस स्टेशन पर रेल यात्रियों को पर्याप्त सुविधा नहीं उपलब्ध करा पा रहा है।कैफियत,सरयू-यमुना, कोटा- पटना, अमृतसर - जलियांवाला बाग सहित वाराणसी से लखनऊ के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन को पकड़ने के लिए रेल यात्रियों को अकबरपुर एवं अयोध्या तक भाग दौड़ करना पड़ता है।डीआरएम श्री वर्मा ने सभासद श्रीमती जायसवाल को बताया कि अभी मैंने जल्द ही यहां ज्वाइन किया है रेल यात्रियों की सुविधा के लिए हम इसको दिखवाते है।

# स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं को चुस्त व दुरुस्त करने के नाम पर यह क्या हो रहा

- स्वास्थ्य विभाग में चल रहा ट्रांसफर- पोस्टिंग का खेल
- कर्मचारियों को काला पानी की सजा के नाम पर सुनबा या देवगांव भेजने का दिखाया जा रहा भय
- आयुष फार्मासिस्टों के भरोसे हुई सीएचसी मिल्कीपुर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त व दुरूस्त करने के नाम पर स्वास्थ्य विभाग में बड़ा खेल हो रहा है। भले ही प्रदेश सरकार ने ट्रांसफर नीति को शून्य घोषित कर विभाग के चिकित्सकों व कर्मचारियों को बढ़ी राहत दी है, किन्तु अयोध्या जनपद में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को ताश के पत्तों की तरह फेंटा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग में सीएमओ की ओर से खेले जा रहे ट्रांसफर पोस्टिंग के खेल से कर्मचारी आजिज आ गए हैं। फार्मासिस्ट संघ तो अब बगावत के मूढ़ में आ गया है। किसी भी समय कर्मचारी बडे आन्दोलन के लिए बाध्य हो सकते हैं।

***सीएचसी मिल्कीपुर अब आयुष के फार्मासिस्टों के भरोसे***

सीएमओ द्वारा खेले जा रहे स्थानांतरण का निशाना सीएचसी मिल्कीपुर में देखने में आया है। जहां फार्मासिस्टों के न रहने से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार सीएचसी मिल्कीपुर में एक चीफ फार्मेसिस्ट और तीन फार्मेसिस्ट कुल चार लोग तैनात थे। चीफ फार्मेसिस्ट राशी कान्त सोनी पैर फेक्चर होने के कारण 20 मई 2025 से मेडिकल अवकाश पर है। योगेन्द्र त्रिपाठी फार्मासिस्ट 27 जुलाई से सावन मेला अयोध्या ड्यूती पर है। रामशंकर फार्मेसिस्ट का स्थानांतरण मिल्कीपुर से सीएचसी हैदरगंज कर दिया गया। चौथे फार्मासिस्ट संतोष मिश्रा वीमार होने के कारण मेडिकल अवकाश पर (डिप्रेशन) में है। अब सीएचसी को संभालने के लिए अब दो संविदा आयुष फार्मासिस्टों से एलोपैथिक दवाये बंटवाई जा रही है। यही नहीं इमरजेंसी भी आयुष फार्मासिस्टों से कराई जा रही है।अकेली सीएचसी मिल्कीपुर ही नहीं जिले की अन्य सीएचसी पर भी ऐसे ही खेल किया जा रहा है। सीएचसी सोहावल में भी कनिष्ठ लिपिक किरन सिंह को हटाया गया है।

***काला पानी से कम नहीं सुनबा व देवगांव***

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए काला पानी की सजा सीएचसी सुनबा या देवगांव बन गए हैं। पहले कर्मचारियों को देवगांव या सुनबा स्थानांतरित करने का भय दिखाया जाता है। बाद में उनको वापस उनके पूर्व कार्यस्थल या अगल बगल पोस्ट कर दिया जाता है। जिला मुख्यालय से काफी दूर व सही रास्ता न होने के कारण वहां कोई कर्मचारी नियुक्ति नहीं चाहता। ऐसे में सीएमओ के पास कर्मचारियों को भय दिखाने के लिए देवगांव व सुनबा सीएचसी भेजने का डर एक बहाना बन गया है। क्यों किए जा रहे स्थानांतरण ? वैसे तो चिकित्सक या कर्मचारी कुछ खुलकर नहीं कहते, किन्तु दबी जुबान से कर्मचारी इसके पीछे भारी भ्रष्टाचार की आशंका व्यक्त करते हैं। कर्मचारी तो अब यहां तक कहने लगे हैं कि इतनी बड़ी संख्या में ट्रांसफर पोस्टिंग के चक्कर में भ्रष्टाचार निवारण संगठन के हत्थे चढ़े पूर्व सीएमओ डा हरी ओम श्रीवास्तव के समय भी नहीं किए गए थे।

## सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी गंभीर

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पुरन्दरपुर थानाक्षेत्र के मोहनापुर निवासी मुन्ना सिंह और उनकी पत्नी मंगलवार सुबह छः बजे के लगभग लेहड़ा मंदिर दर्शन के लिए बाइक से जा रहे थे। अभी वह हाईवे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी के सामने पहुंचे ही थे तभी गोरखपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप घायल हो गए। उन्हें तत्काल सीएचसी बनकटी में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए गोरखपुर रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही मुन्ना सिंह की मौत हो गई। उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल थी, जिन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है वहीं मुन्ना सिंह का अंतिम संस्कार अमहवा घाट पर रात सात बजे के करीब किया गया।

# ईशान ने 12वीं की परीक्षा में तीसरा रैंक हासिल किया

**अवधनामा संवाददाता**




महराजगंज। स्थानीय कस्बे में स्थित लिटिल फ्लॉवर स्कूल के आईसीएससी बोर्ड की 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में ईशान जायसवाल ने 91 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा रैंक हासिल किया हैं। इनकी सफलता पर परिजनों में काफी उत्साह हैं। ईशान जायसवाल ने बताया कि परीक्षा की तैयारी मै काफी पहले से कर रहा था। नियमित पढ़ाई करके और बढ़ो के आशीर्वाद से यह सफलता हासिल हुआ हैं। बताते चले ईशान काफी प्रतिभाशाली छात्र है हाईस्कूल की परीक्षा में भी उन्होंने अच्छा अंक प्राप्त किया था। एक बार फिर 12 वीं की परीक्षा में बेहतर अंक आने से परिजनों में काफी उत्साह हैं। ईशान की सफलता पर पिता प्रभात जायसवाल, माता, दादी, बुआ एसडीएम कल्पना जयसवाल, अनिल वर्मा, अमित श्रीवास्तव, मार्कण्डेय द्विवेदी, सहित काफी संख्या में लोगों ने बधाई दिया हैं।

## लिटिल स्टार एकेडमी में स्मार्ट कंप्यूटर लैब का शुभारंभ

**सिसवा बाज़ार (महराजगंज)।** विकास खण्ड सिसवा के ग्राम हरपुर पकड़ी स्थित लिटिल स्टार एकेडमी में स्मार्ट कंप्यूटर लैब का शुभारंभ गोरखनाथ मंदिर के भारत नेपाल सीमा के सोनौली शाखा के महंथ शिव नारायण दास व शम्भू नाथ महाराज द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम अध्यापक से ही विज्ञान की उत्पत्ति हुई है ऐसे में मौजूदा भौतिक युग में कंप्यूटर की शिक्षा आवश्यक है यह कंप्यूटर लैब विद्यालय के बच्चों को आधुनिक शिक्षा से परिपूर्ण करने में सहायक होगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पवन प्रजापति ने उपस्थित अतिथियों का अभिवादन किया। इस दौरान कोठीभार प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ,अरुण पाठक, मनोज धर दुबे, ओ ए जोसेफ, विवेक चौरसिया, दया शंकर सिंह, विनोद गिरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी को बच्चियों ने बांधी राखी, साथ खाया खाना

- जिलाधिकारी ने किया कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण
- आवासीय परिवेश को बेहतर करने का दिया निर्देश



**महराजगंज।** बुधवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा कस्तूरबा विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा, मेस, विद्यालय के प्रांगण का जमीनी हकीक़त जाना।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले बच्चियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चियों से उनके परिवार, शैक्षणिक अभिरुचि, भविष्य में वो क्या बनना चाहती हैं आदि विषयों पर चर्चा की। बच्चियों से जिलाधिकारी ने उनके पाठ्यक्रम से संबंधित सवालङ्कजवाब भी किया। बच्चों से ड्राइंग, गणित, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान आदि विषयों पर सवाल पूछा। बच्चों ने भी जिलाधिकारी से डीएम के कार्यों और कैसे डीएम बन सकते हैं जैसे सवाल किए। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा की बच्चियों के साथ मिड डे मील में भोजना किया। मिड डे मील में सभी ने पूड़ी, चावल, दाल, सब्जी और सलाद बना था। जिलाधिकारी ने मिड डे मील गुणवत्ता को बेहतर करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने आवासीय परिसर की सुरक्षा हेतु चौबीस घंटे शिफ्टवार सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय में लगे सीसीटीवी का कंट्रोल जनपदस्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में अधिकृत व्यक्तियों का नियमानुसार प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर बीएसए ऋद्धि पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## अयोध्या में 'आस्था पथ' का भव्य निर्माण अंतिम चरण में

**अयोध्या।** रामलला के भक्तों की यात्रा अब और अधिक सहज व दिव्य हो गई है। अयोध्या में 'आस्था पथ' का निर्माण अंतिम चरण में है। यह पथ भक्ति पथ, राम पथ और जन्मभूमि पथ को जोड़ते हुए श्रद्धालुओं को राम गुलेला से सीधे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक पहुंचाएगा। 0.225 किलोमीटर लंबा यह मार्ग ?5 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। योगी सरकार की यह पहल रामनगरी अयोध्या की सांस्कृतिक गरिमा को आधुनिक स्वरूप दे रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे इस पथ में ड्रेनेज, यूटिलिटी डक्ट, जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइटिंग व फर्नीचर की व्यवस्था की जा रही है।

आस्था पथ केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि श्रद्धा, संस्कृति और सनातन परंपरा का प्रतीक बनकर अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर एक नया आयाम दे रहा है।

# सातवें दिन लोकगीत कार्यशाला का हुआ समापन

*अवधनामा संवाददाता*



**मिठौरा(महराजगंज)।** रामनरायण फुल बदन इंटर कॉलेज भागाटार मिठौरा में बुधवार को कजरी कार्यशाला के समापन अवसर पर उत्साह पूर्वक छात्र एव छात्राओं ने बढ़-चड़ कर हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों को प्रशिक्षक दिग्विजय मौर्य ने बनारसी कजरी गीत का बोल की हरे रामा झंखे सबै बृज लाला सिखाया।

प्रशिक्षक ने ना आए नंदलाला ए हरि व क ईसे जाऊ भरन गगरिया श्याम रोके डगरिया ना और गोरी झूली गई झूलुआ हजार में सावन के बहार में ना,एवम बनारसी कजरी लछुमन कहां जानकी होईहे एहीशन विकट अन्हरिया ना सभी गीतों को गाकर प्रशिक्षक ने छात्र एव छात्राओं को धून को बहुत ही बारीकियां से समझाया भी उसके बाद सामूहिक रूप से सभी छात्र एवं छात्राओं से गवाया भी। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विशिष्ट अतिथि मिठौरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामहरख गुप्ता व भाजपा नेता ओमप्रकाश पटेल रहे। अतिथियों ने कजरी कार्यशाला में भाग लिए छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मिठौरा पुलिस चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार, विद्यालय के प्रबंधक दिनेश कुमार मिश्रा ,प्रधानाचार्य दिलीप कुमार मिश्रा, अमरनाथ गुप्त, रामप्रताप तिवारी, अरविंद यादव, अभिषेक नायक, राजकुमार यादव, प्रवीण पांडे, सुमन चौधरी , राकेश त्रिपाठी, सूरज कुमार, दीपंकर कुमार, ऋतुराज त्रिपाठी, सुधाकर कुमार, अरूण मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# एडीजी लखनऊ जोन द्वारा आगामी त्योहार को लेकर दिया आवश्यक निर्देश




**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ, जोन सुजीत पाण्डेय द्वारा आगामी त्यौहार रक्षाबंधन वह जन्माष्टमी की दृष्टिगत शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपद अंबेडकरनगर का भ्रमण किया गया।

सर्वप्रथम रिजर्व पुलिस लाइन में अपर पुलिस महानिदेशक,लखनऊ जोन,लखनऊ को सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गई एवं पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र,अयोध्या, प्रवीण कुमार, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभागार में अपराध एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत गोष्ठी की गई। गोष्ठी में पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र,अयोध्या, पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार , समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी एवं समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ, जोन लखनऊ द्वारा आगामी त्यौहार रक्षाबंधन व जन्माष्टमी पर सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध की समीक्षा की गई एवं भीड़ व संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी गश्त एवं सतर्क निगरानी हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही महिला सम्बन्धी अपराधों एवं हत्या, लूट , डकैती, चोरी, साइबर अपराध, रिक्रूट आरक्षियों के बुनियादी प्रशिक्षण का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता पाठ्यक्रम की प्रगति अनुशासन शारीरिक दक्षता अभ्यास एवं ड्रिल आदि की समीक्षा की गई।

एडीजी महोदय ने प्रशिक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के प्रत्येक आयाम में उच्चतम मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भावी पुलिसकर्मी न केवल शारीरिक रूप से सक्षम हों, बल्कि नैतिक रूप से भी दृढ़ और समाज के प्रति संवेदनशील बना सकें। सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आम जनता के साथ संवेदनशील पारदर्शी और कानून सम्मत व्यवहार किया जाए तथा अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए।

# संयुक्त चेकिंग में बिना रॉयल्टी के संचालित तीन ट्रक सीज



**अल्ताफ उल्ला खान संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी जी के निर्देशन में आज दिनांक 06-08-2025 की प्रातः जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा थाना मऊदरवाजा की टीम द्वारा बघार पर खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग में तीन ट्रक ऐसे पाए गए जिनकी खनन विभाग की रॉयल्टी जमा नहीं थी तथा इनमें से 02 ट्रक ओवरलोड थे। इन तीनों ट्रकों को मेडिकल कालेज पुलिस चौकी बघार पर सीज कर दिया गया तथा खनन विभाग द्वारा रुपए 96600/- तथा परिवहन विभाग द्वारा रुपये 97000/- का जुर्माना लगाया गया।

इसके अतिरिक्त दो अन्य ओवरलोड ट्रकों को बघार से पकड़कर सीज किया गया तथा उन पर रू 69000/- का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार आज की कार्यवाही में खनन विभाग द्वारा रुपये 96600/- तथा परिवहन विभाग द्वारा रुपये 166000/- का जुर्माना वसूल किया गया है। यह औचक कार्यवाही आगे भी जारी रहेगीं।

# कजरीतीज की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा बैठक।

**अवधनामा संवाददाता**




**गोंडा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा आगामी कजरीतीज की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आयोजन को भव्य, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियों की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएं।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि कजरीतीज कांवड़ जलाभिषेक में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और जिम्मेदारी का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल व्यवस्था, साफ-सफाई, मंदिरों के आसपास बैरिकेटिंग, नदी में बैरीकेटिंग जल लगाकर, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं (स्वास्थ्य कैम्प), यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सभी जरूरी सुविधाओं की समय से व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, ड्रोन निगरानी व महिला सुरक्षा की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि आयोजन के दौरान यदि किसी भी विभाग की लापरवाही या उदासीनता पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेते हुए कार्यों को समय से पहले पूर्ण करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर , उप जिलाधिकारी कर्नलगंज, पुलिस क्षेत्राधिकार करनैलगंज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 840 ग्राम गांजा के साथ किया गया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान ग्राम खजुरिया मोड़ के पास किराने की दुकान के पीछे से अभियुक्त शनी गुप्ता पुत्र देवी प्रसाद गुप्ता निवासी कटरा भोगचन्द थाना नवाबगंज गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 840 ग्राम गांजा व बिक्री से प्राप्त रु0 300/- बरामद किया गया।

दिनांक 06.08.2025 को थाना नवाबगंज के उ0नि0 संजीव सिंह मय हमराह क्षेत्र भ्रमण व चेकिंग में रवाना थे। कटरा तिराहा पर चेकिंग के दौरान सूचना प्रात हुई की एक व्यक्ति ग्राम



खजुरिया मोड़ के पास किराने की दुकान के पीछे गांजा की तस्करी कर रहा है, उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा अभियुक्त शनी गुप्ता पुत्र देवी प्रसाद गुप्ता निवासी कटरा भोगचन्द थाना नवाबगंज गोण्डा को गिरफ्तार कर तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 840 ग्राम गांजा व बिक्री से प्राप्त रु0 300/- बरामद हुआ। थाना स्थानीय पर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 279/2025 धारा 8/20 का अभियोग पंजीकृत कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कराकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## पुलिस ने 930 ग्राम गांजा के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**गोंडा।** थाना छपिया पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मसकनवां रोड पर बुक्कनपुर मजार के पास से अभियुक्त इस्माइल पुत्र मो0 इब्राहिम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 930 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

6 अगस्त को थाना छपिया के थानाध्यक्ष संजीव वर्मा मय हमराह शान्ति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण व चेकिंग में रवाना थे। मसकनवां रोड पर बुक्कनपुर मजार के पास चेकिंग के दौरान इस्माइल पुत्र मो0 इब्राहिम नि0 कमालपुर थाना छपिया को गिरफ्तार कर तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 930 ग्राम गांजा बरामद हुआ। थाना स्थानीय पर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कराकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# डीएम ने किया आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण




**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, उपकेन्द्र हनुमानगढ़िया, विकास खण्ड नौगढ़ पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा एएनएम से गर्भवती महिलाओं की सभी प्रकार की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। गर्भवती महिला की अपने सामने जिलाधिकारी द्वारा जांच कराया गया। गर्भवती महिलाओं की एचआरपी जांच के लिए एएनएम के पास स्ट्रिप उपलब्ध था। एमसीपी कार्ड पर आरसीएच नम्बर गलत अंकित था। ड्यू लिस्ट अपडेट नही थी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सैम-मैम बच्चों का रजिस्टर देखा गया तथा सैम मैम बच्चों को पोषाहार का वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। एचआरपी रजिस्टर पूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएचओ जय ललिता, एएनएम सरिता गुप्ता पर अनुशासनिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीएचएनडी दिवस में गर्भवती महिलाओ की गोदभराई, अन्नप्रासन्न कराये तथा पोषाहार का वितरण कराये।

# पराविधिक स्वयं सेवकों के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विरजेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर हेतु 1 वर्ष के लिए चयनित किये गये पराविधिक स्वयं सेवकगण का प्रथम प्रशिक्षण बुधवार को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय परिसर में स्थित एडीआर भवन कक्ष में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विरजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा वीरेंद्र कुमार अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सों एक्ट, अनुभव कटियार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शैलेन्द्र नाथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अश्वनी कुमार मिश्र चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम फराज अहमद डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम एवं जयशंकर प्रसाद मिश्र सदस्य स्थायी अदालत की उपस्थिति में दीप प्रज्वल्लित कर व मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यापर्ण कर किया गया। इस अवसर पर चयनित पराविधिक स्वयं सेवकगण व कर्मचारी मौजूद रहे।

जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह ने चयनित पराविधिक स्वयं सेवकगण को उनके कर्तव्य व दायित्वों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम लागू होने के बाद से जिला विधिक प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समिति दिन-प्रतिदिन अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रयत्नशील है। अधिकाधिक लोगों तक विधिक सेवायें उपलब्ध कराने का प्रयत्न कर रही हैं।

इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र नाथ द्वारा पराविधिक स्वयं सेवकों के उनके कर्तव्यों, दायित्वों तथा समाज में उनकी भूमिका के विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक के रूप में मनोज कुमार तिवारी विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0, पी0ए0एक्ट), श्रीमती स्वाती आनन्द प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, राघव प्रसाद त्रिपाठी मीडियेटर/ अधिवक्ता, सुशील चन्द्र शुक्ल मीडियेटर/अधिवक्ता, अश्वनी कुमार मिश्र चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम, महिपाल सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, देवेन्द्र प्रताप सिंह जिला पूर्ति अधिकारी, विनय कुमार सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं उज्जवल त्रिपाठी द्वारा कानून के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# पुलिस को मिली सफलता, एक अभियुक्त को गिरफ्तार

- **शोहरतगढ़ क्षेत्र के निर्माणाधीन पुस्तकालय में महिला की हत्या कर लाश को छिपा देने की घटना का अनावरण**

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** विगत 4 अगस्त की सुबह को थाना शोहरतगढ़ क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन लाईब्रेरी में एक अज्ञात महिला का शव मिला था, जिसकी सूचना पर उच्चाधिकारीगणों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर शव की शिनाख्त हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। जिस पर थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल शव को कब्जे में लेकर शव के शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे थे।

उक्त महिला के शव की शिनाख्त निम्बू पुत्री स्व0 रूप नारायन मांझी निवासी हरकटवा थाना गौनाहा जनपद पश्चिमी चम्पारण राज्य बिहार हाल पता थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में की गयी तथा थाना शोहरतगढ़ पर बृजविहारी पुत्र रुपनरायण मांझी निवासी हरकटवा थाना गौनहा जनपद पश्चिमी चम्पारण राज्य बिहार द्वारा लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि उसकी बहन बगल के गाँव निवासी शिव वालक के साथ लाईब्रेरी में मजदूरी का काम करती थी कि शिववालक द्वारा उसकी हत्या कर शव को मिट्टी खोदकर गाड़ दिया गया। लिखित तहरीरी सूचना पर तत्काल थाना शोहरतगढ़ पर मु0अ0सं0 124/2025 धारा 103(1),238 बीएनएस पंजीकृत कराया गया। डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल प्रयवेक्षण में बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ मय टीम व जनपदीय एसओजी पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित संयुक्त टीम द्वारा उच्चकोटि की पतारसी, सुरागरसी करते हुये वैज्ञानिक/इलेक्ट्रॉनिक तरीको का प्रयोग करते हुये संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ कर घटना मे संलिप्त अभियुक्त शिवबालक पुत्र हरिनाथ राम साकिन सिंघासिनी टोला वार्ड न. 06 थाना सहोद्रा जिला पश्चिमी चम्पारण राज्य बिहार को गिरफ्तार कर, उसकी निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त आला क़त्ल (सीमेंट का चक्का) बरामद करते हुये उक्त सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण किया गया।

बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसपी ने बताया कि अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि मृतका नींबू कुमारी से अवैध सम्बन्ध था, जिसे मजदूरी करने के बहाने बिहार से सिद्धार्थनगर लेकर आया था, यहां में उसे अपनी पत्नी बताकर, पत्नी के रूप मे अपने साथ रखता था, जिससे मृतका नींबू कुमारी प्रेग्नेंट हो गयी थी, परंतु शिव बालक उसे अपना बच्चा नहीं मानता था, उसको निम्बू कुमारी का किसी और से भी अवैध सम्बन्ध का शक था, जिसके कारण अभियुक्त शिव बालक उस गर्भ मे पल रहे बच्चे को नष्ट करने के लिए दबाव बना रहा था, मृतका नींबू कुमारी बच्चे को नष्ट नहीं करना चाहती थी। उक्त बच्चे व महिला से पीछा छुड़ाने के लिए एक दिन शिवबालक ने निर्माणाधीन पुस्तकालय में रखे, सीमेंट के चक्की से नींबू पर हमला कर दिया, जिससे उसके सर व जबड़े पर चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गई, जिसके उपरांत शिवबालक ने लाश को वही मिट्टी खोद छिपा दिया था। ट्रेन पकड़कर बिहार चला गया। ठेकेदार को बताया कि मै और निम्बू बिहार जा रहे हैं।

# तक्षशिला एकेडमी में ओडिशा नृत्य की छात्रों द्वारा की गई प्रस्तुति



**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर नगर।** प्रतिष्ठित विद्यालय तक्षशिला अकादमी में कला एवं संस्कृति को समर्पित 'स्पिक मैके' कार्यक्रम के अंतर्गत पद्मश्री गीता मलिक जी द्वारा ओडिसी नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उनके साथ प्रतिष्ठित वादक श्री हरी नारायणदास, श्री प्रशांत महाराज, श्री आज़ाद साक़िल तथा संगीता मुत्रे भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में गीता मलिक जी ने नृत्य की विभिन्न मुद्राओं, अभिव्यक्तियों और पारंपरिक ओडिसी नृत्य की समृद्ध विरासत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की महत्ता, उसकी शैली और अभिव्यक्ति के माध्यम से भाव संप्रेषण की विधियों के बारे में ज्ञानवर्धन किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अभिषेक तिवारी जी एवं प्रबंधक श्री रितेश पांडे जी ने गीता मलिक जी और उनके दल का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से छात्र न केवल हमारी प्राचीन परंपराओं से जुड़ते हैं, बल्कि उनमें कला के प्रति सम्मान और रुझान भी उत्पन्न होता है।

# गोदाम से सरकारी गल्ला ले जा रहा ट्रक पलटा



**अवधनामा संवाददाता, लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र ग्राम खीरीडीहा गांव के पुरब -अमहट के बीच गोदाम से सरकारी गल्ला ले जा रहे ट्रक के पलटने से ट्रक ड्राईवर बीरेंद्र भारती पुत्र रघुराज को चोट लग गयी। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। सरकारी दुकान पर वितरण कराने के लिए महराजगंज जिले के बनगढिया से ट्रक ड्राईवर ने उठान कर सिद्धार्थ नगर जिले के लोटन ब्लाक के अमहट, गुजरौलीया पनेरी में कोटेदारों के वहां गल्ला उतारना था कि खीरीडीहा-अमहट रोड पर रात में जा रहा था कि सामने एक अज्ञात बाइक वाले को साईड देने के चक्कर में सड़क के पटरी पर उतार दिया। जहां सड़क किनारे पटरी पर जल निगम का पाइप खोद कर पड़ा था उसी गड्ढे में ट्रक का पहिया धंसने से ट्रक पलट गया जिसमें ड्राईवर चोटिल हो गया। जिसको ग्रामीणो द्वारा दवा कराया गया।

## 9 अगस्त को जुलूस ए अज़ा का होगा आयोजन

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम इटरौरा में अंजुमन जुल्फिकारे हैदरी द्वारा वार्षिक जुलूसे अजा सानिए जहरा कार्यक्रम आगामी नौ अगस्त शनिवार को आयोजित होगा। आयोजन समिति के सैयद मोहम्मद अब्बास नब्बन ने बताया कि 51वें दौर के इस कार्यक्रम में मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास, मौलाना मोहम्मद असगर शारिब तथा मौलाना मोहम्मद आमिर मजमे को संबोधित करेंगे। जबकि अंजुमन जवानाने हुसैनी अमिलो, फरोगे अजा देवरा सादात, शैदाए हुसैनी मेमन सादात, गुलशने इस्लाम भौंरा, हुसैनिया लोरपुर ताजन व अंजुमन जुल्फिकारे हैदरी इटरौरा नौहोमातम करेगी। सैयद अकबर अब्बास व हमनवा सोजखानी करेंगे। संचालन का दायित्व अर्शी मौलाई संभालेंगे।

## नशे में नहर में कूदे युवक का शव तीसरे दिन मिला

**हजपुरा,अंबेडकरनगर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के गोलपुर निवासी बंशीलाल उर्फ बनारसी पुत्र रामचेत(35) का शव थाना क्षेत्र के रुकुमपुर कासिमपुर शारदा सहायक नहर में बुधवार को तैरता मिला। जानकारी के मुताबिक गोलपुर निवासी बंशीलाल उर्फ बनारसी लाल पुत्र रामचेत राजभर उम्र 35 वर्ष सोमवार दोपहर बाद से गायब था।बताया जा रहा है कि सोमवार शाम को शराब की दुकान पर जाकर उसने शराब पिया।और थोड़ी देर बाद नहर की तरफ गया और कूद गया।उसे नहर में कूदता देख स्थानीय लोगों ने बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन नशे में धुत युवक बाहर निकलकर पुनः दूसरे नहर में कूद गया,जहां से वह निकल नहीं पाया। और बुधवार की सुबह करीब 7ः00 बजे रुकुनपुर कासिमपुर नहर के किनारे उसका शव तैरता हुआ ग्रामीणों ने देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल जलालपुर थाना प्रभारी को दिया।

## थाना सिद्धार्थनगर व साइबर सेल ने कार्यशाला का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक व विश्वजीत शौर्य, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में बुधवार को दुर्गा प्रसाद, थानाध्यक्ष सिद्धार्थनगर द्वारा डिजिटल वॉरियर कार्यशाला के क्रम मे विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे साइबर अपराध से बचने हेतु जागरुक किया गया।

# कालानमक चावल (बुद्धा राइस) क्रेता विक्रेता सम्मेलन के तैयारी हेतु डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** कालानमक चावल (बुद्धा राइस) क्रेता विक्रेता सम्मेलन के तैयारी हेतु जीआई टैग प्राप्त जनपद के उपकृषि निदेशक एवं उपायुक्त उद्योग के साथ बुधवार को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सर्वप्रथम एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत काला नमक चावल पोर्टल का उद्घाटन किया गया। क्रेता विक्रेता सम्मेलन का आयोजन आगामी 8 एवं 9 नवम्बर 2025 को आयोजित होना प्रस्तावित है। जीआई टैग प्राप्त जनपद के उप कृषि निदेशक से काला नमक धान का आच्छादन, काला नमक धान की खेती से जुड़े कृषकों की संख्या/कृषक उत्पादन संगठन एवं उत्पादन के लक्ष्य पर चर्चा कियाग या। उपायुक्त उद्यों के साथ काला नमक चावल के प्रसंस्करण, विपणन की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त कियाग या।

काला नमक चावल बोर्ड के विस्तार हेतु अन्य जी आई टैग प्राप्त जनपद से सहयोग करने का निर्देश दिया। काला नमक चावल के उत्पादन हेतु वैज्ञानिक विधि से खेती करने हेतु कृषको को प्रेरित/प्रोत्साहित करें। काला नमक चावल के गुणवत्ता नियंत्रण, मूल्यवर्धन एवं पैकेजिंग पर विस्तृत चर्चा किया गया। काला नमक चावल (बुद्धा राइस) क्रेता विक्रेता सम्मेलन में जी आई टैग प्राप्त 10 जिलों (गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीर नगर, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच) से किसान/उद्यमी/कृषक उत्पादक संगठन को 05-05 स्टाल लगाने का निर्देश दिया गया। क्रेता विक्रेता सम्मेलन को सफल बनाने हेतु जीआई टैग प्राप्त जनपद से सुझाव मांगा गया।

इस अवसर पर उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, संतकबीरनगरडा0 राकेश कुमार सिंह, गोरखपुर धनन्जय सिंह, गोण्डा प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, उपायुक्त उद्योग गौरव मिश्रा, संतकबीरनगर राजकुमार शर्मा, बस्ती हरेन्द्र प्रताप, सहायक प्रबन्धक उद्योग महराजगंज मनीष कुमार जायसवाल, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आनलाइन पोर्टल के माध्यम से वितरित की जायेगी निशुल्क तोरिया बीज किट

**अवधनामा संवाददाता**



**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशानुसार जनपद में किसानों को राज्य सहायतित तिलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत तोरिया (लाही) फसल के बीज मिनीकिट निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इस संबंध में उप कृषि निदेशक, अंबेडकरनगर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना के अंतर्गत पंजीकृत कृषकगण कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

यह ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया दिनांक 01 अगस्त 2025 से 15 अगस्त 2025 तक उपलब्ध रहेगी। योजना अंतर्गत प्रत्येक पात्र कृषक को 02 किलोग्राम तोरिया बीज का मिनीकिट निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। कृषकों से प्राप्त आवेदनों की संख्या निर्धारित लक्ष्य से अधिक होने की स्थिति में लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। चयनित कृषकों को राजकीय कृषि बीज भंडारों से क्कस मशीन के माध्यम से बीज मिनीकिट का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक कृषक को केवल एक मिनीकिट प्रदान किया जाएगा। यह वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं तकनीकी आधारित होगी, जिसमें कृषि विभाग द्वारा सभी चरणों पर निगरानी रखी जाएगी।उप कृषि निदेशक ने जनपद के सभी विकास खंडों के इच्छुक कृषकों से अपील की है कि वे समय रहते कृषि विभाग के पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करें।

## सृजन और विनाश

प्रकृति में सृजन और विनाश साथ साथ चलते रहते है। अदिम युग से यह प्रवाह बना हुआ है। इस समय सवान का महीना चल रहा है। इस समय बाढ़ से लोग जूझ रहे है। जान, माल, मवेशी मौत के मुंह में जा रहे है तो दूसरी ओर धान की रोपाई चल रही है। महिलायें तीजोत्सव मनाने में कजरी और नृत्य की धूम मचाये हुये है। झूले झूले जा रहे है। महिलायें कजरी गाते हुये झूला झूल रही है। खास कर देहातों में बड़ा सुहाना लगता है। जब महिलायें झूला झूलते हुये कजरी गाती है। राखी का त्योहार भी इसी के करीब पड़ता है जिसमें बहने भाई के हाथ में राखी बांध अपनी उम्र भाई को देते हुये गाती है तोहरा को लागे भईया हमारी उमरिया जिया तू लाख बरीस हो। भारत के पूर्वी गांवो में लड़कियां मिट्टी का पिन्ड बना उसमें गेंहू का बीज पूरे पिन्ड पर सजा देती है। उस पर पानी भी छिड़कती रहती है। जब बीज जमने लगता है तो रोज शाम को लड़कियां झुन्ड में एकत्रित हो कजरी गाती है। उगे पौधे को भाई के पर कुछ पौधे रखकर अशीषती है। उन पौधों को स्थानीय बोली में जरई कहते है।

तालाब या नदी में नहा कर जरई कानो पर रखती है और अशीषती है। कुछ अंचलो में पन्डित जी लोग अपने जजमान के कानो पर जरई रख दक्षिणा प्राप्त करते है। सावन का नजारा भी आजीब होता है। सृजन और विनाश की जुगलबन्दी होती है। शहरों में तो मन्दिर मस्जिद के झगड़े चलते है पर देहात एक दम अछूते रहते है। शहरों में देहात के ही लोग जा कर बसे है फिर दोनो के सोच में इतना फर्क क्यो होता है। जबकि शहर के लोग बेहतर सुरक्षित होते है शिक्षित और सुसंस्कृत होते है आर्थिक रूप से ग्रामीणों से बेहतर होते है। अखबार पढ़िये, रेप, हत्या, धोखाधाड़ी से भरे रहते है। लगता है शहरी लोगो के पास इसके अलावा करने को कुछ नहीं रहता है।

भजन गाया जाता है ईश्वर अल्ला तेरे नाम सबको सम्मति दे भगवान, भगवान सम्मति क्यों नहीं देता है सम्मति देने में कंजूसी क्यों करता है। मन्दिर मस्जिद को लेकर छिटपुट लड़ाईयां तो चलती ही रहती है उधर पाकिस्तानी सीमा पर आतंकी आतंक मचाने की कोशिश में लगे है। उधर चीन भारत चीन सीमा पर समस्यायें पैदा करने में लगा रहता है। दोनो देश के प्रतिनिधि शान्ती बाद चीन फिर अपने पुराने ढर्रे पर आ समस्यायें पैदा करता रहता है। तिब्बत पर जब हमला हुआ उसमें भारत की कुछ जमीन उजाड़ रहने के नाम पर चीन के दबाव में छोड़ दिया गया है। पर चीन का उससे मन नहीं भरा है। कुछ न कुछ उघम माचा आगे पीछे होता रहता है। वह भारत के साथ भाई चारे का रिश्ता नहीं रखना चाहता वह प्रतिस्पधीन बन कर रहता है। पाकिस्तान को उकसाता रहता है। पाकिस्तान की हर गलत बात समर्थन कर रहता है। दूसरे देशों में सहायता के नाम पर मजबूत करता रहता है कुछ गरीब देश पाक और श्रीलंका जैसे उसके जाल में फंसते जाते है।

**ग्लासडूर के मुख्य अर्थशास्त्री डेनियल झाओ ने कहा कि मंदी आ नहीं रही है बल्कि आ चुकी है।अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार एजेंडा का असर दिखने लगा है और रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका मंदी की चपेट में आता दिख रहा है। अमेरिकी कंपनियां कर्मचारियों की नियुक्तियां घटा रही हैं। अमेरिकी श्रम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी नियोक्ताओं ने बीते महीने 73 हजार नौकरियां दीं। यह अनुमान के 1,15,000 से काफी कम हैं। मई और जून में 2,58,000 कर्मचारियों की छंटनी हुई और बेरोजगारी दर बढ़कर 4.2 फीसदी हो गई।**

# टैरिफ वार से अमेरिका का ही नुकसान कर रहे हैं ट्रंप


अशोक मधुप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ को सात दिन के लिए टाल दिया है। ये एक अगस्त से लागू होना था, जो अब सात अगस्त से लागू होगा। ट्रम्प ने 92 देशों पर नए टैरिफ की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत पर 25 प्रतिशत और पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, कनाडा पर एक अगस्त से ही 35 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है। साउथ एशिया में सबसे कम टैरिफ पाकिस्तान पर लगा है। अमेरिका ने पहले पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा था।वहीं दुनियाभर में सबसे ज्यादा 41 प्रतिशत टैरिफ सीरिया पर लगाया गया है। इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है।

ट्रम्प ने दो अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। कुछ दिनों बाद ट्रम्प ने 31 जुलाई तक का समय दिया था।इसके बाद ट्रम्प सरकार ने 90 दिनों में 90 सौदे कराने का टारगेट रखा था। हालांकि, अमेरिका का अब तक सिर्फ सात देशों से समझौता हो पाया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। साथ ही रूस से तेल खरीदने के लिए, अतिरिक्त जुर्माना लगाने की भी बात कही है। जानकारों का कहना है कि उनके इस कदम से भारत की ग्रोथ पर ज्यादा असर नहीं होगा। एसबीआई रिसर्च ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय एक्सपोर्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के कारण असर अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा बुरा होगा। अमेरिका को कम जीडीपी, ज्यादा महंगाई और डॉलर के कमजोर होने का सामना करना पड़ सकता है। एसबीआई रिसर्च ने इस टैरिफ को बुरा बिजनेस फैसला बताया। एसबीआई रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत के मुकाबले अमेरिका की डीजीपी , महंगाई और करंसी के नीचे जाने का ज्यादा रिस्क है। रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा ट्रेड वार के आर्थिक नतीजों को देखें तो यह अचरज की बात नहीं है कि अमेरिका पर भारत के मुकाबले अधिक बुरा असर पड़ेगा। रिसर्च ने बताया कि अमेरिका में फिर से महंगाई का दबाव दिखना शुरू हो गया है।

अनुमान है कि अमेरिका में महंगाई 2026 तक दो प्रतिशत के तय टारगेट से ऊपर ही रहेगी। ऐसा टैरिफ के सप्लाई-साइड इफेक्ट्स और एक्सचेंज रेट में बदलाव की वजह से होगा। एसबीआई रिसर्च ने बताया कि शॉर्ट-टर्म में अमेरिकी टैरिफ की वजह से एक औसत अमेरिकी घर पर करीब 2,400 डॉलर का बोझ पड़ने का अनुमान है। वजह, टैरिफ से बढ़ने वाली महंगाई के कारण कीमतें बढ़ना है। अमेरिकी अर्थशास्त्रियों ने चेताया है कि गर्मियों के मौसम तक अमेरिका की सभी सहयोगी व्यापार साझेदार देशों से मतभेदों का असर दिखने लगेगा और नियुक्तियों में कमी




खतरे की घंटी है। ग्लासडूर के मुख्य अर्थशास्त्री डेनियल झाओ ने कहा कि मंदी आ नहीं रही है बल्कि आ चुकी है। अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार एजेंडा का असर दिखने लगा है और रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका मंदी की चपेट में आता दिख रहा है। अमेरिकी कंपनियां कर्मचारियों की नियुक्तियां घटा रही हैं। अमेरिकी श्रम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी नियोक्ताओं ने बीते महीने 73 हजार नौकरियां दीं। यह अनुमान के 1,15,000 से काफी कम हैं। मई और जून में 2,58,000 कर्मचारियों की छंटनी हुई और बेरोजगारी दर बढ़कर 4.2 फीसदी हो गई । अमेरिका में बेरोजगारों की संख्या में 2,21,000 की बढ़ोतरी हुई। बीएमओ कैपिटल मार्केट्स के मुख्य अर्थशास्त्री स्कॉट एंडरसन ने कहा, अमेरिकी श्रम बाजार की स्थितियों में उल्लेखनीय गिरावट आ रही है। हम टैरिफ और व्यापार युद्ध शुरू होने और अधिक प्रतिबंधात्मक आव्रजन नीति के बाद से ही अर्थव्यवस्था में मंदी का अनुमान लगा रहे थे। श्रम विभाग की रिपोर्ट श्रम बाजार के लिए एक मुश्किल हालात का सबूत है। अमेरिकी अर्थशास्त्रियों ने चेताया है कि गर्मियों के मौसम तक अमेरिका की सभी सहयोगी व्यापार साझेदार देशों से मतभेदों का असर दिखने लगेगा और नियुक्तियों में कमी खतरे की घंटी है। ग्लासडूर के मुख्य अर्थशास्त्री डेनियल झाओ ने कहा कि मंदी आ नहीं रही है बल्कि आ चुकी है। शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजार में भी गिरावट दिखाई दी। राष्ट्रपति ट्रंप ने श्रम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों को खारिज कर दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने श्रम विभाग की निदेशक एरिका मेकएंटरफेर को भी पद से हटाने के निर्देश दिए है। एरिका की नियुक्ति पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में हुई थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कई देशों पर टैरिफ लगा दिए हैं। ट्रंप प्रशासन को उम्मीद है कि टैरिफ से मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर अमेरिका में फिर से मजबूत होगा। हालांकि अर्थशास्त्रियों का मानना है कि टैरिफ का असर अमेरिकी जनता पर ही सबसे ज्यादा पड़ेगा।

भारत और अमेरिका के बीच लगभग 130 अरब डॉलर का व्यापार होता है। अमेरिका भारत से लगभग 87 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है वहीं, भारत अमेरिका से मात्र 41.8 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है। अब अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद, यह सवाल उठ रहा है कि इसका क्या असर होगा। भारत से सबसे अधिक इलेक्ट्रॉनिक और आईटी सेक्टर में बनने वाले उत्पादों को अमेरिका भेजा जाता है। पिछले कुछ समय से भारत में बने स्मार्टफोन्स से लेकर लैपटॉप, सर्वर और टैबलेट्स की डिमांड अमेरिका में बढ़ी थी। ऐसे में सात अगस्त से लागू होने वाले अमेरिकी टैरिफ का सबसे ज्यादा असर इसी सेक्टर पर पड़ने की संभावना है।

भारत के 11 से 13 मई 1998 में सफलतापूर्वक परमाणु परीक्षण किया । इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा भारत पर अनेक प्रतिबंध लगाए गए। उस समय विशेषज्ञों की ऐसी राय थी कि भारत अलग-थलग पड़ जाएगा और इसकी अर्थव्यवस्था प्रतिबंधों के बोझ तले दब जाएगी। इन प्रतिबंध का भारत सफलतापूर्वक सामना कर अपने को अडिग साबित करने में कामयाब रहा। सात साल बाद अमेरिका ने इसे एक असाधारण मामले के रूप में मानते हुए, भारत को मुख्य धारा में लाने के लिए पहला कदम उठाया, जिसकी परिणति 2005 में भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के रूप में हुई। भारत परमाणु परीक्षण के बाद के प्रतिबंधों में नहीं झुका तो अब तो उसकी हालत बहुत मजबूत है।एक कुशल नेतृत्व उसके पास है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से तेल न ले।भारत ने स्पष्ट कर दिया कि वह अपने हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। भारत रूस से पहले की तरह तेल लेता रहेगा। इतना ही नही भारत ने अमेरिका की आंख की किरकिरी ईरान से भी तेल खरीदने की घोषणा कर दी है। उधर अमेरिका को इस घटनाक्रम के बाद साफ कर दिया कि वह अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमान नहीं खरीदेगा। अमेरिका भारत से लगभग 87 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है। भारत ने तै किया है कि अब वह दुनिया के अन्य देशों में बाजार खोजेगा।

## अवसरवादिता से विकास में बाधा


संजीव ठाकुर

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण से देश बहुत नुकसान पहुंचा है। अपरिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं के परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि और अदूरदर्शिता की सोच के कारण कई बार जनता को हानि हुई है। राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है। इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती हैद्य जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक असुरक्षा चरित्र को जन्म देती हैद्य अवसरवादीता राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने जैसा है। यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं।

लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैंद्य भारतीय परंपरा में भी साम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है। इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैंद्य यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है। कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं। यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श और विकास के विपरीत चले जाते हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैंद्य अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रतिमान को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। लोकतंत्र में राजशाही की तरह शासकीय धन का मनमाना दुरुपयोग एक अनैतिकग प्रक्रिया है एवं यह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का निम्न स्तरीय हथकंडा भी है। इससे न सिर्फ जनता पर करों का बोझ पड़ता है बल्कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले जनहित के कार्यों का भीक अवरोध बन जाता है। चुनाव में मतदान को प्रभावित करने के लिए टीवी में मोबाइल फोन लैपटॉप आदि का प्रॉब्लम भी लोकप्रियता किंतु आर्थिक दूरदर्शी एवं लोकतांत्रिक न्याय के प्रतिकूल है। पाकिस्तान,म्यानमार उत्तर कोरिया देशों में व्यापक सुरक्षा हिंसा आतंकवाद पर नियंत्रण की लूट प्रिय तावादी धारणा का प्रयोग सैन्य प्रभाव को बरकरार रखने के लिए हो रहा है। लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता, किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचारिता, अवसरवादीता एवं एन-केन सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है। लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा अन्यथा लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# जिसका 'दोस्त' अमेरिका उसे दुश्मन की ज़रूरत क्या है?


**राष्ट्रपति ट्रंप ने 30 जुलाई 25 को सोशल मीडिया पर भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को मृत अर्थव्यवस्था कह डाला। उन्होंने भारत से आयात पर 25 फीसदी टैरिफ़ और रूस से तेल व सैन्य उपकरणों की ख़रीद के लिए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने तक की घोषणा कर डाली । यह क़दम भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों, विशेष रूप से रूस से भारत के तेल आयात और सैन्य ख़रीद के कारण उठाया गया।**


तनवीर जाफ़री

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प शांति का नोबल पुरस्कार लेने की फ़िराक़ में तो ज़रूर हैं परन्तु उनके फ़ैसले व बयानों से यही नज़र आ रहा है गोया उन्होंने पूरे विश्व को अशांत व विचलित करने का ठेका ले रखा है। ख़ासकर चूँकि वे स्वयं एक व्यवसायी पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखते हैं इसलिये उनके अनेक फ़ैसलों व बयानों में व्यवसायिकता का भाव साफ़ देखने को मिलता है। इत्तेफ़ाक़ से यही डोनाल्ड ट्रम्प 2017 से 2021 के अपने पहले कार्यकाल के दौरान झूठ बोलने व भ्रामक दावे करने का भी विश्व कीर्तिमान बना चुके हैं। अमेरिकी प्रतिष्ठित समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक़ ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में कुल 30,573 झूठे या भ्रामक दावे किए थे। यानी उन्होंने औसतन प्रतिदिन लगभग 21 झूठे दावे किए थे । 2021 में राष्ट्रपति भवन से उनकी बिदाई कितनी हिंसक व शर्मनाक थी यह भी दुनिया ने देखा था।

बहरहाल उनकी दक्षिणपंथी सोच के चलते एक बार फिर अमेरिकी जनता ने उन्हें निर्वाचित कर लिया है। परन्तु इस बार वे कुछ अलग ही अवतार में नज़र आ रहे हैं। जहाँ वे विश्व शांति दूत बनने की फ़िराक़ में युद्ध रत देशों के बीच युद्ध विराम करने वाले एक महान शांतिप्रिय नेता के रूप में स्वयं को स्थापित करना चाह रहे हैं वहीं अपनी व्यवसायिक मानसिकता के कारण वे युद्धग्रस्त देशों को शस्त्रों की आपूर्ति करने में भी पीछे नहीं हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने इस दूसरे कार्यकाल में टैरिफ़ बम छोड़ कर भी अनेक देशों को विचलित कर दिया है। ख़बरों के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप अब तक 92 देशों पर टैरिफ़ लगाने की घोषणा कर चुके हैं जो संभवतः 7 अगस्त 2025 से लागू होंगे। विभिन्न देशों पर अलग अलग कारणों से टैरिफ़ लगाने के अतरिक्त इसी सन्दर्भ में पिछले दिनों उन्होंने भारत व रूस को लेकर जो ग़ैर ज़िम्मेदाराना बातें कहीं वह पूरी तरह असत्य व असभ्य थीं। राष्ट्रपति ट्रंप ने 30 जुलाई 25 को सोशल मीडिया पर भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को मृत अर्थव्यवस्था कह डाला। उन्होंने भारत से आयात पर 25 फीसदी टैरिफ़ और रूस से तेल व सैन्य उपकरणों की ख़रीद के लिए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने तक की घोषणा कर डाली । यह क़दम भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों, विशेष रूप से रूस से भारत के तेल आयात और सैन्य ख़रीद के कारण उठाया गया। ट्रंप की सोच है कि भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अमेरिका के व्यापारिक हितों के ख़िलाफ़ हैं। ट्रंप ने भारत और रूस को ब्रिक्स समूह का हिस्सा होने के कारण भी निशाना बनाया, जो अमेरिकी डॉलर को वैश्विक व्यापार में चुनौती देता है।

इसी सन्दर्भ में ट्रंप ने भारत और रूस की रणनीतिक साझेदारी, ख़ासकर रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर तंज़ कसते हुये




कहा कि उन्हें परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है, लेकिन दोनों देश अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को और नीचे ले जा सकते हैं। यह बयान भारत के रूस के साथ संबंधों को लेकर अमेरिका की नाराज़गी को दर्शाता है, विशेष रूप से जब अमेरिका, रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस को अलग-थलग करने की कोशिश कर रहा है। भारत ने भले ही मृत अर्थव्यवस्था (Dead economy) बताने पर ट्रंप को कोई माक़ूल जवाब नहीं दिया परन्तु रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने ज़रूर ट्रंप को धमकी भरा ज़बरदस्त जवाब दे दिया। मेदवेदेव ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि ट्रम्प को अपनी पसंदीदा फ़िल्म द वॉकिंग डेड याद करनी चाहिए और यह सोचना चाहिए कि डेड हैंड कितना ख़तरनाक हो सकता है। दरअसल डेड हैंड शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ की एक स्वचालित परमाणु हथियार नियंत्रण प्रणाली थी, जो बड़े पैमाने पर रूसी नेतृत्व के नष्ट होने पर भी स्वचालित रूप से परमाणु हमला शुरू कर सकती है। मेदवेदेव ने ट्रम्प को साफ़ शब्दों में चेतावनी दी कि रूस की ताक़त को कम न आंकें। मेदवेदेव की यह चेतावनी ट्रंप के रूस और भारत की अर्थव्यवस्थाओं को मृत क़रार देने तथा यूक्रेन युद्ध को 10 दिन में समाप्त करने की समय सीमा निर्धारित करने के जवाब में थी।

उधर राष्ट्रपति ट्रंप ने भी पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की डेड हैंड चेतावनी के जवाब में रूस के निकटवर्ती क्षेत्रों में दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दे दिया है। ट्रंप ने मेदवेदेव के कथित भड़काऊ बयानों का हवाला देते हुए कहा कि यह क़दम एहतियाती है ताकि ऐसी बयानबाज़ी को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि, ट्रंप ने यह साफ़ नहीं किया कि ये पनडुब्बियां परमाणु हथियारों से लैस हैं या केवल परमाणु ऊर्जा से संचालित हैं परन्तु ट्रंप की इस घोषणा ने पूरे विश्व को चिंतित ज़रूर कर दिया है। रूस की ओर से भी यह बता दिया गया है यह दोनों ही अमेरिकी पनडुब्बियां उसके निशाने पर हैं। गोया दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुँच गया है। सवाल यह कि राष्ट्रपति ट्रंप को किसी देश की अर्थ व्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था कहने का क्या अधिकार है ? वैसे भी विश्व बैंक, आईएमएफ़ सहित और भी कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3-6.7 फीसदी अनुमानित की है। यह जीडीपी वृद्धि दर अमेरिका की 1.9 फीसदी की तुलना में कहीं ज़्यादा है। इन आंकड़ों से ही पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था मृत नहीं बल्कि जीवंत है और साथ ही यह प्रति व्यक्ति आय कम होने के बावजूद यह दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से भी एक है।

सच पूछिये तो आज यूक्रेन भी जिस बुरे दौर से गुज़र रहा है उसका कारण भी यूक्रेन को दिया जाने वाला अमेरिकी व नाटो समर्थन ही है। यानी यूक्रेन, अमेरिका की दोस्ती का नतीजा भुगत रहा है और अमेरिका यूक्रेन का साथ देने के बजाये इसमें भी व्यवसाय कर रहा है। इसी तरह पिछले दिनों ईरान ने अमेरिका के घनिष्ठ मित्र देश इस्राईल को धूल चटा डाली। हाँ, युद्ध के आख़री दिनों में अमेरिका ने ईरान में मामूली बंबारी कर इस्राईल को यह ज़रूर जता दिया कि घबराओ मत, हम तुम्हारे साथ हैं। परन्तु तब तक ईरान ने तेल अवीव के बड़े हिस्से को खंडहर बना दिया था। इसी तरह याद कीजिये 1971 के वह दिन जब अमेरिका ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता के रूप में अपना सातवां युद्ध पोत भेजने का दिलासा दिया था। वह सातवां बेड़ा तो पहुंचा नहीं परन्तु इंदिरा गाँधी के सबल व कुशल नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो टुकड़े ज़रूर कर दिये। आज फिर अमेरिका उसी भारत विरोधी पाकिस्तान को हर तरह से शह देने की नीति पर चल रहा है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिनसे यह साबित होता है कि जिसका दोस्त अमेरिका हो उसे दुश्मन की ज़रूरत ही क्या है?

# नमस्ते ट्रंप के बाद टैक्स ट्रंप : दोस्ती की कीमत 25 फीसदी टैक्स

**सीआईआई अनुमान के अनुसार यदि इन पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाता है, तो भारतीय निर्यातकों को लगभग 18-20 बिलियन डॉलर का सीधा नुकसान हो सकता है। इससे न केवल भारतीय निर्यात उद्योग प्रभावित होगा, बल्कि लगभग 30 लाख रोजगारों पर भी संकट आ सकता है–विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर में जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अमेरिका में बसे भारतीय डायस्पोरा को भी इसकी प्रत्यक्ष, परोक्ष मार पड़ सकती है।**


आदित्य वर्मा

वर्ष 2025 की वैश्विक राजनीति में जब बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था आकार ले रही है, तब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई घोषणा 1 अगस्त 2025 से भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की चेतावनी–सिर्फ व्यापारिक मामला नहीं है, बल्कि यह भारत-अमेरिका संबंधों की जटिलता और असमानता को भी उजागर करता है। यह वही ट्रंप हैं जिन्हें भारत ने 2020 में 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम के ज़रिए ऐतिहासिक स्वागत दिया था। उस समय के राजनीतिक भाषा में 'ट्रंप-प्रधानमंत्री मोदी मित्रता' को रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक माना गया। लेकिन 2025 में रिपब्लिकन पार्टी के भीतर ट्रंप के फिर से उभरते प्रभुत्व और अमेरिका की आंतरिक आर्थिक चिंताओं ने इस संबंध को व्यापारिक तनाव की ओर मोड़ दिया है। ट्रंप के अनुसार, अमेरिका के व्यापार घाटे को संतुलित करने और अमेरिकाफर्स्ट नीति को दोबारा प्रभावी बनाने के लिए भारत, वियतनाम, मैक्सिको, और यहां तक कि यूरोपीय संघ के कुछ देशों पर उच्च शुल्क अनिवार्य है। सवाल यह है कि क्या ट्रंप की यह नीति वैश्विक व्यापार संतुलन को पटरी पर लाएगी, या फिर यह अमेरिका की संरक्षणवादी मानसिकता का नवीनतम संस्करण है जो मित्र देशों को भी व्यापारिक खतरा मानती है? भारत, जो इस समय दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। अमेरिका के साथ लगभग 200 बिलियन डॉलर के व्यापार में संलग्न है। इसमें से भारत अमेरिका को 75 बिलियन डॉलर का निर्यात करता है, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल, ऑटो पार्ट्स, स्टील, वस्त्र, और हीरे शामिल हैं। सीआईआई अनुमान के अनुसार यदि इन पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाता है, तो भारतीय निर्यातकों को लगभग 18-20 बिलियन डॉलर का सीधा नुकसान हो सकता है। इससे न केवल भारतीय निर्यात उद्योग प्रभावित होगा, बल्कि लगभग 30 लाख रोजगारों पर भी संकट आ सकता है–विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर में जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अमेरिका में बसे भारतीय डायस्पोरा को भी इसकी प्रत्यक्ष/परोक्ष मार पड़ सकती है, खासकर स्टार्टअप्स और आईटी सेक्टर में जहां अमेरिकी कंपनियों द्वारा ऑउटसोर्सिंग में कटौती की संभावना बढ़ेगी।

अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में यदि हम इस नीति की तुलना यूरोपीय संघ या चीन से करें, तो ट्रंप का रवैया काफी अलग दिखता है। यूरोप के साथ ट्रंप का व्यवहार तुलनात्मक रूप से नरम रहा है–शायद नाटो की रणनीतिक बाध्यताओं के चलते। वहीं चीन के विरुद्ध ट्रंप का रुख 2016 से ही आक्रामक रहा, लेकिन बीजिंग की रेसपॉन्स



कैपसिटी और रिएटिलिटी टैरिफ ने अमेरिका को उतनी स्वतंत्रता नहीं लेने दी। भारत, इस मामले में 'मित्र राष्ट्र' की छवि और व्यापारिक निर्भरता के बीच फंसा हुआ है। ट्रंप की इस घोषणा के बाद अमेरिका के टैरिफ प्रस्तावों को लेकर डब्ल्यूटीओ में चीन, ब्राज़ील, और साउथ अफ्रीका पहले ही चिंता जता चुके हैं, जबकि भारत अब भी आर्थिक कूटनीति बनाम राजनीतिक चुप्पी के मोड़ पर खड़ा है।

यह स्थिति हमें उस भ्रम से बाहर लाने की आवश्यकता को रेखांकित करती है जो यह मानता है कि राजनयिक स्वागत, जनसभा और नमस्ते ट्रंप जैसे कार्यक्रमों से रणनीतिक हित सुरक्षित हो जाते हैं। ट्रंप का यह फैसला साफ करता है कि मित्रता स्थायी नहीं होती–हित स्थायी होते हैं। अब समय आ गया है जब भारत को केवल अमेरिका पर निर्भर रहने के बजाय बहुपक्षीय व्यापार रणनीतियों को अपनाना चाहिए। आरसीईपी से भारत ने 2020 में खुद को अलग किया था, लेकिन 2025 में बदलते वैश्विक संदर्भों में भारत को दक्षिण एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के साथ अपने व्यापार को गहन बनाना होगा। भारत-अफ्रीका व्यापार 2024 में 98 बिलियन के स्तर तक पहुंच चुका है, जिसे एक वैकल्पिक निर्यात बाजार के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसके साथ ही ग्लोबल साउथ के अन्य देशों–जैसे ब्राज़ील, इंडोनेशिया, और नाइजीरिया–के साथ क्षेत्रीय व्यापार समझौते भारत को अमेरिकी निर्भरता से कुछ हद तक मुक्त कर सकते हैं। ट्रंप की इस नीति से कूटनीतिक संबंधों में एक संदेश भी जाता है–कि सॉफ्ट पावर और सांस्कृतिक निकटता जैसी अवधारणाएं तब तक प्रभावी हैं जब तक वे आर्थिक शक्ति के साथ संतुलित हों। अमेरिका ने अतीत में भी जनरल सिस्टम ऑफ प्रेफरेंस के तहत भारत को मिलने वाली विशेष सुविधा को 2019 में समाप्त कर दिया था। अब जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत चीन के बाद दूसरा विकल्प बनता जा रहा है, ट्रंप जैसे नेतृत्वकर्ता उसे मोलभाव की मुद्रा में देख रहे हैं। ऐसे में भारत को भी चाहिए कि वह डब्ल्यूटीओ और ब्रिक्स जैसे मंचों पर अमेरिका की इस नीति का विरोध दर्ज कराए, और घरेलू उद्योग को सरकारी सब्सिडी व कर राहत द्वारा प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करे।

इस व्यापारिक आघात का असर सिर्फ आर्थिक मोर्चे पर नहीं, राजनीतिक मोर्चे पर भी पड़ेगा। 2024 के चुनाव में नरेंद्र मोदी सरकार ने अमेरिका के साथ संबंधों को विश्वगुरु भारत की रणनीति का आधार बताया था। अब जब ट्रंप का निर्णय भारत के लिए सीधा आर्थिक संकट बन कर सामने है, तो विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा भी बना सकता है। कांग्रेस और टीएमसी जैसे दल पहले ही मोदी सरकार की बाहरी पर निर्भर आर्थिक नीति की आलोचना कर चुके हैं। यदि इस परिस्थिति को रणनीतिक अवसर के रूप में देखा जाए, तो भारत के पास अब मौका है कि वह अपनी आत्मनिर्भर भारत नीति को केवल नारा नहीं, व्यावहारिक दृष्टिकोण बनाए। घरेलू उत्पादन, अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग में वृद्धि करके भारत न केवल ट्रंप की नीतियों का सामना कर सकता है, बल्कि वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व भी कर सकता है। ट्रंप का यह कदम भले ही अस्थायी चुनावी रणनीति हो, लेकिन भारत के लिए यह दीर्घकालिक रणनीतिक चेतावनी है। ट्रंप की 25 फीसदी टैरिफ चेतावनी 'नमस्ते ट्रंप' जैसे कार्यक्रमों के वास्तविक मूल्य की भी समीक्षा कराती है। मित्रता के मंचों पर किए गए हाथ मिलाने, भाषणों और कैमरा फ्लैश की दुनिया से बाहर निकलकर अब भारत को वास्तविक मित्र कौन यह समझने की आवश्यकता है–और उस आधार पर अपने कूटनीतिक, व्यापारिक और आर्थिक समीकरणों को पुनर्रचित करने का समय आ गया है।

# व्यापारियों अपने प्रतिष्ठानों पर लगाएं तिरंगा : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



■ **व्यापारियों ने डीएम को दिए सुझाव**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में मथुरा के व्यापारियों के साथ 15 अगस्त एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को भव्यता से मनाने और हर घर तथा प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक ली।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मौजूद सभी व्यापारियों से कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस एवं 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर मथुरा, वृन्दावन शहर के साथ साथ नगर पंचायत तथा नगर पालिका को तिरंगा कपड़ा या लाइट से सजाया जाए। इसी प्रकार सभी पेट्रोल पंप, होटल, रेस्टोरेंट, दूकानों तथा प्रतिष्ठानों को प्राथमिकता के आधार पर सजाया जाए। उन्होंने नगर के व्यापारियों से कहा कि वे श्री कृष्ण जन्माष्टमी को भी दीपावली पर्व की तरह सजाया जाए। हर घर में और प्रत्येक उद्योग केंद्र एवं प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाया जाए। हर घर तिरंगा लगाते हुए राष्ट्रीय पर्व को सम्मान एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए।

इसमें नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल द्वारा सुझाव दिया कि पूर्व की भांति प्रशासन द्वारा सभी बाजारों में लगाए जाने हेतु तिरंगा झंड़ा उपलब्ध कराए जाएं। व्यापार मंडल अपनी चार दर्जन से भी अधिक इकाइयों में झंडा लगवाएगा। वह जगह-जगह बाजारों को सजाने की व्यवस्था भी करेगा। व्यापार मंडल के नगर महामंत्री शशि भानु गर्ग द्वारा नगर में जगह-जगह मुख्य मार्ग में हो रही गड्ढे वह विद्युत तारों के लटकने व टेढ़े पड़े विद्युत खभों की ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि लाखों की संख्या में आने वाली तीर्थ यात्रियों की सुविधा हेतु मार्ग में जगह-जगह हो रहे गड्ढों, विद्युत तारों व खम्भों को शीघ्र सही कराया जाए। व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राम खत्री व गुरमुख दास द्वारा पूर्व की भांति जगह-जगह लगने वाले भंडारों के लिए नगर निगम में एकल खिड़की व्यवस्था लागू करने हेतु जिलाधिकारी से मांग की जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

# जैंत में एलिवेटेड ब्रिज की कर रहा एनएचएआई अनदेखी

**अवधनामा संवाददाता**

■ **बलिदानी जत्था स्वाधीनता दिवस पर देगा बलिदान**

**मथुरा।** फ्लाईओवर ब्रिज की विकराल समस्या से यूपी का बेस्ट टूरिज्म विलेज जैंत जूझ रहा है। जब जनप्रतिनिधि समस्या से वाकिफ होते हुए भी अनजान हो जाते हैं तो जनता को ही अपनी आवाज बुलंद करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

अखिल भारतीय भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं समाज कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर खेमसिंह राजपूत, सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र प्रकाश बृजवासी, का. ठाकुर चंद्रपाल सिंह, दीवान सिंह राजपूत, पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य रामकुमार सिंह राजावत आदि जागरूक लोग काफी समय से अनवरत रूप से एलिवेटेड ब्रिज की मांग कर रहे हैं। उक्त लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण संवेदनहीन बन चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग दो किलोमीटर की लंबाई में आबादी क्षेत्र फैले हुए बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल और पर्यटन ग्राम जैत में एलिवेटेड ब्रिज अथवा दो फ्लाईओवर ब्रिज की मांग को लेकर काफी समय से किए जा रहे पत्राचार को गंभीरता से न लेने के परिणामस्वरूप ही चंद्र प्रकाश बृजवासी ने एक बलिदानी जत्था तैयार किया है। यह बलिदानी जत्था पर्यटन ग्राम जैत में एलिवेटेड ब्रिज का मार्ग प्रशस्त करने के लिए स्वाधीनता दिवस को सामुहिक रूप से बलिदान देगा। बृजवासी का मानना है कि सेलिब्रिटी घटना घटने के बाद ही सरकार हरकत में आती है। हमें मरने का शौक नहीं, सद्कर्मों के फलस्वरूप ही मानुष जन्म मिला है परंतु एनएचएआई ने हमें मजबूर किया है। लम्बे अरसे से चली आ रही इस विकराल समस्या के समाधान के लिए हमें मजबूर होना पड़ रहा है। हमारा दृढ़ संकल्प है कि साम-दाम-दंड-भेद की हर नीति के तहत हम फ्लाईओवर ब्रिज स्वीकृत करवा कर ही चैन से बैठेंगे।

# एलयूसीसी के निवेशकों ने सीबीआई जांच की उठायी मांग

**अवधनामा संवाददाता**



■ **जमा की गयी धनराशि को वापस दिलाये जाने के लिए महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

**ललितपुर।** द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एण्ड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी (एलयूसीसी) में जीवन भर की कमाई का निवेश करने के बाद निवेशकों के हाथ निराशा लगी। अब चूंकि एलयूसीसी के कारिंदे जेल में निरूद्ध हैं और करोड़ों रुपये डकारने वाली कम्पनी के सभी कार्यालय बंद हैं। ऐसे में निवेशकों को उनकी मेहनत की कमाई, जो कि उन्होंने एलयूसीसी में निवेश की थी, उसे वापस दिलाने की जद्दोजहद करनी पड़ रही है। बुधवार को निवेशकों ने भारी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान निवेशकों ने देश की महामहिम राष्ट्रपति के अलावा केन्द्र व प्रदेश और जिला प्रशासन से जमा की गयी रकम को वापस दिलाये जाने व सीबीआई जांच की गुहार लगायी है। ज्ञापन में निवेशकों ने बताया कि आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए लोगों ने थोड़ा-थोड़ा करके धनराशि जमा की थी। जिससे लोगों को उम्मीद थी कि भविष्य में बच्चों की शिक्षा और विवाह जैसे कार्यों के लिए जमा किया जा रहा धन लाभकारी होगा। लेकिन एलयूसीसी के मुख्य सरगना समीर अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मानवेन्द्र द्विवेदी, जितेन्द्र सिंह निरंजन, रविशंकर तिवारी, आलोक कुमार जैन, सुरेन्द्र पाल सिंह, द्वारिका प्रसाद, भरत वर्मा, अनुराग बंसल, शबाब रिजवी व उनके साथियों ने पांच साल में रुपये दोगुने करने का झांसा देकर लोगों की जमा धनराशि को हड़प कर लिया और अब निवेशकों के रुपये डूबने की कगार पर हैं। बताया कि करीब 16 सौ करोड़ से अधिक की धनराशि लेकर उक्त सभी कार्यालय बंद हैं। हालांकि एलयूसीसी प्रकरण में ललितपुर पुलिस ने कम्पनी से जुड़े बड़े-बड़े लोगों पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें पकड़कर जेल भेजने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन अब निवेशकों की जमा धनराशि वापस दिलाये जाने की मांग जोर पकड़ रही है। ज्ञापन देते समय शारदा, बृजेश साहू, रघुवीर, बृजेन्द्र झां, संजय कुमार, कुंवरबाई, मीरा, प्रभा, गजेन्द्र सिंह, केशकली, सुनील, सतीश कुमार, चन्दन सिंह, मोहन, भागचंद, रमेश कुमार, हरपाल, सुरेश कुमार, आनंद, शिवा कुशवाहा, भजनलाल के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# चन्दन की हत्या पर बवाल



**अवधनामा संवाददाता**

■ **ज्ञापन देकर परशुराम युवा वाहिनी ने की 25 लाख मुआवजे की मांग**

**सुल्तानपुर, जयसिंहपुर।** थाना क्षेत्र के बझना गांव में हुए जघन्य हत्याकांड को लेकर परशुराम युवा वाहिनी ने जिलाधिकारी कुमार हर्ष को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। संगठन के शनि मिश्रा ने बताया कि बीते शुक्रवार चन्दन शर्मा नामक युवक की मंदिर से लौटते समय एक मामूली कहासुनी के बाद जेसीबी मालिक अमित यादव और उसके साथियों पिंटू व सचिन यादव ने कार से कुचलकर हत्या कर दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले गाली-गलौज हुई, जिसे लोगों ने शांत करा दिया। लेकिन कुछ ही देर बाद आरोपी युवक कार से आए और चन्दन पर जानलेवा हमला कर दिया। चन्दन की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य लोग भी घायल हो गए। मृतक चन्दन अपने परिवार का इकलौता सहारा था, और उसके माता-पिता दिव्यांग हैं। परशुराम युवा वाहिनी ने प्रशासन से मांग की है कि सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए।

## नपा प्रशासक का पगड़ी बांधकर किया स्वागत

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अमनदीप डुली के आदेश पर एसडीएम सदर को नगर पालिका का प्रशासक नियुक्त किया गया है। विगत दिनों एसडीएम सदर मनीष कुमार विश्वकर्मा ने नगर पालिका में प्रशासक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बुधवार को उ.प्र. सफाई मजदूर संघ के नेतृत्व में शहर भर के स्वास्थ्य नायकों व सफाई कर्मियों ने प्रशासक मनीष कुमार विश्वकर्मा का पगड़ी बांधकर, फूलमालाएं पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत सम्मान किया। स्वास्थ्य नायक मंजीत करौसिया ने कहा कि नगर पालिका की अध्यक्ष रही सरला जैन के निधनोपरांत कर्मचारियों को 2 माह का वेतन निर्गत नहीं किया गया है। आगामी समय में रक्षा बंधन पर्व आने वाला है, जिस पर प्रशासक ने समस्त कर्मचारियों का आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द पेंशन, वेतन सहित अन्य कार्यों को पूरा किया जाएगा, समस्त कर्मचारी हमारा परिवार है।

# सड़क सुरक्षा दिवस को लेकर बच्चों ने बनाए चित्र

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** सड़क सुरक्षा दिवस को लेकर बुधवार को ग्राम पनारी स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित वाद-विवाद, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इसके अलावा सड़क सुरक्षा दिवस को लेकर कई नवाचार भी बच्चों द्वारा बताये गये। प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विजयी रहे प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार विद्यालय प्रबंधन की ओर से देकर पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय की ओर से मोहम्मद जाकिर ने सड़क सुरक्षा दिवस पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव करने के लिए सभी को यातायात नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। कहा कि वाहन चलाते समय फोन पर बात न करें, तीन सवारियां न बैठायें और नशे की हालत में वाहन को कदापि न चलायें। साथ ही चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्यक रूप से करें। प्रधानाध्यापिका सीमा जैन ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ दूसरों को भी सड़क सुरक्षा दिवस को लेकर जागरूक करना होगा। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम सचिन विश्वकर्मा, द्वितीय राशि, तृतीया प्रवीण और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नरेंद्र, द्वितीय स्थान पर बेशना, तृतीय स्थान पर देव रहे। जबकि वाद विवाद प्रतियोगिता में जितेंद्र प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर सोनाक्षी, तृतीय स्थान पर काजल रही।

## संक्षिप्त समाचार

### राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** स्वतंत्रता दिवस के प्रथम सत्र के अंतर्गत आज उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा में राखी बनाओ प्रतियोगिता का



आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। भाई-बहन के अटूट प्यार का प्रतीक राखी को सभी बच्चों ने बहुत ही सुंदर-सुंदर तिरंगा राखियाँ बनाई। इस अवसर पर यूँ तो सभी बच्चों की राखियाँ बहुत ही आकर्षक एवं सुंदर थीं परन्तु उनमें से कुछ राखियों को बनाने वाले बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। राखियों का चयन बरहा ग्राम के गणमान्य अभिभावक विजय यादव जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### सड़क को पुनर्निमित कराया जाये : डीएम



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जल निगम ग्रामीण की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मरम्मत कार्य में देरी न की जाये। प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ कराया जाये। परियोजना पूर्ण होने के बाद सड़क को पुनर्निमित कराया जाये। कनेक्शन के आवेदनों को लंबित न रखा जाये। जल आपूर्ति से सम्बंधित शिकायतों को गंभीरता से लिया जाये। अधिक शिकायतों वाले ग्रामों को चिन्हित किया जाये। लगातार शिकायत आने पर सम्बंधित जेई की जवाबदेही तय की जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, एई जल निगम नवनीत सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### चित्रकला एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** स्वतंत्रता दिवस के प्रथम सत्र में के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा में आज चित्रकला एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बहुत से बच्चों द्वारा तिरंगा कार्ड, ईयर रिंग, चूड़ी इत्यादि भी बनाए जो कि मुख्य आकर्षण का केन्द्र थे । इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष को बच्चों का चयन करना मुश्किल हो रहा था उन्होंने बताया कि सभी एक से बढ़कर एक हैं चयनित बच्चों व सभी प्रतिभाग लेने वाले बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। बच्चों का चयन बरहा ग्राम के गणमान्य अभिभावक एवम् विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### गेवरा-गुन्देरा में मछलियों के अवैध शिकार का आरोप

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** तहसील तालबेहट के ग्राम कन्धारी में मछली शिकार के लिए पांच किमी नदी का पट्टा स्वीकृत कराकर सांठगांठ कर नदी पर अवैध कब्जा कर निर्धारित से अधिक क्षेत्र में मछली का शिकार किये जाने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बन्ध में मछली ठेकेदारों व कर्मचारियों ने लामबंद होकर मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद को ज्ञापन भेजा है। बताया कि कंधारी की पांच किमी नदी का पट्टा किया गया था, लेकिन मत्स्य माफियाओं द्वारा विभाग से सांठगांठ कर ग्राम गेवरा-गुन्देरा तक 7 किमी दूर तक और ग्राम उगरपुर कंधारी की सीमा तक 7 किमी नदी पर अवैध कब्जा कर मछली का अवैध शिकार किया जा रहा है। जबकि दोनों नदियों का पट्टा स्वीकृत नहीं हुआ है। आरोप है कि मछली माफियाओं द्वारा शिकायत करने पर उल्टी शिकायत करते हुये प्रताड़ित किया जा रहा है। बताया कि मछली ठेकेदारों द्वारा अवैध शिकार करने से सरकार को लगभग 25 लाख रुपये के राजस्व की क्षति हो रही है।

# जिले में 1.71 करोड़ के लोन फर्जीवाड़े का बड़ा पर्दाफाश

**अवधनामा संवाददाता**

■ **आठ अज्ञात आरोपियों पर एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** जिले में फाइनेंस सेक्टर से जुड़ा एक बड़ा लोन फ्रॉड सामने आया है, जिसमें 1.71 करोड़ की भारी-भरकम धनराशि फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से लोन के रूप में स्वीकृत कराई गई। यह मामला बजाज फाइनेंस लिमिटेड से जुड़ा है, जिसके इलाइट चौराहा स्थित प्रबंधक संदीप सिंह सोलंकी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आठ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मई से जुलाई 2025 के बीच झांसी, ललितपुर और आसपास के बुंदेलखंड क्षेत्र की कुल 11 शाखाओं के नाम पर यह फर्जीवाड़ा अंजाम दिया गया। आरोपितों ने मकान मालिकों के नाम, बिजली बिल, केवाईसी दस्तावेज आदि का दुरुपयोग कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उनके माध्यम से बिजनेस लोन स्वीकृत करा लिए। चौंकाने वाली बात यह है कि मकान मालिकों को इस धोखाधड़ी की भनक तक नहीं लगी, और उनके नाम से लोन पास कराकर रकम अन्य खातों में ट्रांसफर कर दी गई। कई मामलों में आरोपितों ने पीड़ितों के मोबाइल नंबर और बैंक खातों तक को अपने नियंत्रण में ले लिया।

**ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों का इस्तेमाल :** एफआईआर के अनुसार, इस जालसाजी में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रक्रिया का दुरुपयोग किया गया। आरोपितों ने लोन की संपूर्ण प्रक्रिया को इस कदर गुप्त रखा कि लाभार्थियों को पता तक नहीं चला कि उनके नाम पर इतना बड़ा ऋण स्वीकृत हो चुका है।

### संगठित गिरोह के सक्रिय होने के संकेत

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि यह फर्जीवाड़ा किसी एक व्यक्ति का काम नहीं, बल्कि एक संगठित दलाल गिरोह द्वारा अंजाम दिया गया। इसमें डीएसए एजेंट, बैंक कर्मचारी, बिचौलिए और अन्य अज्ञात लोग शामिल बताए जा रहे हैं।

**इन धाराओं में हुआ मामला दर्ज :** पुलिस ने इस प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318(4) (धोखाधड़ी से संबंधित संगठित अपराध), 338 (जालसाजी), 336(3) (डेटा और पहचान की चोरी), तथा 340(2) (आर्थिक अपराध की साजिश) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

**विवेचना का जिम्मा उपनिरीक्षक कमलेश सिंह यादव को सौंपा गया :** प्रारंभिक जांच में पुलिस को कई अहम तकनीकी सुराग प्राप्त हुए हैं। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस तकनीकी विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों की मदद ले रही है।

## उड़द व मूंग की फसल अतिवृष्टि से हुयी बर्बाद

**ललितपुर।** सदर तहसील क्षेत्रांतर्गत ब्लाक बिरधा के ग्राम पिपरिया वंशा के दर्जनों किसानों ने लामबंद होकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने अतिवृष्टि के चलते बर्बाद हुयीं फसलों का शीघ्र सर्वे कराते हुये मुआवजा व बीमा क्लेम दिलाये जाने की मांग उठायी है। किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भी भेजा है। पिपरियावंशा से आये किसानों ने डीएम को अवगत कराया कि गांव के किसानों द्वारा बोई गयी उड़द व मूंग की फसल विगत दिनों हुयी अतिवृष्टि के चलते पूर्ण रूप से नष्ट हो गयी है, जिसका मुआवजा व बीमा क्लेम दिलाया जाना अति आवश्यक है। बताया कि किसानों का बैंकों द्वारा बीमा की प्रीमियम राशि स्वत~ काट ली जाती है और बीमा कम्पनी के पोर्टल पर दर्ज कराने के बाद भी सूचना नहीं दी जाती है, जिस कारण किसान फसल बीमा से वंचित रह जाते हैं। इस सम्बन्ध में यहां के किसानों ने पूर्व में भी जिला प्रशासन को अवगत कराया था।

# भारतीय संस्कृति और संस्कृत भाषा एक दूसरे के पूरक

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानन्द नगर सुल्तानपुर में आज संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ हुआ। संस्कृत सप्ताह का समापन 12 अगस्त को होना है। संस्कृत सप्ताह समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में छात्रों एवं आचार्य बन्धु भगिनी को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कृत भाषा एक दूसरे के पूरक हैं। भारतीय संस्कृति से यदि पूर्णरूपेण परिचित होना है,तो संस्कृत भाषा का ज्ञान अनिवार्य है। संस्कृत भाषा जाने बिना अन्य भारतीय भाषाओं को जान पाना संभव नहीं है।

संस्कृत दिवस और संस्कृत सप्ताह मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए संस्कृत विभाग प्रमुख देवेन्द्र कुमार पाठक ने कहा कि संस्कृत भाषा सर्वाधिक प्राचीन एवं सर्वश्रेष्ठ भाषा है। यह समस्त भारतीय भाषाओं की जननी है। गुरुकुलों में श्रावण मास की पूर्णिमा से ही पठन-पाठन के सत्र का आरंभ होता था। तथा उस समय पठन-पाठन और बोलचाल की एक मात्र भाषा संस्कृत ही थी। प्रथम बार सन् 1969 ई में विश्व संस्कृत दिवस मनाया गया। रक्षाबन्धनपर्व की परम्परा भी ऋषियों महर्षियों से ही जुड़ी रही। अतः प्रति वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा को ही रक्षा-बंधन पर्व एवं संस्कृत दिवस दोनों ही मनाने की परंपरा है।सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संस्कृत विभाग की वरिष्ठ आचार्या शशी द्विवेदी ने बताया कि संस्कृत वस्तु प्रदर्शनी, संस्कृत गीत प्रतियोगिता, संस्कृत संभाषण, श्रीमद्भगवद्गीता प्रतियोगिता पर आधारित प्रतियोगिताएं संचालित की जाएंगी।

# पति ने खाया जहर, विवाद करने वाली पत्नी पहुची जेल



**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** पति को प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने पत्नी को जेल भेजा है। जानकारी देते हुए कोतवाल अरविंद कुमार राय ने बताया कि अभिनेष निवासी छिबरामऊ थाना बिलग्राम ने केस दर्ज कराया था कि उसके भाई अंकित उर्फ सोनू 20 मई को शादी की सालगिरह पर पत्नी को विदा करने अपनी ससुराल ग्राम सिया थाना अरवल गया था। वहाँ पर उसके भाई के साथ ससुर रामबाबू,सास नीलम ,पत्नी प्रियंका उर्फ अनुराधा ने मारपीट की। धक्का मारकर घर से निकलकर बेइज्जत किया। जिससे छुब्द होकर बिलग्राम में उसमे जहर खा लिया। वह सड़क किनारे पड़ा मिला। उसे इलाज के लिए जा रहे थे तब सोनू ने सारी वारदात परिवार को बताई। कोतवाल ने बताया मामले में बिलग्राम पुलिस की ओर से विवेचना की गई। जिसमें पत्नी अनुराधा उर्फ प्रियंका, सास नीलम और ससुर को दोषी पाया गया है जिसमे पत्नी प्रियंका को हिरासत में लेकर जेल भेजा गया है। बाकी अभियुक्त की तलाश की जा रही है।

## ब्रह्मलीन संत दुलाराम कुलारिया की 10वीं पुण्यतिथि मनायी

**ललितपुर।** निस्वार्थ सेवा भाव, गौसेवी और मानव सेवा में भारत की राष्ट्रपति प्रतिभा देवीसिंह पाटिल द्वारा सम्मानित, राज्य के सर्वोच्च सम्मान, राष्ट्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा राष्ट्रीय रत्न अवार्ड 2003, समाज द्वारा विश्वकर्मा रत्न अवार्ड से सम्मानित आदि अनेक सम्मानों से अलंकृत, संस्कृति के आदर्श, आध्यात्मिक और लोकाचारों के धनी, ब्रह्मलीन संत दुलारामजी कुलारिया की दसवीं पुण्य स्मृति में पंचरत्न विश्वकर्मा समाज और मार्निंग वॉक डैम ग्रुप ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम व विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में संतजी के जीवन पर वृहद प्रकाश डाला गया। इस दौरान व्ही-5 अध्यक्ष विजय डयोडिया, सौरभ यादव, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, प्राचार्य डा.महेश झां, आचार्य लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, प्रो.प्रसन्न विश्वकर्मा, अनूप ताम्रकार, मनोज झा, कैलाश नारायण झा, एड.सत्येंद्र विश्वकर्मा, प्रो.गंगाराम विश्वकर्मा, कृपाल के अलावा महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# अपमानजनक टिप्पणी पर लोधी जागृति मंच के युवाओं में आक्रोश



**अवधनामा संवाददाता**

■ **डीएम अमनदीप डुली को मंच ने सौंपा ज्ञापन, सख्त कार्यवाही की मांग**

**ललितपुर।** सोशल मीडिया को मनोरंजन और तकनीकि सहूलियत के मुताबिक बनाया गया होगा, लेकिन वर्तमान में इसका दुरुपयोग सर्वाधिक होता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया के गलत प्रयोग से सामाजिक वैमनस्यता तो बढ़ ही रही है, साथ ही कई मनुष्य जीवन से जुड़ी कई बड़ी घटनाओं का कारण भी कहीं न कहीं सोशल मीडिया ही सामने आ जाता है। सोशल मीडिया का गलत प्रयोग कभी-कभी लोगों को ऐसे मुश्किल हालातों में डाल देता है, जिससे वह स्वयं चाह कर भी नहीं निकल पाता है। ऐसा ही मामला विगत दिनों प्रकाश में आया था, जिसमें जिला पंचायत सदस्य रहे रहीश राजपूत की एक अमर्यादित टिप्पणी वायरल होने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही जारी है।

वहीं दूसरी ओर बुधवार को लोधी जागृति मंच के तत्वाधान में दर्जनों युवाओं ने बाइक रैली निकालते हुये कलेक्ट्रेट पहुंच कर जोरदार नारेबाजी की। युवाओं ने सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा समाज पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन होने की खबर मिलने पर डीएम अमनदीप डुली परिसर में पहुंचे, जहां उन्होंने मंच पदाधिकारियों की बात सुनी और जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। डीएम अमनदीप डुली को सौंपे ज्ञापन में लोधी जागृति मंच ने आरोप लगाया कि निकटवर्ती ग्राम भैंसाई निवासी एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर लोधी समाज को लेकर एक अपमानजनक पोस्ट जारी कर दी गयी, जिसके बाद से समाज के युवाओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने डीएम से पूरे प्रकरण में जांच कर उक्त युवक के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठाते हुये अन्यथा की स्थिति में 16 अगस्त के बाद कलेक्ट्रेट में प्रशासन का घेराव करने की चेतावनी दी है।

# यूरिया खाद लेने के लिए किसानों की लंबी-लंबी कतारें



**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम हरदोई।** मंगलवार को बिलग्राम के पीसीएफ गोदाम पर यूरिया खाद लेने के लिए किसानों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खाद की कथित किल्लत को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और मांग पत्र सौंपकर यूरिया की कमी को प्रमुखता से उठाया। हालांकि, गोदाम प्रभारी अवध बिहारी ने स्पष्ट किया कि खाद की कोई कमी नहीं है, बल्कि स्टाफ की कमी के कारण वितरण प्रक्रिया में देरी हो रही है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों का कहना है कि उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार यूरिया नहीं मिल पा रहा है। गोदाम पर मौजूदा स्टाफ की कमी ने स्थिति को और जटिल कर दिया है। प्रभारी अवध बिहारी ने बताया कि गोदाम पर पहले दो कर्मचारी तैनात थे, लेकिन पिछले साल एक कर्मचारी वीरेन पाल के रिटायर होने के बाद अब वह अकेले ही सारा काम संभाल रहे हैं। इतनी बड़ी भीड़ को अकेले खाद वितरित करना किसी चुनौती से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गोदाम में 300 बोरी यूरिया का स्टॉक मौजूद है और स्टॉक खत्म होने पर नई खेप आ जाती है।

# नगर निगम का आजाद मार्केट कभी भी हो सकता है धराशायी, अराजक तत्वों का बना अड्डा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** महानगर के डीग गेट स्थित जर्जर जीर्ण शीर्ण आजाद मार्केट अपनी बदहाली पर नौ नौ आसू रो रहा है। उसकी दशा दिशा सुधारने के लिए पार्षद मुन्ना मलिक ने नगर आयुक्त जब प्रवेश को ज्ञापन दिया है।

नगर निगम मथुरा वृंदावन वार्ड सं.-31 के पार्षद व नेता पार्षद दल समाजवादी पार्टी मुन्ना मलिक ने नगर निगम के नगर आयुक्त बताया कि आजाद मार्केट डीग गेट में दुकानें एवं सड़क जर्जर अवस्था में है जिससे स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रथम तल पर आने वाले 2, झीने भी क्षतिग्रस्त हो चुके है जिससे कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। मार्केट की सड़क खरंजा पूर्ण रूप से उखड़ चुके हैं। और तो और आपराधिक किस्म के युवाओ ने इसको अपना अड्डा बना रखा है।

2005 में मार्केट निर्मित होने के पश्चात निगम द्वारा कोई कार्य मरम्मत आदि का नहीं कराया गया है। पूर्व की बोर्ड बैठक में भी आजाद मार्केट का मुद्दा पार्षद मुन्ना मलिक ने उठाया था। आजाद मार्केट इस समय अव्यवस्थाओं में कैद है। मार्केट की हालत बदतर हो गई है। दो मंजिला भवन पूर्ण जर्जर हालत में पहुंच गया है। मार्केट में सड़क के नाम पर सिर्फ और सिर्फ गड्ढे ही नजर आते हैं। दुकानें जर्जर हो चुकी हैं और इसमें कारोबार करने में व्यापारियों को हर समय डर लगा रहता है। भूतल और पहली मंजिल मिलाकर मार्केट में 144 दुकानें हैं। इन दुकानों में हर प्रकार की दुकानें हैं, जिनमें होल सेल, रिटेल, कबाड़, डाक्टर, अधिवक्ताओं के कार्यालय, गिलेट की पायजेब, भगवान की पोशाक, मूर्तियां, तस्वीरें आदि बिकती हैं।

आजाद मार्केट की दुकानों को नगर पालिका ने लीज पर दिया और सभी दुकानें कारोबारियों ने ले लीं। मार्केट का रख रखाव नगर पालिका ने अपने हाथ में रखा। कुछ समय तक तो व्यवस्थाएं दुरूस्त रहीं। फिर धीरे धीरे आजाद मार्केट अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गई। मार्केट का कोई हिस्सा ऐसा नहीं है जो जर्जर ना हो। यहां कारोबार करने वालों का कहना है कि वह लोग हर समय मौत के साए में बैठे रहते हैं। कई दुकानों की छतों के लेंटर गिर चुके हैं जो बचे हैं उनका प्लास्टर भी धीरे धीरे गिर रहा है। मार्केट का रख रखाव नगर निगम के पास है लेकिन नगर निगम भी इस ओर ध्यान नहीं देरहा है। अधिकारी निरीक्षण के लिए आते हैं और आश्वासन देकर चले जाते हैं। आजाद मार्केट बरसात के दिनों में नरक में तब्दील हो जाती है। मार्केट की कोई दुकान ऐसी नहीं जो बरसात के दिनों में ना टपकती हो। नाली और सीवर के चोक होने से बरसात का पानी मार्केट में भर जाता है। ये पानी कई कई दिन तक भरा रहता है। बरसात के दिनों में दुकान खोलने में भी डर लगता है।

# स्वास्थ्य कैंप में एचआईवी संक्रमण की जांच की गई

■ प्रधान प्रतिनिधि ने सक्रिय भूमिका निभाकर जॉच के लिये प्रेरित किया

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम जुनेदपुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरूण कुमार के प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सी.बी.एस. कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा समुदाय के लोगों की निशुल्क एचआईवी संक्रमण की जांच की गई तथा एड्स सहित विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के अंतर्गत आयोजित सीबीएस कैम्प में प्रोग्राम मैनेजर फैजान खान, काउंसलर क्षमा सिंह, मॉनिटरिंग अधिकारी शांतनु एवं आउट रीच वर्कर अजय पाल व शहनाज ने लोगों की एचआईवी संक्रमण जांच सहित आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए। जांच के दौरान विशेषज्ञों ने लोगों को एड्स से बचाव, लक्षण और समय पर उपचार के महत्व की जानकारी दी गई। कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर जांच कराई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरूण कुमार ने सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए कैंप के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य जांच करवाने की अपील की और कहा कि समय पर बीमारी की पहचान से उसका इलाज संभव है। इस अवसर पर सचिव सुभाष चंद्र वर्मा, कैलाश चंद्र, मोतीलाल, हरकेश, श्याम पाल, परशुराम, श्यामलाल, अमित कुमार, सुनील कुमार, सुमन लता, सीएचओ तथा आंगनबाड़ी की उपस्थिति रही।

## अजमेर से मृत बच्चे को लेकर उन्नाव पहुंची महिला

**उन्नाव।** बांगरमऊ कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक पांच वर्षीय मासूम बच्चे का शव लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर नीरज शुक्ला ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया और इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। मृतक बच्चे की पहचान ऋतिक के रूप में हुई है, जो बहराइच जनपद के थाना भिनगा अंतर्गत गुरधोई गांव निवासी संजय दुबे का पुत्र था। बच्चे की मां मानसी ने बताया कि वह सोमवार को अपने बेटे ऋतिक के साथ अजमेर में थी। वहां अचानक बच्चे को उल्टी और दस्त की शिकायत हुई, जिसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मानसी ने बताया कि जब उन्होंने इस दुखद घटना की जानकारी अपने पति को दी, तो उन्होंने उल्टा उनपर बच्चे को मारने का आरोप लगा दिया। इस आरोप से घबराई मां ने अपने मायके पक्ष को सूचित किया और फिर बच्चे का शव लेकर बांगरमऊ सीएचसी पहुंचीं।

# प्रशासन की विशेष अपील : ये न आये वृंदावन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** श्री बांके बिहारी जी मंदिर प्रबंधक ने सभी दर्शनार्थियों से निवेदन किया है कि दिनांक 16.08.2025 एवं 17.08.2025 को जन्माष्टमी मेला के अवसर पर श्री बांके बिहारी जी मंदिर वृन्दावन में भीड़ का अत्यधिक दबाव रहेगा, जैसा कि आपको विदित है कि इस भीषण व उमस भरी गर्मी एवं बारिश के मौसम के कारण बीमार व्यक्तियों, बुजुर्गो, दिव्यांगजनों, छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बी0पी0, शुगर के मरीजों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस हेतु सभी दर्शनार्थियों से अनुरोध है कि वे अपने व अपने परिवारजनों के स्वास्थ्य की रक्षा हेतु जन्माष्टमी मेला के अवसर पर छोटे बच्चों, दिव्यांगजनों, बी.पी, शुगर के मरीजों, बुजुर्गो एवं गर्भवती महिलाए इस अवसर पर दर्शन हेतु आने से परहेज करें, अत्याधिक भीड़ एवं ट्रैफिक जाम की समस्याओं से बचने हेतु मीडिया एवं अन्य माध्यमों से सही स्थिति की जानकारी एवं आकलन करने उपरांत यात्रा का कार्यक्रम बनाए, पूर्ण रूप से स्वस्थ्य होने पर एवं भीड़ कम होने पर ही यात्रा का कार्यक्रम बनाए, जिससे कि यात्रा से पूर्ण लाभ एवं आनन्द प्राप्त हो सके। मन्दिर प्रबन्धन, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आप सभी दर्शनार्थियों हेतु सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्थाएं बनाने हेतु संकल्पित एवं पूर्ण रूप से प्रयासरत है आपकी यात्रा मंगलमय हो। आप सभी का सहयोग सादर प्रार्थनीय है।

## गोवर्धन के विधायक ने जलप्लावित क्षेत्र से जल की निकासी को लेकर किया अधिकारियों के साथ निरीक्षण

**मथुरा, अवधनामा संवाददाता।** जनपद के जलप्लावित क्षेत्र से जल की निकासी को लेकर जहां जिला प्रशासन ने रात दिन एक कर दिया हैं वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी पूरी तरीके से ग्रामीणों को राहत पहुंचने में जुटे हुए हैं। गोवर्धन के विधायक ठाकुर मेघ श्याम सिंह ने एसडीएम सदर आई ए एस अभिनव जैन के साथ कई स्थानों का निरीक्षण किया। विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, खंड विकास अधिकारी फरह नेहा रावत, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग तथा नायब तहसीलदार के द्वारा ग्राम छड़गाँव, खेरिया, सेरसा आदि ने जल भराव के संबंध में क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामवासियों के साथ बैठक की । इस दौरान तत्काल जल निकासी के लिए संबंधित विभाग को यथोचित कार्यवाही के लिए निर्देश दिये गये। विधायक ने पंप सेट, नालियों की सफाई तथा पुलिया की खुदाई कराकर जल निकासी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रभावित किसानों एवं परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। सर्वे के कार्य विभागों द्वारा किए जा रहे है।

## सोर्स सेग्रीगेशन कूड़ा निस्तारण का कार्य अच्छे से करें



**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय नगर पंचायत समधन में अधिसाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डीपीएम शिवम सिंह द्वारा डोर टु डोर कूड़ा संग्रहण हेतु तैनात कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को आयोजित क्षमता संवर्धन कार्यशाला में डीपीएम शिवम सिंह द्वारा सफाई कर्मचारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण की आगामी कार्य योजना को लागू किए जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। डीपीएम द्वारा बताया गया कि सोर्स सेग्रीगेशन कूड़ा निस्तारण का पहला कदम है अगर ये कार्य हम अच्छे ढंग से कर ले जाते हैं तो आगामी सर्वेक्षण में नगर पंचायत अब्बल स्थान अवश्य पाएगी। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक अंकित दुबे, विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक कुमार, बकार हुसैन, हनीफ अली, आनंद, राजा, प्रशांत, विक्रम, रियाज, मतलूब, आहिद, अताउल्ला, अरमान सहित समस्त कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## हाशमी स्कूल मे मजलिस ए अजा बरपा की गयी

**संभल, अवधनामा संवाददाता।** हाशमी स्कूल मुहल्ला नूरियो सराय मे मजलिस ए अजॉ बरपा की गयी जिसको हसन मोहम्मद ने ख़िताब करते हुए कहा कि कर्बला मे हजरत इमाम हुसैन ने अपने सहित बहत्तर लोगो की कुरबानी दे कर न सिर्फ इस्लाम बल्कि इंसानियत को भी बचाया था इसलिए आज सारी दुनिया में शहीदे इनसानियत हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत का शोक मनाया जाता है इमाम हुसैन की शहादत का शोक मुस्लिम ही नहीं बल्कि गैर मुस्लिम भी अकीदत और एहतराम के साथ मनाते है इस लिए ऐसे बहुत से शायरो जो गैरे मुस्लिम थे उन्होने नोहे मरसिये लिखे है जो आज भी मजलिसो मे पढे जाते हैं मजलिस के अन्त मे कैदखाने मे हुई इमाम हुसैन की बेटी बीबी सकीना की शहादत को बयान किया जिसको सुनकर माहौल गमगीन हो गया मजलिस मे मरसिया रहबर हुसैन सलीम मेहदी अयान कायम सुहैल अब्बास आदि ने पेश किया मजलिस के बाद मातम व नोहा पेश किये गये पैकर संभली कैफी सम्भली नैयर अब्बास इंतजार हुसैन इफ्तेखार हुसैन मुज्जमिल जैनवी गुफरान हुसैन आदि शामिल रहे।

# फर्जी दस्तावेजों से बैंक में खाता खोला की 45 लाख की ठगी

अवधनामा संवाददाता




**मथुरा।** एक शिक्षण संस्था के अध्यक्ष ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक खाता खोलकर लाखों रुपये की ठगी किए जाने का आरोप लगाते हुए साइबर क्राइम थाने में शिकायत की। मामले की जांच के बाद थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एफआईआर के बाद साइबर थाना पुलिस अब साक्ष्यों का संकलन करेगी। एफआईआर के अनुसार गांव गोपी की नगरिया, महावन मथुरा निवासी आशीष कुमार ने बताया कि वे ग्लोबल इनोवेटिव एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष हैं। यह सोसाइटी मध्य प्रदेश के कई नगर परिषदों के साथ मिलकर कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं पर काम करती है। आशीष कुमार के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी संस्था की ई-मेल आईडी को हैक कर लिया और फिर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक्सिस बैंक में एक खाता खुलवा लिया। जिसकी खाता संख्या 920020056580399 है। इस खाते में ही संस्था के नाम से किए गए करीब 40 से 45 लाख रुपये के भुगतान ट्रांसफर करा लिए गए। जबकि संस्था का अधिकृत खाता बैंक ऑफ इंडिया मथुरा में है और इसकी खाता संख्या 685020 110000614 है। इसके अलावा कोई नया खाता अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से ही खुल सकता है।

शिकायत में बताया गया है कि संबंधित विभागों से ईमेल व मोबाइल नंबर अपडेट करा दिए गए हैं, ताकि आगे कोई गड़बड़ी न हो। पीड़ित ने इस मामले में साइबर क्राइम थाना में शिकायत की थी। पुलिस ने शिकायत की जांच की और जांच के बाद एफआईआर दर्ज कर ली। अब वह साक्ष्यों का संकलन करेगी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## डीएसएन कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन, 125 छात्रों ने दिया साक्षात्कार

**उन्नाव।** डीएसएन कॉलेज में आज रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 125 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कंपनियों के लिए साक्षात्कार में भाग लिया। इस मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिनमें टाटा मोटर्स, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, ब्राइट फ्यूचर लखनऊ, स्टार ग्रुप ऑफ मैनपावर, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं सुपर हाउस प्रमुख रूप से शामिल रहीं। रोजगार मेले में छात्रों ने विभिन्न पदों के लिए अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया और कंपनियों के प्रतिनिधियों के समक्ष साक्षात्कार दिया। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। संयोजक डॉ. अनिल साहू ने बताया कि भविष्य में और भी बड़े पैमाने पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डीएसएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव, जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती प्रीति चंद्रा, सहायक रोजगार अधिकारी आस्था सिंहा, डॉ. विनय तिवारी, डॉ. प्रिंस, डॉ. तूलिका रानी एवं संजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी द्वारा जारी भूसा टेंडर का किया विरोध

■ डीएम को ज्ञापन सौंपकर प्रधानों ने भूसा टेंडर निरस्त कराए जाने की उठाई मांग

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** विकासखंड कबरई की ग्राम पंचायतों के दर्जनों ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी द्वारा ब्लाक स्तर पर जारी किए गए भूसा टेंडर का विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम प्रधानों ने गौशालाओं में भूसा आपूर्ति की समस्या से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द इस समस्या के निस्तारण कराने जाने के साथ विकासखंड स्तर पर जारी भूसा टेंडर को तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाने की मांग की। ब्लाक कबरई के प्रधान संगठन के अध्यक्ष देवकी नंदन पांडेय के नेतृत्व में दर्जनों प्रधानों ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि 94 ग्राम पंचायत क्षेत्र में बनाई गई गौशालाओं के लिए भूसा आपूर्ति का विवाद बढ़ता जा रहा है। प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी द्वारा ब्लॉक स्तर पर जारी किए गए भूसा टेंडर का विरोध करते बताया कि हर पंचायत की गौशाला का संचालन ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा किया जाता है। शासन के निर्देशों पूर्व में ही स्थानीय स्तर पर सप्लायरों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में भूसा का भंडारण किया जा चुका है। बताया कि एक ही सप्लायर के माध्यम से 94 पंचायतों में समय पर और समान गुणवत्ता वाला भूसा पहुंचाना संभव नहीं हैए इससे गौशालाओं में अव्यवस्था फैलने की आशंका है और गोवंशों के लिए पहले से खरीदे गए भूसे का क्या होगा। ज्ञापन में प्रधानों ने मांग की है कि विकासखंड स्तर से जारी भूसा टेंडर को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्वतंत्र रूप से टेंडर करने की अनुमति देने की भी डीएम से मांग की है। प्रधानों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों के निस्तरण के लिए जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो प्रधान सामूहिक रूप से आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। प्रधानों द्वारा उठाया गया यह मुद्दा आजकल पंचायत स्तर पर चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है और प्रधानों में इस निर्णय को लेकर खारे खफा दिखाई दे रहे है।

# डीएम चाइल्ड रजिस्ट्रेशन में एएनएम की खराब स्थिति में नाराज

■ जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से संबन्धित पल्स पोलियो, जननी सुरक्षा योजना, मातृ मृत्यु शिशु मृत्यु प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, पीएमएसएम दिवसों में क्यूआरकोड के माध्यम से अल्ट्रासउंड टीकाकरण परिवार कल्याण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम संचारी रोग अभियान आदि की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी एमओआईसी को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं एफआरयू की क्रियाशीलता तथा लाभार्थियों को प्रसव उपरांत 24 घंटे तक रोकने सहित गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।

डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि चाइल्ड रजिस्ट्रेशन अधिक से अधिक करना सुनिश्चित करें तथा चाइल्ड रजिस्ट्रेशन में एएनएम की खराब स्थिति पाये जाने पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सीएचओ कबरई और जैतपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसी आशाओं को चिन्हित किया जाए जो अन्य जनपद में जाकर गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी करवा रही है, उन आशाओं पर कार्रवाई करना सुनिश्चित की जाए। टीकाकरण में चरखारी और जैतपुर सीएचओ को खराब स्थिति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द टीकाकरण में सुधार किया जाए। शिशु सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को समय से भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक कबरई को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं में लापरवाही ना बढ़ती जाए तथा कार्य शैली में सुधार किया जाए अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक कबरई एवं जैतपुर को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की टीकाकरण की फीडिंग शत प्रतिशत की जाए। सीएचओ को निर्देश दिए कि महिला नसबंदी को बढ़ावा दिया जाए तथा पुरुष नसबंदी के लिए भी लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि 70 साल से ऊपर बुजुर्गों के सभी के आयुष्मान कार्ड बनवाये जाए। डीएम ने सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं को एंबुलेंस के द्वारा उनके घर तक पहुंचाया जाए। डीएम ने जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जल भराव के हॉटस्पॉट जगह को चिन्हित करके दवा का छिड़काव किया जाए तथा नालियों पर फॉगिंग कराई जाए, जिससे लोगों को बीमारियों से बचाया जा सके एवं जीरो से 05 वर्ष के बच्चो का नियमित टीकाकरण किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आशाराम, सीएमएस डा पवन अग्रवाल, डॉ बीके चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छोटे लोहिया को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** समाजवादी आंदोलन के पुरोधा छोटे लोहिया स्व. जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सिविल लाइंस स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय मे आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व राज्यमंत्री सुधीर रावत व सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने स्व.जनेश्वर मिश्र के जीवन एवं उनके विचारों का स्मरण करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सपा जिलाअध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र जनसंघर्ष के प्रहरी और संसद के अद्भुत वक्ता रहे जनेश्वर जी ने जीवनभर वंचितों, किसानों, मज़दूरों और पिछड़ों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनका जीवन, विचार और संघर्ष आज भी समाजवादी आंदोलन की प्रेरणा हैं। हम सभी समाजवादी उनके अधूरे सपनों को साकार करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। श्रद्धांजलि सभा में जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर वर्मा, राजेश साधु यादव, नरेंद्र लोधी, राहुल अग्निहोत्री, अंकित यादव, लकी यादव, जिला सचिव रामबहादुर यादव, सदर विधानसभा अध्यक्ष मनीष सैनी, गुड्डू शुक्ला, ओमप्रकाश पासवान, राजेंद्र यादव, राहुल गौतम, नितिन पटेल, वीरेंद्र यादव, मुकेश रावत, प्रेम यादव, पंकज लोधी, अनमोल सिंह, योगेंद्र यादव, लोकेश श्रीवास्तव, मो0अकरम, राजबहादुर सिंह चौहान, छोटेलाल भारतीय मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने तिरंगा बाइक /स्कूटी रैली को रवाना किया



अवधनामा संवाददाता

■ भारत माता की जय के उद्घोष के साथ उत्साहपूर्वक शुरू हुई रैली

**कन्नौज।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर से विशेष तिरंगा बाइक/स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर गोल कुआं, लाखन तिराहा, मकरंद नगर होते हुए पीएसएम कॉलेज परिसर में समापन हुई।बुधवार को रैली को रवाना करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। इस प्रकार की रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय पर्व को उत्साहपूर्वक मनाना और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व के साथ अपने घरों पर तिरंगा फहराना चाहिए तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़कर राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है। इस रैली का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। जिसका उद्देश्य आमजन के मन में राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' के प्रति गर्व, सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करना है। रैली का विशेष आकर्षण शिक्षिका स्नेहलता द्विवेदी द्वारा बनाए गए तिरंगा सेल्फी प्वाइंट के रूप में रहा, जहां डीएम, एसपी एवं सीडीओ ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अभियान को प्रोत्साहन प्रदान किया। इस अवसर पर एसपी विनोद कुमार, सीडीओ रामकृपाल चौधरी, एडीएम आशीष कुमार सिंह, बीएसए संदीप कुमार सहित भारी संख्या शिक्षक /शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सरायसत्ती फीडर की शिकायत ऊर्जा मंत्री तक पहुंची

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** सम्भल के मोहल्ला ख्वास खां सराय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता सैयद गुलज़ार अहमद हाशमी ने रायसत्ती फीडर की दुर्दशा और उसमें व्याप्त भ्रष्टाचार, पक्षपात और तकनीकी लापरवाही को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री माननीय श्री ए.के. शर्मा जी को दिनांक 05 अगस्त 2025 को एक विस्तृत शिकायत पत्र प्रेषित किया है।

इस पत्र में सम्भल के हजारों घरेलू उपभोक्ताओं की समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा गया है। हाशमी का कहना है कि रायसत्ती फीडर अब आम जनता के लिए बिजली का नहीं, बल्कि अनियमितता, पक्षपात और अंधेरे का प्रतीक बन चुका है। हल्की सी बारिश या हवा में घंटों बिजली कट जाती है, वहीं वाणिज्यिक फीडरों को प्राथमिकता देकर घरेलू आपूर्ति को जानबूझकर बाधित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि फीडर के जेई द्वारा फर्जी लॉग शीट तैयार की जाती है, जिनमें 22 घंटे की बिजली आपूर्ति दर्शाई जाती है, जबकि हकीकत में कई मोहल्लों में 6 से 8 घंटे तक बिजली नहीं रहती। 439 करोड़ की रिवैंप योजना लागू होने के बावजूद भी पुराने तार, पोल, इंसुलेटर और ट्रांसफार्मर अब तक नहीं बदले गए हैं। पेड़ों की डालियाँ अभी भी बिजली की लाइनों से टकरा रही हैं, जिससे शॉर्ट सर्किट और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि उनकी पूर्व में की गई तीन शिकायतों का निस्तारण बिना किसी वास्तविक जांच के कर दिया गया, जो विभागीय पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। शिकायत पत्र में उन्होंने मांग की है कि जेई और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर निष्पक्ष जांच कर विभागीय कार्रवाई की जाए, फर्जी रिपोर्टिंग और पक्षपातपूर्ण आपूर्ति प्रणाली की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, और घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाए।

## किसान ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहर, मौत

**उन्नाव।** कोतवाली अजगैन क्षेत्र के ग्राम झलोतर में मंगलवार को एक किसान ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय बालचंद्र पुत्र स्वर्गीय भवानीदीन के रूप में हुई है। वे खेती के साथ-साथ दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। उनकी पत्नी की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। वह अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हैं। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों के अनुसार, बालचंद्र शांत और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे, लेकिन हाल के दिनों में वे मानसिक रूप से परेशान दिखते थे। परिजनों का कहना है कि उन्होंने कभी अपनी किसी परेशानी का खुलकर ज़िक्र नहीं किया। परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। अब उनकी मृत्यु से बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता और भी बढ़ गई है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# शारदा नहर की जर्जर पुलिया यातायात के लिए घोषित हुई असुरक्षित

■ एक लाख की आबादी होगी प्रभावित

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** जिले के नवाबगंज-बिछिया मार्ग पर शारदा नहर के किमी नौ पर स्थित पुलिया को लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता रवींद्र सिंह ने निरीक्षण के दौरान गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त पाया। निरीक्षण में सामने आया कि पुलिया की किनारे की दीवारें टूटी हुई हैं, पैरापिट नीचे की ओर झुक चुकी है और कई स्थानों पर गिरी हुई भी मिली है। यह पुलिया वर्ष 1960 में निर्मित की गई थी और लगभग 65 वर्षों से इसकी कोई व्यापक मरम्मत नहीं कराई गई। जर्जर हालत को देखते हुए अभियंता ने इसे यातायात के लिए असुरक्षित घोषित करते हुए तत्काल प्रभाव से आवागमन रोकने और वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने के निर्देश एक्सईएन को दिए हैं। इस पुलिया पर आवागमन बंद होने से आसपास के लगभग 17 गांवों की लगभग एक लाख की आबादी प्रभावित होगी। उन्हें अब अपने गंतव्यों तक पहुंचने के लिए करीब पांच किलोमीटर का अतिरिक्त मार्ग तय करना पड़ेगा। पिछले माह गुजरात सहित अन्य राज्यों में पुल ढहने की घटनाओं के बाद उत्तर प्रदेश शासन ने भी 50 वर्ष से अधिक पुराने पुल-पुलियों की जांच कराने का आदेश दिया था। इसके तहत लोक निर्माण विभाग ने इंजीनियरों की टीमें गठित कर करीब 150 पुलों और पुलियों का निरीक्षण कराया। इनमें से 21 पुल-पुलियों को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त पाया गया। नवाबगंज-बिछिया मार्ग की यह पुलिया भी उसी जांच का हिस्सा थी, जिसमें इसे बेहद जर्जर और यातायात के लिए खतरनाक घोषित किया गया। मुख्य अभियंता ने पुलिया के पुनर्निर्माण के लिए 1.30 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव तैयार कर शासन को मंजूरी हेतु भेजने के निर्देश भी दिए हैं। स्वीकृति मिलते ही नए निर्माण कार्य को प्राथमिकता पर शुरू किया जाएगा।

# कर्नाटक: हासन में हार्ट अटैक से हुई मौतों ने मचाई थी तबाही



कर्नाटक के हासन जिले में पिछले करीब सवा महीने (40 दिनों) में हार्ट अटैक से 24 मौतें हुईं। इनमें से कई लोगों की उम्र 45 साल से कम थी।

कर्नाटक सरकार ने मौतों की जांच का आदेश दिया था, गुरुवार को इसकी रिपोर्ट में कई बातें स्पष्ट हुई हैं। हार्ट अटैक और इसके कारण होने वाली मौतें लंबे समय से काफी चर्चा में रही हैं। कर्नाटक के हासन जिले में पिछले करीब सवा महीने (40 दिनों) में हार्ट अटैक से 24 मौतें हुईं। इनमें से कई लोगों की उम्र 45 साल से कम थी। इन बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बेंगलुरु के जयदेव अस्पताल में हार्ट अटैक के मरीजों की संख्या में 8त्न का इजाफा हुआ। डॉक्टरों ने बताया कि बढ़ते मामलों के बीच हासन और आसपास के जिलों से कई लोग एहतियाती जांच के लिए आ रहे हैं। मैसुरु के भी अस्पताल में हार्ट से जुड़ी जांच के लिए रोजाना हजारों लोग पहुंचने लगे।

## अब आ गई इसकी रिपोर्ट, क्या पता चला?

कर्नाटक सरकार ने मौतों की जांच का आदेश दिया था, गुरुवार को इसकी रिपोर्ट में कई बातें स्पष्ट हुई हैं। इन मामलों की जांच कर रही टीम ने कहा है कि जांच में कोई असामान्य वृद्धि नहीं पाई गई है।

**क्या कहते हैं अस्पताल के निदेशक**

पिछले छह महीनों में श्री जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंसेज और मैसूरु-कलबुर्गी में इसके केंद्रों में हृदय संबंधी मामलों के डेटा विश्लेषण से भी हृदय संबंधी मौतों में कोई बढ़ती प्रवृत्ति सामने नहीं आई।

जयदेव इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. के.एस. रवींद्रनाथ ने %%हासन जिले में युवाओं की अचानक मौतों में हालिया वृद्धि पर जांच रिपोर्ट÷ शीर्षक से कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव को रिपोर्ट सौंपी, जिन्होंने गुरुवार को मीडिया के साथ इसके निष्कर्ष साझा किए।

**रिपोर्ट में क्या पता चला?**

संवाददाताओं को संबोधित करते हुए, राव ने कहा कि जांच में हाल के महीनों में दिल के दौरे की संख्या में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं देखा गया है। 75 प्रतिशत मामलों में मृत्यु के कारणों का पता लगाया जा चुका है, शेष 25 प्रतिशत मामलों में कारण अब भी अज्ञात हैं।

उन्होंने कहा कि सभी मामलों के पोस्टमॉर्टम न होने से संपूर्ण आंकड़े उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। मृतकों में 19 से 43 वर्ष की आयु के सात व्यक्तियों की अचानक मृत्यु हुई। 19, 21, 23 और 32 वर्ष की आयु के व्यक्तियों की अचानक मृत्यु हुई, जो चिंताजनक है। 20 अचानक मौतों में से सात की आयु 45 वर्ष से कम थी। इस पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मौत के लिए कई कारणों को पाया गया जिम्मेदार**

45 वर्ष से कम आयु वाले सातों मामलों में से चार में शव के परीक्षण रिपोर्ट में मृतकों में हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया का आनुवांशिक संकेत मिला था। हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया हाई कोलेस्ट्रॉल की आनुवंशिक स्थिति है। कुछ मामलों में धूम्रपान और शराब पीने जैसी आदतें भी पाई गईं।

हालांकि, रिपोर्ट में यह भी स्वीकार किया गया कि शवों के परीक्षण, नैदानिक आंकड़ों की कमी और परिवारों के सीमित मेडिकल हिस्ट्री रिपोर्ट्स के कारण, सभी मामलों में निश्चित निष्कर्ष निकालना मुश्किल है।

# शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखती हैं ये चीजें, आज से ही आहार में करें शामिल



अक्सर कुछ लोगों को इलेक्ट्रोलाइट की कमी की वजह से कमजोरी महसूस होती है। इलेक्ट्रोलाइट्स कम होने के और भी कई लक्षण दिख सकते हैं। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे की किन चीजों को डाइट में शामिल करने से इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बना रहता है। हमारे शरीर को ठीक से काम करने के लिए सही मात्रा में इलेक्ट्रोलाइट्स बहुत जरूरी होता है। ये खनिज (मिनरल्स) शरीर में तरल पदार्थों को संतुलित रखने, नसों के ठीक से काम करने और मांसपेशियों को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। जब शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बिगड़ जाता है, तो थकान, मांसपेशियों में ऐंठन और चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अच्छी बात यह है कि हम कुछ आम खाद्य पदार्थों से ही इन जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम की कमी को पूरा कर सकते हैं। ये खाद्य पदार्थ न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का सही संतुलन बनाए रखने में भी मदद करते हैं। आइए इस लेख में ऐसे ही कुछ फूड प्रोडक्ट्स के बारे में जानते हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**इलेक्ट्रोलाइट्स कम होने के लक्षण**

हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए इलेक्ट्रोलाइट्स बहुत जरूरी होते हैं। ये नसें, मांसपेशियां और शरीर में तरल पदार्थों का संतुलन बनाए रखते हैं। जब इनकी कमी होती है, तो शरीर कई संकेत देते हैं। मुख्य लक्षणों में लगातार थकान, कमजोरी, और मांसपेशियों में ऐंठन या दर्द शामिल हैं। आपको चक्कर आना, सिरदर्द या हल्का महसूस हो सकता है। कुछ लोगों को दिल की धड़कन अनियमित महसूस हो सकती है, जो एक गंभीर संकेत है। इसके अलावा, पेट की समस्याएं जैसे कब्ज या उल्टी भी हो सकती हैं। यदि ये लक्षण बार-बार दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

**नारियल पानी के लाभ**

नारियल पानी इलेक्ट्रोलाइट्स का सबसे अच्छा सोर्स है, जिसमें पोटैशियम, सोडियम, और मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में होते हैं। यह डिहाइड्रेशन को रोकता है और गर्मी या व्यायाम के बाद तुरंत ऊर्जा देता है। एक गिलास नारियल पानी में लगभग 600 मिलीग्राम पोटैशियम होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। मानसून में दस्त के दौरान नारियल पानी पीना एक अच्छा विकल्प है। इसे सुबह खाली पेट या व्यायाम के बाद पिएं।

**एवोकाडो और केले**

एवोकाडो पोटैशियम और मैग्नीशियम का उत्कृष्ट स्रोत है, जो मांसपेशियों की ऐंठन को कम करता है और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। इसमें हेल्दी फैट भी होती है, जो ऊर्जा प्रदान करती है। एक मध्यम आकार का एवोकाडो सलाद या स्मूदी के रूप में खाया जा सकता है। दूसरी ओर, केले में पोटैशियम और विटामिन बी6 प्रचुर मात्रा में होता है, जो मेटाबॉलिज्म और इम्यूनिटी को बेहतर बनाता है। एक केला रोजाना नाश्ते में या स्नैक के रूप में खाने से इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बना रहता है।

**दालें और फलियां**

दालें और फलियां, जैसे मूंग, चना, राजमा, और मसूर, मैग्नीशियम, पोटैशियम, और फाइबर से भरपूर होती हैं। ये पाचन को बेहतर बनाती हैं और इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करती हैं। अब क्योंकि दाल में नमक भी पड़ता है तो ये सोडियम की कमी को पूरा कर देता है। मूंग दाल या चने की सब्जी रोजाना खाने से मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूती मिलती है। इन सब के साथ इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखने के लिए रोज 2-3 लीटर पानी जरूर पीएं।

# चौंकाने वाला खुलासा

## 2008 के बाद जन्मे भारतीय बच्चों में इस घातक कैंसर का खतरा, हो जाएं सावधान



कैंसर वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, ये दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण भी है। कुछ दशकों पहले तक माना जा रहा था कि कैंसर सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी है, हालांकि हाल के आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि अब कम उम्र के लोग, यहां तक कि 20 से कम उम्र वाले बच्चे भी कैंसर का शिकार हो रहे हैं। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को इस गंभीर रोग से बचाव के लिए उपाय करते रहने की सलाह देते हैं।

कम उम्र के लोगों में कैंसर के बढ़ते खतरे को लेकर एक हालिया अध्ययन में कई डराने वाली जानकारियां सामने आई हैं। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार भारत सहित कई एशियाई देशों में कम उम्र के लोगों में पेट के कैंसर का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है।

एक नए वैश्विक अनुमान में चेतावनी दी गई है कि 2008 से 2017 के बीच पैदा हुए 15.6 मिलियन (1.56 करोड़) से अधिक बच्चों को उनके जीवनकाल में पेट का कैंसर हो सकता है। इनमें से अधिकांश एशिया में और कई भारत में हैं। 185 देशों में अपेक्षित और रोके जाने योग्य गैस्ट्रिक कैंसर के अनुमान के आधार पर ये निष्कर्ष निकाले गए हैं।

**एच. पाइलोरी संक्रमण और कैंसर का खतरा**

शोधकर्ताओं ने बताया कि अकेले भारत में 1.6 मिलियन (16 लाख) से अधिक लोगों में गैस्ट्रिक कैंसर या पेट के कैंसर का खतरा हो सकता है। अध्ययन के दौरान विशेषज्ञों ने पाया कि भविष्य में पेट के कैंसर के इन मामलों में से 76 प्रतिशत हेलिकोबैक्टर पाइलोरी (एच. पाइलोरी) से संबंधित हो सकते हैं, ये एक प्रकार का खतरनाक बैक्टीरियल संक्रमण है जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, हालांकि अच्छी बात ये है कि ये संक्रमण उपचार योग्य होता है।

शोधकर्ताओं ने एक बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को रोकने के लिए तत्काल निवेश, जांच और एच. पाइलोरी के उपचार को बढ़ाने का सलाह दी है।

**गैस्ट्रिक कैंसर और इसके जोखिम कारक**

गैस्ट्रिक कैंसर या पेट के कैंसर को लेकर वैसे तो कम चर्चा की जाती है, हालांकि इसका खतरा पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ता हुआ देखा गया है। यह वैश्विक स्तर पर कैंसर से मृत्यु चार्ट में पांचवें स्थान पर है। चूंकि इसके लक्षण आमतौर पर पेट की अन्य कई समस्याओं से मिलते जुलते होते हैं यही कारण है समय पर इसका निदान हो पाना कठिन हो जाता है।

पेट के कैंसर के शुरुआती लक्षणों में पेट फूलने, अपच-भूख न लगने, अस्पष्टीकृत रूप से वजन घटने या भोजन के बाद पेट दर्द की दिक्कत हो सकती है, यही कारण है कि इसपर अक्सर लोगों का ध्यान कम जाता है।

**अध्ययन में क्या पता चला?**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की इकाई, अंतर्राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी (आईएआरसी) के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस अध्ययन में, ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी के डेटाबेस का उपयोग किया गया। संयुक्त राष्ट्र के जनसांख्यिकीय अनुमानों का उपयोग करते हुए, शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया कि 2008 और 2017 के बीच पैदा हुए बच्चों को उनके जीवनकाल में गैस्ट्रिक कैंसर हो सकता है।

शोधकर्ताओं ने कहा, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में कई बच्चे बचपन में ही एच. पाइलोरी से संक्रमित हो सकते हैं।

इसका कारण खराब स्वच्छता, भीड़-भाड़ वाली रहने की स्थिति और शुरुआती जांच या इलाज की सीमित पहुंच हो सकती है।

**गैस्ट्रिक कैंसर से बचाव के लिए करें उपाय**

अध्ययन के अनुसार चीन और भारत पर इसका सबसे ज्यादा बोझ पड़ने की आशंका है। दोनों देशों में कुल मिलाकर 65 लाख मामले हो सकते हैं। अगर निवारक और उपचार के लिए उपायों में सुधार नहीं हुआ, तो अकेले भारत में ही 16.57 लाख लोगों में इसका खतरा हो सकता है।

उप-सहारा अफ्रीका में, जहां वर्तमान में संक्रमण की दर कम है, भविष्य में मामलों में छह गुना वृद्धि हो सकती है, जिससे इस क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों के लिए चिंता की बात है।

विशेषज्ञों ने कहा, आमतौर पर जब तक संक्रमण और इस रोग के लक्षण दिखाई देते हैं, तब तक नुकसान काफी बढ़ चुका होता है। इसलिए स्थिति की गंभीरता को समझते हुए सभी लोगों को पहले से ही विशेष सावधानी बरतते रहना चाहिए।

# रोज तोरई की सब्जी खाने से शरीर में होते हैं ये सकारात्मक बदलाव

तोरई एक ऐसी सब्जी है, जो गर्मी और मानसून में आसानी से बाजार में उपलब्ध हो जाता है। इसको डाइट में शामिल करने के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। अगर आप भी तोरई खाना पसंद करते हैं तो आपको ये लेख जरूर पढ़ना चाहिए।

भारतीय रसोई में तोरई, जिसे कई जगहों पर तुरई, झींगा, या नेनुआ भी कहा जाता है, एक सामान्य लेकिन बेहद गुणकारी हरी सब्जी है। अक्सर लोग इसे साधारण सब्जी मानकर इसकी पौष्टिक खूबियों को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह वास्तव में पोषक तत्वों का भंडार है। यह कम कैलोरी वाली सब्जी हमारे स्वास्थ्य के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। तोरई एक मौसमी सब्जी है जो मुख्य रूप से गर्मियों और मानसून में मिलती है।

तोरई में फाइबर, विटामिन A, C, B6, पोटैशियम, मैग्नीशियम और शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। यह न केवल आपके पाचन तंत्र को मजबूत करती है, बल्कि हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और डायबिटीज को



नियंत्रित करने में भी अहम भूमिका निभाती है। रोजाना अपनी डाइट में तोरई को शामिल करने से आपके शरीर में कई सकारात्मक बदलाव देखे जा सकते हैं। आइए इस चमत्कारी सब्जी के प्रमुख स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**पाचन के लिए लाभकारी**

तोरई में अधिक मात्रा में फाइबर और पानी होता है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। यह कब्ज, अपच, और गैस जैसी समस्याओं को दूर करता है। तोरई वजन घटाने में भी बहुत लाभकारी होता है, क्योंकि इसमें कम कैलोरी और हाई फाइबर होता है।

**वजन नियंत्रण**

रोजाना तोरई की सब्जी खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे अधिक खाने की इच्छा कम होती है। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। सलाद, करी, या सूप के रूप में इसका सेवन पाचन को बेहतर बनाता है।

**डायबिटीज और हृदय स्वास्थ्य**

तोरई डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि इसमें इंसुलिन जैसे पेप्टाइड्स होते हैं, जो ब्लड शुगर और यूरिन में ग्लूकोज के लेवल को कम करते हैं। इसके एंटीऑक्सिडेंट्स और पोटैशियम कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करते हैं और ब्लडप्रेशर को संतुलित रखते हैं, जिससे हृदय रोग का जोखिम कम होता है। तोरई में मौजूद विटामिन ष्ट और मैग्नीशियम हृदय की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं।

**त्वचा और इम्यूनिटी में सुधार**

तोरई में मौजूद विटामिन ष्ट और एंटीऑक्सिडेंट्स त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, विटामिन ष्ट इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है, जिससे सर्दी-जुखाम और संक्रमण से बचाव होता है। मानसून में तोरई की सब्जी खाने से नमी से होने वाली बीमारियों से सुरक्षा मिलती है।

# 2029 तक लाखों लोगों की एड्स से हो सकती है मौत

## संयुक्त राष्ट्र चिंतित, जानिए क्यों बढ़ गया है खतरा



संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि अगर एचआईवी कार्यक्रमों के लिए अमेरिकी धन की भरपाई नहीं की गई, तो 2029 तक लाखों और लोग मौत का शिकार हो सकते हैं।

इस साल की शुरुआत में एचआईवी/एड्स के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने एचआईवी रोकथाम और उपचार कार्यक्रमों के लिए विदेशी सहायता निधि रोकने का फैसला किया था। इस कदम ने अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य समुदाय में खलबली मचा दी है, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा अगर इस दिशा में जल्द फिर से विचार न किया गया तो इस महामारी के फिर से उभरने की आशंका हो सकती है।

इस विषय पर अब संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि अगर एचआईवी कार्यक्रमों के लिए अमेरिकी धनराशि की भरपाई नहीं की गई, तो 2029 तक लाखों और लोग मौत का शिकार हो सकते हैं।

पिछले छह महीनों में, अमेरिका के एक फैसले ने स्वास्थ्य को व्यवस्थागत झटका दे दिया था, जिसको लेकर संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने चेतावनी दी है। उन्होंने आगे कहा कि अगर इस धन की भरपाई नहीं की गई, तो विशेषज्ञों ने कहा साल 2029 तक 40 लाख से ज्यादा एड्स से संबंधित मौतें और 60 लाख से ज्यादा एचआईवी संक्रमण के मामले बढ़ सकते हैं।

**अमेरिका के एक फैसले ने बिगाड़ दी व्यवस्था**

यूएनएड्स ने गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा, धन की कमी ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को पहले ही अस्थिर कर दिया है, स्वास्थ्य सुविधाएं बंद कर दी हैं, हजारों स्वास्थ्य क्लीनिक बिना कर्मचारियों के रह गए हैं, रोकथाम कार्यक्रमों में बाधा आई है, एचआईवी परीक्षण के प्रयास बाधित हुए हैं और कई सामुदायिक संगठनों को अपनी एचआईवी गतिविधियों को कम करने या रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा है। ये गंभीर चिंता का विषय है।

**दशकों से हो रही प्रगति पर फिर जाएग पानी**

यूएनएड्स ने यह भी कहा कि उसे डर है कि अन्य प्रमुख दानदाता भी अपना सहयोग कम कर सकते हैं, जिससे दुनियाभर में एड्स के खिलाफ दशकों से हो रही प्रगति पर पानी फिर सकता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2025 तक वैश्विक एचआईवी रिस्पॉंस के लिए जो 4 बिलियन डॉलर का वादा किया था। ये जनवरी में लगभग रातों रात गायब हो गया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सभी विदेशी सहायता को निलंबित करने का आदेश दिया और बाद में अमेरिकी एआईडी एजेंसी को बंद करने का फैसला किया था।

**विशेषज्ञों ने जताई चिंता**

यूएस स्थित लिवरपूल विश्वविद्यालय में एचआईवी विशेषज्ञ एंड्रयू हिल ने कहा वैसे तो ट्रम्प को अमेरिकी धन को अपनी इच्छानुसार खर्च करने का अधिकार है, हालांकि कोई भी जिम्मेदार सरकार पहले से चेतावनी दे देती है ताकि देश योजना बना सके, बजाय इसके कि रातोंरात क्लीनिक बंद होने पर मरीजो को फंसा दिया जाए।

**2003 में शुरू कई गई थी योजना**

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति की एड्स राहत आपातकालीन योजना या क्क्क्रस्नक्र सन 2003 में अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश द्वारा शुरू की गई थी, जो किसी भी देश द्वारा किसी एक बीमारी पर केंद्रित अब तक की सबसे बड़ी प्रतिबद्धता थी।

यूएनएड्स के अनुमान के अनुसार, 2024 में दुनियाभर में एड्स से संबंधित लगभग 6.30 लाख मौतें हुईं। अमेरिकी वित्त पोषण में कटौती के बाद विशेषज्ञों को आशंका है कि आने वाले दिनों में एचआईवी-एड्स के मामले और मौतों में फिर से वृद्धि हो सकती है।

# हृदय रोगों की नहीं है फैमिली हिस्ट्री

## तो क्या हार्ट अटैक से सुरक्षित हैं आप ? डॉक्टर से जानिए

हृदय रोग के मामले अब सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या नहीं रह गए हैं, कम उम्र में यहां तक कि 20 से कम आयु वाले भी इसका शिकार हो रहे हैं। हाल के दिनों में आपने कई ऐसी खबरें सुनी-देखी होंगी जिसमें क्रिकेट खेलते, बातचीत करते-करते या ऑफिस में बैठे-बैठे हार्ट अटैक के कारण लोगों की मौत हो गई। इस तरह की खबरें सुनने के बाद मन में पहला सवाल यही आता है कि कहीं हमें भी तो इसका खतरा नहीं है?

हृदय रोगों के लिए आमतौर पर खराब जीवनशैली-गड़बड़ खान पान को बड़ा कारण माना जाता रहा है। इसके अलावा जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को, विशेष रूप से माता-पिता को हृदय रोगों की समस्या रही है उनमें आगे चलकर हार्ट की बीमारियों के होने का खतरा अधिक रहता है।

अब सवाल ये है कि अगर आपके परिवार में हृदय रोगों की कोई फैमिली हिस्ट्री नहीं है तो क्या आप हार्ट अटैक से सुरक्षित हैं? आइए इस सवाल की जवाब ढूंढते हैं।

**क्या कहते हैं डॉक्टर?**

अमर उजाला से बातचीत में दिल्ली स्थित एक निजी अस्पताल में वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ रवि प्रकाश कहते हैं, ये सही है कि जिन लोगों के माता-पिता या खून के रिश्ते वालों को हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर की समस्या रही है, ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। ये स्थितियां आपमें भी हार्ट से संबंधित समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

हालांकि अक्सर लोगों को लगता है कि अगर उनके परिवार में किसी को दिल की बीमारी नहीं हुई है, तो उन्हें हार्ट अटैक का खतरा नहीं है। लेकिन सच्चाई इससे



काफी अलग है।

हार्ट अटैक केवल अनुवांशिक वजहों से ही नहीं होता, हमारी जीवनशैली और पर्यावरण भी इसमें अहम भूमिका निभाते हैं।

इसी को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में हर साल करीब 1.8 करोड़ लोग दिल की बीमारियों से जान गंवाते हैं। इनमें से बड़ी संख्या उन लोगों की है, जिन्हें फैमिली हिस्ट्री नहीं थी।

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक, हार्ट अटैक के 80त्न मामले जीवनशैली से जुड़े कारणों से होते हैं, न कि केवल जीन से। आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में 20-40 साल की उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़े हैं, इनमें से कई लोगों का कोई फैमिली हिस्ट्री नहीं थी।

**इन कारणों से हो सकता है हार्ट अटैक**

डॉ रवि प्रकाश बताते हैं, भले ही फैमिली हिस्ट्री न हो फिर भी कुछ स्थितियां आपमें हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ाने वाली हो सकती है। इसका सबसे बड़ा कारण है अस्वास्थ्यकर खान-पान जैसे ज्यादा ऑयली, जंक फूड, मीठा और प्रोसेस्ड फूड का सेवन दिल पर बुरा असर डालता है। इसी तरह से धूम्रपान और शराब की आदत भी दिल की सेहत के लिए ठीक नहीं है।

शारीरिक निष्क्रियता यानी दिनभर बैठकर काम करना और व्यायाम न करना एक बड़ा रिस्क फैक्टर है।

हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी स्थितियां अचानक हार्ट अटैक का कारण बन सकती हैं।

क्रॉनिक स्ट्रेस और नींद न पूरी होने से दिल की धड़कनें अनियमित हो सकती हैं और हार्ट अटैक का जोखिम रहता है।

इसके अलावा शरीर में ज्यादा फैट या मोटापा होने से धमनियां ब्लॉक हो सकती हैं और हार्ट अटैक का कारण बन सकती है।

**हृदय स्वास्थ्य का रखिए ध्यान**

डॉक्टर कहते हैं, फैमिली हिस्ट्री का होना या न होना हार्ट अटैक के खतरे को पूरी तरह तय नहीं करता। अगर आपके परिवार में पहले से किसी को दिल की बीमारी नहीं है, तो भी आप पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। आज की लाइफस्टाइल, खान-पान और मानसिक तनाव जैसे कई ऐसे कारण हैं जो किसी को भी हार्ट अटैक की तरफ धकेल सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप पहले से सतर्क रहें और अपनी लाइफस्टाइल में पॉजिटिव बदलाव लाएं।

# हथिनी माधुरी को कोल्हापुर वापस भेजने के लिए वंतारा की टीम तैयार

**अदालत ने हथिनी को स्थानांतरित करने का दिया था आदेश**



**मुंबई (यूएनआई)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि वंतारा की टीम हथिनी माधुरी को कोल्हापुर के मठ में वापस भेजने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हथिनी माधुरी को वापस मठ भेजने के लिए सुप्रीम कोर्ट में जो याचिका दायर की हुई है, वंतारा की टीम भी उस याचिका में शामिल होगी। वंतारा ने कहा है कि उन्होंने हथिनी को कोल्हापुर के मठ से जामनगर स्थित उनके आश्रय गृह में स्थानांतरित करने का अनुरोध नहीं किया था, बल्कि वह सिर्फ अदालत द्वारा नियुक्त प्राप्तकर्ता आश्रय गृह के रूप में काम कर रहा था।

गौरतलब है कि 36 वर्षीय मादा हाथी माधुरी, जो तीन दशकों से भी अधिक समय से कोल्हापुर के श्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी जैन मठ में रह रही थी। पिछले सप्ताह एक अदालती फैसले के बाद हथिनी माधुरी को बेहतर देखभाल के लिए वंतारा के राधे कृष्ण मंदिर हाथी कल्याण ट्रस्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। एक गैर-सरकारी संगठन द्वारा महाराष्ट्र वन विभाग और सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) के समक्ष उसके बिगड़ते स्वास्थ्य और मानसिक पीड़ा पर चिंता व्यक्त किए जाने के बाद, बॉम्बे उच्च न्यायालय ने 16 जुलाई को इस हथिनी को गुजरात के जामनगर स्थित वंतारा के केंद्र में रखने का आदेश दिया था। वहीं इस मामले में वंतारा की ओर से भी बयान जारी किया गया है। वंतारा का कहना है कि वंतारा हम यह स्वीकार करते है कि जैन मठ और कोल्हापुर की जनता के लिए माधुरी का गहरा धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। दशकों से वह आध्यात्मिक परंपराओं और सामुदायिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रही हैं। हम जैन मठ के नेतृत्व, श्रद्धालुओं और व्यापक समुदाय की भावनाओं को पहचानते और सम्मान करते हैं । इस मामले में वंतारा की भूमिका केवल माननीय सुप्रीम कोर्ट और माननीय बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा जारी बाध्यकारी निर्देशों के अनुसार कार्य करने तक सीमित रही है। माधुरी को स्थानांतरित करने का निर्णय न्यायिक प्राधिकरण के तहत लिया गया था और वंतारा की भूमिका केवल देखभाल, पशु चिकित्सा सहायता और पुनर्वास केंद्र के रूप में आवास प्रदान करने तक सीमित रही। वंतारा ने कभी भी इस स्थानांतरण की पहल नहीं की, न ही इसकी सिफारिश की, और न ही धार्मिक प्रथाओं या भावनाओं में हस्तक्षेप करने का कोई इरादा था। वंतारा जैन मठ और महाराष्ट्र सरकार द्वारा माननीय अदालत में माधुरी की कोल्हापुर वापसी के लिए दायर किसी भी आवेदन का पूरा समर्थन करेगा। यदि अदालत इस पर सहमति देती है, तो वंतारा उसकी सुरक्षित और गरिमामय वापसी के लिए सभी तकनीकी और पशु चिकित्सा सहायता प्रदान करेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने 25 जुलाई को उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। वहीं हथिनी को मठ से वंतारा में शिफ्ट करने का विरोध हो रहा है। रविवार को कोल्हापुर में हजारों लोगों ने एक मौन मार्च निकाला, जिसमें हथिनी माधुरी (जिसे महादेवी भी कहा जाता है) को वापस मठ लाने की मांग की गई।

# कटिहार में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी से हड़कंप, हिंदू परिवार के पते पर जुड़े मुस्लिम नाम



**कटिहार।** कटिहार जिले में मतदाता गहन विशेष पुनरीक्षण के बाद वोटर लिस्ट में सामने आई गंभीर गड़बड़ी ने न केवल प्रशासन को सकते में डाल दिया है, बल्कि स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के बीच आक्रोश की लहर दौड़ गई है। मामला नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 44 स्थित तीनगछिया मोहल्ले का है। जहां एक ही बूथ पर दो अलग-अलग हिंदू परिवारों के पते पर मुस्लिम नाम जोड़े जाने से विवाद खड़ा हो गया है।

गड़बड़ी का पहला मामला बाजार समिति मतदान केंद्र के बूथ संख्या 280 के हाउस नंबर 118 का है। इस पते पर राजकुमार लाल श्रीवास्तव अपने परिवार के साथ रहते हैं। वोटर लिस्ट में उनके परिवार के कुल आठ मतदाता दर्ज हैं, लेकिन छोटे बेटे का नाम किसी अन्य पते पर दर्ज कर दिया गया है। हैरत की बात यह है कि उसी हाउस नंबर 118 पर सैयद वसीम अकरम नामक मुस्लिम मतदाता का नाम जोड़ दिया गया, जबकि यह व्यक्ति उस पते पर रहता ही नहीं है। दूसरा मामला हाउस नंबर 173 से जुड़ा है, जहां मंटू ऋषि और उनकी पत्नी मुन्नी देवी निवास करते हैं। इस पते से केवल दो मतदाता होने चाहिए, लेकिन मुन्नी देवी का नाम वोटर लिस्ट से गायब है। इसके स्थान पर सैयद अख्तर आलम%और फरीदा खातून जैसे मुस्लिम नाम जोड़ दिए गए हैं। यह गड़बड़ी स्थानीय लोगों के लिए चौंकाने वाली है और मतदाता पुनरीक्षण की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर रही है। एक ही बूथ संख्या पर दो ऐसे मामलों के सामने आने के बाद इलाके में गंभीर चर्चा शुरू हो गई है। स्थानीय लोग आशंका जता रहे हैं कि यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि किसी गहरी साजिश का हिस्सा हो सकती है। वहीं जनप्रतिनिधि भी नाराजगी जता रहे हैं और चुनाव प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहे हैं।

# दलित से सामूहिक दुष्कर्मः प्रेमी को मारकर छीन ले गए प्रेमिका, जंगल में युवती चीखती रही, दरिंदे लूटते रहे अस्मत

**तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है एक की तलाश जारी है**



**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। दलित युवती से चार युवकों ने दरिंदगी को अंजाम दिया है। युवती के दोस्त को लाठियों से पीटा है और युवती को उठा ले गए और उसकी अस्मत लूट ली। पुलिस ने आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। चार में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, एक की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार मामला सीधी जिले के चुरहट थाना क्षेत्र के ग्राम बरिगवा का है। बताया जाता है कि एक प्रेमी जोड़ा जंगल की सुंदरता देख फोटो खींचने गया था। तभी वहां पहले से मौजूद चार युवकों ने उन पर हमला कर दिया। युवक के सिर में लाठियां मारी, जिससे वो बेसुध हो गया। फिर दो आरोपी युवती को उठाकर जंगल में ले गए, दो आरोपी प्रेमी को पकड़े रहे। चारों ने बारी-बारी से युवती से दुष्कर्म किया और जंगल में भाग गए। युवती जैसे-तैसे गांव की ओर पहुंची और एक ग्रामीण से मदद मांगी। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। छानबीन के बाद तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक फरार है। मामले में पीड़िता युवती ने बताया कि मैं लगभग मंगलवार की दोपहर दो बजे अपने दोस्त के साथ बरीगवा गांव की तरफ गई थी, जहां फोटो खिंचवाने के लिए जंगल की तरफ हम दोनों निकल गए। इसके बाद चार लोग घात लगाकर बैठे हुए थे और जैसे ही हम नीचे उतरने लगे, वैसे ही मेरा मुंह दबा लिया। मेरे दोस्त के सिर पर एक डंडा मारा, जिसकी वजह से वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद मुझे उठाकर दो लोग ऊपर जंगल की ऊंचाई तक ले गए और दो लोग मेरे दोस्त को पकड़े हुए थे। सभी ने मिलकर मेरे साथ दुष्कर्म किया है। मैं रोती रही, गिड़गिड़ाती रही, उनके पैर पड़ती रही, पर किसी ने मुझ पर दया नहीं की। इसके बाद उन्होंने मुझे धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो तुम दोनों को जान से खत्म कर देंगे। फिर मेरा और मेरे दोस्त का फोन लेकर सभी भाग गए। इसके बाद मैं और मेरा दोस्त जंगल से भागकर नीचे आए और गांव वालों को इसकी सूचना दी।

पीड़िता युवती जिस ग्रामीण से सबसे पहले मिली और मदद की मांग की। उस ग्रामीण दलवीर सिंह गोंड ने बताया कि मैं अपने गांव में भवन निर्माण का कार्य कर रहा था, तभी दो से ढाई बजे के बीच में एक युवती रोते हुए, गिरते-पड़ते हुए हालत में आई। मुझे बताया कि मेरे साथ दुष्कर्म हुआ है, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। फिर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां मैं पुलिस के साथ जंगल की तरफ गया।

# गड़बड़ी करने के लिए संसदीय समिति के अध्यक्ष और सचिव ही दोषी पाए गए



**काठमांडू।** सरकारी कर्मचारियों को अवकाश या इस्तीफे के दो साल तक किसी भी राजनीतिक या संवैधानिक नियुक्तियों में रोक लगाने संबंधी विधेयक में गड़बड़ी को लेकर गठित संसदीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

इस रिपोर्ट में संसदीय समिति के अध्यक्ष और सचिव को इसके लिए दोषी ठहराया गया है। इस जांच समिति के संयोजक जीवन परियार के अनुसार, रिपोर्ट में राज्य मामलों और सुशासन समिति के अध्यक्ष रामहरि खतिवडा और समिति के सचिव सूरज कुमार दुरा को कूलिंग पीरियड के प्रावधान को रद्द करने वाली भाषा डालने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। दो दिन और दो रात की व्यापक चर्चाओं के बाद, समिति ने आम सहमति बनाते हुए सुबह स्पीकर देवराज घिमिरे को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। परियार ने पुष्टि की कि रामहरि खतिवडा और सचिव दुरा की पहचान प्राथमिक जिम्मेदार व्यक्तियों के रूप में की गई है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस प्रक्रिया में प्रत्यक्ष और विषयगत रूप से शामिल अन्य लोग भी जिम्मेदार हैं। संसद में पंजीकृत संघीय सिविल सेवा विधेयक के मूल मसौदे में सेवानिवृत्त सचिवों और संयुक्त सचिवों के लिए दो साल की कूलिंग ऑफ पीरियड की अनिवार्यता से बाहर रख दिए जाने के बाद यह विवाद शुरू हुआ था, जबकि सत्ता साझेदार दलों ने यह सहमति की थी कि यह नियम सभी स्तर के सरकारी कर्मचारियों पर लागू किया जाए।

हालांकि, जब प्रतिनिधि सभा द्वारा विधेयक पारित किया गया, तो सेवानिवृत्त सिविल सेवकों को कूलिंग ऑफ पीरियड से छूट देते हुए एक नया खंड - धारा 82 (4) डाला गया, जिसमें सेवानिवृत्त सचिवों और संयुक्त सचिव को छूट दिए जाने का प्रावधान रखा हुआ था। इसके अतिरिक्त, ÷सरकार की पूर्व स्वीकृति÷ की आवश्यकता वाले वाक्यांश को हटा दिया गया। संसद की राज्य व्यवस्था समिति में सहमति और पारित होने के बाद इसे हूबहू प्रतिनिधि सभा में पेश करना था। जब प्रतिनिधि सभा से यह बहुमत से पारित होकर राष्ट्रीय सभा में भेजा गया तब इसकी पोल खुली।

# देशबंदु टेन्नकून को पद से हटाने के महाभियोग प्रस्ताव पर बहस

**कोलंबो।** श्रीलंका की संसद में आज देश के पुलिस प्रमुख (पुलिस महानिरीक्षक) देशबंदु टेन्नकून को पद से हटाने के महाभियोग प्रस्ताव पर बहस हो रही है। यह बहस अधिकारियों को हटाने (प्रक्रिया) के अधिनियम, संख्या 5, 2002 की धारा 17 के तहत शुरू हुई है। देशबंदु टेन्नकून को पद से हटाने का प्रस्ताव संसद के स्पीकर जगत विक्रमरत्ना ने प्रस्तुत किया। डेली मिरर अखबार और समाचार पोर्टल न्यूज फर्स्ट की खबर के अनुसार संसद ने इसी साल 08 अप्रैल को प्रस्ताव संख्या पी. 29/2025 पारित कर इसे आदेश पत्र में प्रकाशित किया। इस बीच गठित जांच समिति ने अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किए। समिति ने स्पष्ट रूप से तेनाकून को आरोपों का दोषी पाया है। इस प्रस्ताव को 115 सांसदों का समर्थन हासिल है। इसे पहली बार 25 मार्च को संसद के स्पीकर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इस प्रस्ताव पर आज मतदान होना है। यदि मत विभाजन में प्रस्ताव को बहुमत मिलता है, तो राष्ट्रपति के लिए संवैधानिक रूप से आवश्यक है कि वह संबंधित अधिकारी को बिना किसी देरी के पद से हटा दें।

# पूर्व मंत्री स्वामी पर हमला



**लखनऊ।** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का शहर के साथस मोटल चौराहा पर स्वागत हो रहा था। इस दौरान दो युवकों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद समर्थकों ने दोनों युवकों को पीटा। पुलिस ने पिटाई करने वाले दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। सीओ सदर अमित सिंह ने कहा पकड़े गए युवकों की अभी पहचान नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज होगा। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए स्वामी प्रसाद ने कहा कि ये करणी सेना के नाम पर कीड़े-मकोड़े हैं। ये लोग खुलेआम कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ये बताता है कि योगी सरकार में गुंडे-माफियाओं के हौसले कितने बढ़े हुए हैं। वहीं, पुलिस की गिरफ्त में आए हमलावर ने कहा कि स्वामी लगातार सनातन का विरोध करते हैं इसलिए उन पर हमला किया।

सीओ अमित मिश्रा ने बताया कि दो लोगों को पूर्व मंत्री पर हमला करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। स्वामी प्रसाद लगातार विवादित टिप्पणियां करने के कारण चर्चा में रहते हैं। बुधवार को जब वह रायबरेली पहुंचे तो उनके कार्यकर्ताओं ने मोटल चौराहे पर उनका स्वागत किया। इसी दौरान दो युवकों ने उन पर हमला कर दिया जिस पर वहां मौजूद उनके समर्थकों ने दोनों हमलावरों को पकड़ लिया और उनके साथ मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना पर आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला निंदनीय और शर्मनाक है। लोकतंत्र में विचारों से असहमति का समाधान बहस और संवाद है, हिंसा नहीं। इस तरह का कृत्य न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा पर हमला है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक मर्यादा पर भी चोट है।

# टेक्सास के 50 से ज्यादा डेमोक्रेट्स के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**ऑस्टिन (टेक्सास)।** रिपब्लिकन हाउस स्पीकर डस्टिन बरोज ने सोमवार को 50 से ज्यादा डेमोक्रेट्स के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। सदन में इनके अनुपस्थित न रहने से कोरम पूरा नहीं हो सका। इसलिए कांग्रेस में रिपब्लिकन पार्टी की संख्या बढ़ाने का मंसूबा पूरा नहीं हो सका। ऑस्टिन अमेरिकन-स्टेट्समैन की खबर के अनुसार, बरोज ने सदन में कहा, वे राज्य छोड़कर चले गए हैं। उन्होंने मतदाताओं से भी मुंह मोड़ लिया जिनका प्रतिनिधित्व करने की उन्होंने शपथ ली थी। वे राज्य के बाहर के राजनेताओं और कार्यकर्ताओं के दबाव में अपनी जिम्मेदारी से पीछे भाग रहे हैं। इसके तुरंत बाद गवर्नर ग्रेग एबॉट ने टेक्सास के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को आदेश दिया कि ऐसे किसी भी सदस्य का पता लगाएं, उसे गिरफ्तार करें और सदन के कक्ष में वापस लाएं। यह वारंट कानून प्रवर्तन अधिकारियों को सदन में अनुपस्थित पाए गए सदस्यों को वापस बुलाने के लिए बाध्य करते हैं। बावजूद इसके कोरम भंग करने पर उनकी आपराधिक गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। यह वारंट अधिकारियों को राज्य से बाहर जाकर उन दर्जनों डेमोक्रेट्स को वापस लाने का अधिकार नहीं देते जो सदन को आवश्यक कोरम से वंचित करने के लिए इलिनॉय (न्यूयॉर्क) और मैसाचुसेट्स चले गए। सदन के 62 डेमोक्रेटिक सदस्यों में से केवल छह ही सात मिनट तक सत्र में उपस्थित रहे। लुबॉक से रिपब्लिकन उम्मीदवार बरोज ने सदन को बताया कि जल्द ही मतदान करवा कर पुनर्वितरण योजना को मंजूरी दिलाई जाएगी। यही बात उन्होंने संक्षिप्त संवाददाता सम्मेलन में दोहराई। टेक्सास के रिपब्लिकन ने नया कांग्रेसी नक्शा प्रस्तावित किया है। यह डलास, ऑस्टिन और ह्यूस्टन में डेमोक्रेटिक झुकाव वाले एक जिले को हटाकर और दक्षिण टेक्सास के दो जिलों में अतिरिक्त रिपब्लिकन मतदाताओं को जोड़कर रिपब्लिकन पार्टी की पांच और जीतने योग्य सीटें जोड़ देगा। यहां वर्तमान में डेमोक्रेट हेनरी क्यूएलर और विसेंट गोंजालेज का कब्जा है। उल्लेखनीय है कि 2021 में भी डेमोक्रेट्स कोरम का उल्लंघन कर चुके हैं।तत्कालीन स्पीकर डेड फेलन ने तब भी उन्हें वापस बुलाने के लिए वारंट जारी किए थे। लेकिन डेमोक्रेट्स स्वेच्छा से ऑस्टिन लौटे थे।

# भारत की आलोचना करने वाले खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ बढ़ाने की धमकी के बीच विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अपने हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। भारत उपभोक्ताओं के लिए उर्जा सुनिश्चित करने के लिए तेल आयात कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। उन्होंने यह बयान उस समय दिया, जब भारत पर अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर से रूस से तेल आयात को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। यह स्थिति यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद बनी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत ने रूस से तेल इसलिए खरीदा क्योंकि पहले जहां से तेल आता था, वहां का तेल युद्ध के कारण अब यूरोप को भेजा जाने लगा था। जायसवाल ने कहा कि उस समय अमेरिका ने भी भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था, ताकि वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनी रहे। भारत जो भी तेल रूस से मंगवा रहा है, उसका मकसद यही है कि देश में उपभोक्ताओं को सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा मिल सके। जायसवाल ने यूरोपीय संघ को भी आड़े हाथों लिया है, जिसने भारतीय तेल रिफाइनरी को उनके निर्यात को लेकर निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि रूस से तेल आयात करना भारत की एक मजबूरी है, जो वैश्विक बाजार की स्थिति के कारण है। उन्होंने यह भी कहा कि जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वही खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। सरकार ने इन देशों के रूस के साथ व्यापार के आंकड़े भी पेश किए। उसने बताया कि 2024 में यूरोपीय संघ और रूस के बीच 67.5 अरब यूरो का वस्तु व्यापार हुआ। इसके अलावा 2023 में सेवा व्यापार 17.2 अरब यूरो था। यह भारत और रूस के बीच हुए कुल व्यापार से काफी अधिक है। यूरोपीय देशों ने 2024 में रूस से रिकॉर्ड 16.5 मिलियन टन तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयात की जो 2022 के 15.21 मिलियन टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है।

# नजरबंद रहेंगे पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश



**साओ पाउलो।** ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को नजरबंद करने का आदेश दिया है। अदालत के आदेश के तहत, अति-दक्षिणपंथी नेता बोल्सोनारो पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, केवल परिवार के सदस्यों और वकीलों को ही उनसे मिलने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा, आदेश के तहत उनके रियो डी जेनेरियो स्थित घर से सभी मोबाइल फोन जब्त कर लिए जाएंगे। ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने (स्थानीय समयानुसार) को पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को नजरबंद करने का आदेश दिया।

बोल्सोनारो पर आरोप है कि उन्होंने 2022 का चुनाव हारने के बाद कथित तौर पर तख्तापलट करने की कोशिश का नेतृत्व किया था। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस ने आदेश जारी करते हुए कहा कि बोल्सोनारो ने अपने बेटे के सोशल मीडिया चैनलों पर सामग्री पोस्ट करके उन पर लगाए गए एहतियाती उपायों का उल्लंघन किया है। अभियोजकों का आरोप है कि पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने एक आपराधिक संगठन का नेतृत्व किया, जिसने राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्ज़ांद्रे डि मोरेस की हत्या की योजना समेत चुनाव को पलटने की साजिश रची थी। पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो और उनके 33 सहयोगियों पर तख्तापलट की साजिश, हिंसक अपराध संगठन में शामिल होने, लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। अभियोजक पाउलो गोनेट का कहना है कि इस साजिश में बोल्सोनारो के साथ उनके पूर्व उपराष्ट्रपति जनरल ब्रागा नेटो भी शामिल थे। सोमवार का आदेश पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए उस आदेश के बाद आया है, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को इलेक्ट्रॉनिक एंकल मॉनिटर पहनने का आदेश दिया था।

साथ ही कार्यवाही के दौरान उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कुछ पाबंदियां लगाई थीं। इसके अलावा, आदेश के तहत उनके रियो डी जेनेरियो स्थित घर से सभी मोबाइल फोन जब्त कर लिए जाएंगे। अभियोजकों का आरोप है कि पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने एक आपराधिक संगठन का नेतृत्व किया, जिसने राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्ज़ांद्रे डि मोरेस की हत्या की योजना समेत चुनाव को पलटने की साजिश रची थी।

# भारतीय सेना ने ट्रंप को दिखाया आईना, दो अरब डॉलर के अमेरिकी हथियार पाकिस्तान भेजे गए



5 AUG 1971

**U.S. Arms Worth $2 Billion Shipped To Pakistan Since '54**



**कोलकाता।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया टैरिफ संबंधी बयानों के बीच भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर साल 1971 के युद्ध के दौरान पाकिस्तान को अमेरिका के सैन्य मदद की याद दिलाई है। भारतीय सेना की पूर्वी कमांड ने पुरानी अखबार की कटिंग शेयर की है, जिसमें बताया गया है कि कैसे साल 1954 से 1971 के बीच पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर के अमेरिकी हथियार भेजे गए थे। भारतीय सेना की पूर्वी कमांड ने मंगलवार को 5 अगस्त 1971 के एक अखबार की कटिंग शेयर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इस दिन उस साल युद्ध की तैयारी। जिसमें हैशटैग का इस्तेमाल किया गया। अखबार की कटिंग में बोल्ड अक्षरों में लिखा है, 1954 से 2 बिलियन डॉलर मूल्य के अमेरिकी हथियार पाकिस्तान भेजे गए। सेना की ओर से शेयर किए गए इस अखबार कटिंग में लिखा है कि वर्ष 1954 से 1971 के बीच अमेरिका ने पाकिस्तान को दो अरब डॉलर से अधिक मूल्य के हथियार दिए थे। इन हथियारों के दम पर पाकिस्तान ने 1965 और 1971 में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ा था। तत्कालीन रक्षा राज्य मंत्री वीसी शुक्ला के बयान का हवाला भी इस कटिंग में मौजूद है, जिसमें उन्होंने राज्यसभा में बताया था कि बांग्लादेश में भड़के विद्रोह के मद्देनजर नाटो देशों और सोवियत संघ से पाकिस्तान को हथियार देने का अनुरोध किया गया था। अखबार में यह भी दर्ज है कि अमेरिका और चीन ने मिलकर पाकिस्तान को हथियार मुहैया कराए, जिनकी मदद से पाकिस्तान ने 1971 का युद्ध लड़ा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल खरीदने और उसे प्रॉफिट पर बेचने का आरोप लगाया है। इस पर भारत ने स्पष्ट किया है कि जब रूस से तेल खरीदना शुरू किया गया था, तब अमेरिका ने खुद इसे उचित ठहराया था। विदेश मंत्रालय ने साफ शब्दों में कहा कि भारत की आलोचना करने वाले राष्ट्र ही स्वयं रूस के साथ व्यापार में लिप्त हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारत को निशाना बनाना अनुचित और तर्कहीन है। किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तरह, भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

# रूस ने छोटी-मध्यम दूरी की मिसाइलों की तैनाती पर लगी रोक हटाई

**मास्को।** अमेरिका यूरोप और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में छोटी और मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात कर रहा है। इसलिए अब रूस ने भी फैसला किया है कि वह भी इस तरह की मिसाइलों पर लगी रोक को नहीं मानेगा। रूस ने भी अब छोटी और मध्यम दूरी की मिसाइलों पर लगी रोक को हटा लिया है। रूस ने छोटी और मध्यम दूरी की मिसाइलों की तैनाती पर लगी रोक को हटाने का फैसला किया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि रूस अब खुद को छोटी और मध्यम दूरी की मिसाइलों की तैनाती पर लगी रोक से बंधा हुआ नहीं मानता। दरअसल, अमेरिका 2019 में मध्यम दूरी की परमाणु शक्ति संधि से हट गया था, जिसमें तय किया गया था कि दोनों देश इस तरह की मिसाइलें तैनात नहीं करेंगे। हालांकि, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दिसंबर 2024 में संकेत दिया था कि रूस को रणनीतिक क्षेत्र में अमेरिका और नाटो की अस्थिर करने वाली कार्रवाइयों का जवाब देना होगा।

अवधनामा



# साहू समाज का श्रावणी पूजन समारोह बड़े हर्ष व उत्साह के साथ हुआ सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** प्रत्येक वर्ष की बात इस वर्ष भी साहू समाज का श्रावणी पूजन समारोह समिति के महामंत्री एवं पूर्व भाजपा अध्यक्ष विनय प्रकाश गुप्त के कुशल नेतृत्व में बड़े उत्साह और हर्ष के साथ सम्पन्न हुआ।

वरुण देवता से कार्यकर्ताओं की ठन गई कार्यकर्ता भी बारिश के बाद भी पीछे नहीं हटे और प्रत्येक कार्यक्रम होता अपनी गति से आगे बढ़ता गया। सामूहिक रुद्राभिषेक के पश्चात कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई, जिसमें महिलाओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में बढ़कर चढ़कर प्रतिभाग कर कु. ज्योति गुप्ता प्रथम एवं कु. प्राची गुप्ता द्वितीय और कु. मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग चित्रकला में श्वेता मोदनवाल प्रथम एवं अनामिका गुप्ता द्वितीय और इशिका गुप्ता तृतीय व बाल वर्ग में भी चित्रकला में समस्त बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पर नृत्य में कोमल गुप्ता प्रथम एवं दिव्या गुप्ता द्वितीय और वयस्क एकल नृत्य में मानसी ने भाग लेकर उपस्थित लोगों का मन मोहने का काम किया। एकल गायन में श्वेता मोदनवाल ने भजन की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात CBSàß बोर्ड में तनिष गुप्त ने 94.6 प्रतिशत अंक के साथ नीट की परीक्षा में भी प्रथम अवसर में सफलता प्राप्त कर लिया, और वहीं पर ने CBSàß बोर्ड से दसवीं की परीक्षा में शशांक उर्फ आदित्य गुप्ता ने 93 प्रतिशत अंक में सफलता हासिल किया। जिन्हें साहू समाज के अध्यक्ष लालता प्रसाद साहू ने प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार से समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर स्वतंत्र कुमार एडवोकेट सत्य प्रकाश एडवोकेट, लक्ष्मी प्रसाद गुप्त, बी.डि.ओ संजय गुप्ता, दी टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश चंद गुप्त एवं महामंत्री विपिन गुप्ता, घनश्याम गुप्त, राधेश्याम गुप्त, कौशल किशोर गुप्ता, गणेश गुप्त, प्रधान शिवचंद गुप्त, जगदीश साहू, शिव शंकर साहू, एवं पूर्व सभासद शीला गुप्ता के साथ रत्ना साहू आदि महिलाएं व बच्चे-बच्चियां उपस्थित रहे।

# विशाल भंडारा, हर हर महादेव से नगर हुआ गुंजायमान

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** श्रावण मास के मौके पर नगर के मातवरगंज स्थित शंकर जी के तिराहे पर शिवभक्तों द्वारा विशाल भंडार का आयोजन शनिवार को किया गया। चार बजे से शुरू हुआ भंडारा देररात्रि तक जारी रहा। भंडारा शुरू होने से पूर्व मुहल्लावासियों के प्रिय भोले बाबा का भव्य श्रृंगार कर पूजन अर्चन किया गया। उस रास्ते से गुजरने वाले सभी की नजरें अपलक बाबा को निहारती रही और श्रद्धालु हर हर महादेव के उद्घोष करते रहे जिससे पूरा मातबरगंज,एलवल, कुर्मी टोला का क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। बाबा के आगे शीश नवांकर प्रसाद चखकर पुण्य के भागी बनते रहे। शिवभक्त आकाश साहू व सौरभ गुप्ता ने कहाकि सावन मास बेहद पवित्र है, इस मास में त्रिकालदर्शी भोले बाबा की पूजा होती है, सदियों से परम्परा रही है कि सावन में जगह-जगह भंडारे आयोजित कराए जाते थे। उसी परम्पराओं को आगे बनाये रखने के लिए पिछले कई वर्षो से हम लोगों द्वारा यह पुनीत कार्य किया जाता है। वहीं रवि चौरसिया ने कहाकि दशकों पहले मातवरगंज तिराहे पर शंकर जी की मूर्ति की स्थापित की गई, हम सभी मुहल्लेवासी इन्हें अपना रक्षक मानते है। यहां पर मन से पूजन अर्चन करने से सभी की हर मनोकामनाए पूर्ण होती है। बाबा को सावन मास अतिप्रिय है इसीलिए इनका श्रृंगार कराया गया और सभी के जनसहयेग से विशाल भंण्डारे का मुहल्लेवासियों के लिए खुशहाली के लिए आयोजन कराया गया। भंडारे में मुख्य सहयोगी के रूप में जय वर्मा, अतुल साहू, प्रहलाद गोंड, सौरभ, रवि, रितेश, आकाश, दिव्यांशु, आशीष यादव, शुभम शामिल रहे।

# प्रत्येक कार्य दिवस पर जनता दर्शन की समाप्ति तक होगा कार्य

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया है कि जनहित एवं शासकीय कार्यहित में जनता दर्शन कार्यक्रम हेतु पूर्व में जारी आदेश को संशोधित करते हुए अग्रिम आदेशों तक प्रियंका सिंह अतिरिक्त अधिकारी (प्रथम) प्रत्येक कार्य दिवस पर जिलाधिकारी के कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में उपस्थित होकर प्रातः 10.00 बजे से न्यूनतम 02.00 बजे अपरान्ह तक अथवा जनता दर्शन की समाप्ति तक कार्य करेंगी तथा शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये शिकायतों के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही कराते हुए शिकायत एवं निस्तारण का अभिलेखीकरण करायेंगी एवं संत रंजन अतिरिक्त अधिकारी (द्वितीय) बुधवार, शुक्रवार (न्यायालय दिवस मार्टिनगंज) को छोड़कर शेष दिन प्रातः 10.00 बजे से न्यूनतम 02.00 बजे अपरान्ह तक अथवा जनता दर्शन की समाप्ति तक कार्य करेंगे तथा साथ ही प्रतिदिन जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित न्यूनतम् एक शिकायत का क्षेत्रीय भ्रमण कर समस्या का नियमानुसार समाधान कराना सुनिश्चित करेंगे।

# 23 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**

**मुबारकपुर/आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हौर निवासिनी पीड़ित महिला अफसाना पत्नी शमीम की याचिका पर माननीय न्यायालय आजमगढ़ ने आदेश आदेश पारित किया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मुबारकपुर थाना पुलिस ने 23 से अधिक आरोपियों को मुकदमा दर्ज कर लिया। मामला विगत जून माह में शादी विवाह पहले कार्यक्रम के अवसर पर डीजे बजाने को लेकर उपजे विवाद से सम्बन्धित है। ग्राम बम्हौर निवासिनी अफसाना पत्नी शमीम ने न्यायालय में दाखिल याचिका में गांव के ही दर्जनों लोगों को आरोपी बनाया है। वादिनी अफसाना का आरोप है कि दिनांक तीन जून 2025को सायं साढ़े चार बजे मेरे गांव के ही दो दर्जन से अधिक और 15-20 महिलाएं व अन्य लोग तेज आवाज में डीजे बजाते हुए जहीरूद्दीन के घर के सामने से जा रहे थे। जहीरूद्दीन हृदय रोगी हैं। हृदय रोगी होने का हवाला देते हुए गांव के ही अबुजैद ने डीजे धीरे बजाने को कहा। इसी बात पर क्रोधित होकर आरोपियों ने अबुजैद को लाठी डंडे से मारने लगे। शोर शराबा सुनकर गांव के ही अरमान व प्रार्थिनी का पुत्र वकास व साथी मोअज्जम बीच बचाव करने के लिए दौड़े तो अभियुक्तों ने उन्हें भी मारा पीटा।इस दौरान अरमान के सर पर तलवार से वार कर दिया जिससे उसके सर में चोट पहुंची और वह बेहोश हो गया। इसके बाद एक साथ उपरोक्त लोगों ने वादिनी अफसाना के घर में घुसकर तोड़फोड़ किया। तथा लड़के को विदेश भेजने के लिए घर में रखा नकदी 50000.00 रूपये पचास हजार रुपए लूट लिया यही नहीं घर पर पथराव भी किया। धमकी दी कि हत्या कर इस मोहल्ला के सभी लोगों को जान से मार दिया जाएगा। इस घटना से अफरा तफरी का माहौल हो गया।इस घटना को लेकर वादिनी एफआईआर दर्ज कराने मुबारकपुर थाना गई मगर वहां कोई सुनवाई नहीं की गई तो पीड़ित महिला इसकी सूचना आला अधिकारियों को भी दी गई थी। कोई कार्रवाई न होने पर मजबूर हो कर न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक शशि मौली पाण्डेय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा इस सम्बन्ध में जांच कर गिरफ्तारी कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि बढ़ी

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत वर्ष 2025-26 के लिए पूर्व निर्धारित 30 जून से 31 जुलाई 2025 की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब नॉन-लोनी किसानों के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 14 अगस्त तथा लोनी किसानों के लिए 30 अगस्त तय की गई है। इस योजना में किसानों को मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम देकर अपनी फसलों का बीमा कराना होता है। इसके तहत दैविक आपदाओं जैसे ओलावृष्टि, जलभराव, चक्रवात, तूफान आदि से फसलों को सुरक्षा मिलती है। उप कृषि निदेशक पवन कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि हाल ही में आई बाढ़ की स्थिति को देखते हुए यह समय सीमा बढ़ाई गई है, ताकि अधिक से अधिक किसान योजना का लाभ ले सकें। उन्होंने किसानों से अपील की कि जो किसान अभी तक फसल बीमा नहीं करा पाए हैं, वे अपने संबंधित बैंक से संपर्क कर समय पर बीमा कराएं, ताकि प्राकृतिक आपदा से फसल को नुकसान होने पर उन्हें योजना के तहत क्षतिपूर्ति मिल सके।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड, गौराबादशाहपुर का औचक निरीक्षण किया । मरीजो से स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र पर एंटीवेनम और एंटीरेबीज के इंजेक्शन की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली जिस पर उन्हें अवगत कराया गया कि एंटीवेनम और एंटी रेबीज इंजेक्शन पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने ऑक्सीजन प्लांट

क्रियाशील न होने के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा बी फार्मा के प्रशिक्षुओं से भी वार्ता की गई, उन्हें हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने लैब टेक्नीशियन विक्रम से जांचों के सम्बन्ध में जानकारी ली। लेबर रूम में जाकर व्यवस्थाओं को देखा और पूछा कि महीने में कुल कितनी डिलीवरी होती है जिस पर डा0 रमेश ने बताया कि लगभग 50 डिलीवरी की जाती है। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों को निर्देशित किया कि समय से स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित होकर मरीजों का अच्छे से इलाज किया जाए।

# विद्यालय के स्थापना दिवस पर वृक्षारोपण और कला प्रदर्शन

**बच्चों के लिए विद्यालय में लगा ओपन जिम**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में संस्थापक आलोक कुमार गुप्ता का जन्मदिन विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों ने स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के साथ ओपेन जिम का शुभारंभ हुआ।

बुधवार को विद्यालय प्रधानाचार्य रमेश चंद मिश्रा और शिवचंद तिवारी समेत शिक्षकों ने सामूहिक रूप से विद्यालय परिसर में आम, नीम, पीपल और अर्जुन आदि के पेड़ लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए संकल्प लिया। कहा कि हमें धरती को हरा-भरा रखना होगा और पर्यावरण की सुरक्षा करनी होगी। संस्थापक दिवस पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने कला आकृति और कागज की कटिंग कर गुलदस्ता, बुके, ग्रीटिंग कार्ड, लिफाफा और पेपर चार्ट पर विद्यालय को दर्शाया। साथ ही बच्चों ने विद्यालय को रंग-बिरंगी पतंगी कागजों और झालरों से सजाया गया। संस्थापक दिवस पर संस्थापक ने शिक्षा के साथ ही खेलकूद और फिटनेस को लेकर विद्यालय परिसर में ओपन जिम लगवाएं। खेल के उपकरणों में जहां बच्चों को स्विंग, स्लाइड और मेरी गो राउंड को लगाया गया।कक्षा 1 से लेकर इंटरमीडिए, कक्षा 12 तक के छात्रों ने केक काटकर हर्षो-उल्लास के साथ फाउंडर डे मनाया। स्थापना दिवस पर प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्रा ने सभी बच्चों को फाउंडर डे की बधाई दी।इस अवसर पर अभिषेक तिवारी, प्रतिमा सिंह, प्रज्ञा सिंह, राहुल सिंह, इंद्रजीत,रमेश, राहुल, आनंद, सुशील, रंजीत गुप्ता, सुमन पांडेय ,कंचन गुप्ता, प्रभा केसरी, सतीश सोनी ,नीरज मिश्रा, पल्लवी जायसवाल, जया गुप्ता ,बबीता दुबे, रूपम श्रीवास्तव ,अजीत सिंह, कुसुम, निकिता आदि उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल कम्पार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट और इंटर कम्पार्टमेंट परीक्षा का परिणाम घोषित

**हाईस्कूल में 100 प्रतिशत रिजल्ट, इंटर में 91.26 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) द्वारा संचालित वर्ष 2025 की हाईस्कूल कम्पार्टमेंट/ इम्प्रूवमेंट तथा इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि परीक्षाफल परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।हाईस्कूल के सभी परीक्षार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की, जिससे 100 प्रतिशत का उल्लेखनीय परिणाम दर्ज किया गया। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा में भी परीक्षार्थियों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 91.26 प्रतिशत रहा। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राएं परीक्षा परिणाम देखने के लिए परिषद की वेबसाइट पर रोल नंबर दर्ज कर परिणाम देख सकते हैं।

### हाईस्कूल कम्पार्टमेंट/ इम्प्रूवमेंट परीक्षा

पंजीकृत परीक्षार्थीः 20,768
बालकः 15,985
बालिकाः 4,783
परीक्षा में सम्मिलितः 19,145
बालकः 14,685
बालिकाः 4,460
उत्तीर्ण परीक्षार्थी
बालकः 14,685 (100 प्रतिशत)
बालिकाः 4,460 (100 प्रतिशत)
कुलः 19,145 (100 प्रतिशत)

### इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा

पंजीकृत परीक्षार्थीः 25,623
बालकः 12,495
बालिकाः 13,128
परीक्षा में सम्मिलित 24,698
बालकः 11,966
बालिकाः 12,732
उत्तीर्ण परीक्षार्थी
बालकः 10,899 (91.08 प्रतिशत)
बालिकाः 11,641 (91.43 प्रतिशत)
कुलः 22,540 (91.26 प्रतिशत)

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य, नंदी और मेयर गुमशुदा

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने शहर में विवादित पोस्टर लगाकर भाजपा नेताओं पर निशाना साधा है। इन पोस्टरों में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी की तस्वीरें लगाई गई हैं। पोस्टर में उन्हें गुमशुदा नेता बताया गया है। पोस्टर में बड़े अक्षरों में लिखा है गुमशुदा नेता, क्या कभी ये वापस आएंगे। नीचे संदेश है ÷इलाहाबाद शहर में बाढ़ का कहर, लेकिन शहर के प्रमुख नेता हैं लापता÷। समाजवादी छात्र सभा के महासचिव सद्दाम अंसारी ने इस अभियान के पीछे की मंशा स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि यह कोई मजाक नहीं बल्कि सत्ताधारी नेताओं को जागरूक करने का प्रयास है। अंसारी ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हवाई सर्वेक्षण पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब जनता जमीन पर तकलीफ झेल रही है, घर-बार डूबे हुए हैं, लोग राहत की उम्मीद कर रहे हैं, तब नेता केवल हेलीकॉप्टर से ऊपर से देखकर चले जाते हैं। इससे न तो ज़मीनी हकीकत पता चलती है, न ही जनता को कोई राहत मिलती है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, जैसे धरती और हवाई जहाज के बीच कोई संपर्क नहीं होता, वैसे ही बीजेपी नेताओं और जनता के बीच कोई सीधा रिश्ता नहीं बचा है।यह पोस्टर राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर भी यह तेजी से वायरल हो रहा है। प्रशासन की तरफ से फिलहाल इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# धीमी रफ्तार से काम हो रहा गंगा और जमुना का जलस्तर

**दोनों नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** गंगा-यमुना का जलस्तर घट रहा है, लेकिन रफ्तार बेहद धीमी है। 24 घंटे से गंगा-यमुना का जलस्तर लगातार घट रहा है। फिर भी दोनों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। प्रयागराज में गंगा-यमुना के खतरे का निशान 84.73 है। पिछले 24 घंटे में जलस्तर घटने पर गौर करें तो तस्वीर साफ होती है। फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 75 सेमी, छतनाग में 89 सेमी कम हुआ। इसी अवधि में नैनी में यमुना का जलस्तर 95 सेमी घटा। प्रयागराज में गंगा-यमुना के खतरनाक जलस्तर 84.73 मीटर है। बुधवार शाम 4 बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 85.15 मीटर. छतनाग 84.44 मीटर रहा। नैनी में यमुना का जलस्तर 84.90 मीटर दर्ज किया गया। प्रयागराज में गंगा-यमुना की लहरों का उफान थमा नहीं है। शहर और गांवों में बाढ़ के हालात बरकरार हैं। नदियों का जलस्तर स्थित हो रहा है। शहर के 10 मुहल्ले में एक मंजिल मकान पूरी तरह डूबे हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ, क्यूआरटी, बाढ़ चौकी टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। शहर के छोटा बघाड़ा, बड़ा बघाड़ा, बक्शी बांध, सलोरी, राजापुर नेवादा, दारागंज, सदियापुर, करेलाबाग, शुक्ला मार्केट, बक्शी, बंधवा, शिवकुटी आदि इलाकों में नावें चल रही हैं। इन इलाकों में प्रशासन के साथ ही राजनीतिक दलों के नेता, छात्र संगठन समेत अन्य समाजसेवी खाने-पीने का सामान, दवाएं और जरूरत की चीजें पहुंचा रहे हैं। शहर के 10 से ज्यादा इलाकों में 100 से अधिक नावों से राहत पहुंचाई जा रही है। बलुआघाट बारादरी और यमुना किनारे के मुहल्लों में अभी भी पानी भरा है। थरवई, फाफामऊ इलाकों में उपकेंद्र में पानी भर जाने से 40 गांवों में कई दिनों से बिजली नहीं आई। गंगापार और यमुनापार के नैनी, अरैल, यमुना ब्रिज, छतनाग, बरदा, सुनौटी, झुंसी, गारापुर, पूर्वा, पूरा सूरदास, कजरिया, ढोल बजवा, कोहना, मुंशी का पूरा, विश्वकर्मा मार्केट, फाफामऊ, मनसईता, बहमलपुर, नवाबगंज आदि गांवों में पानी भरा है। शहर और देहात क्षेत्रों में बनाए गए राहत शिविरों में करीब 10 हजार लोग पनाह लिए हुए हैं। रेस्क्यू टीम रोज दो से तीन हजार लोगों को राहत शिविरों में पहुंचा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## जिलाधिकारी ने किया नगर पंचायत गौराबादशाहपुर का औचक निरीक्षण

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कार्यालय नगर पंचायत गौराबादशाहपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ऑनलाइन पोर्टल पर अप्रैल से लेकर अब तक जारी किए गए जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि समय से प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाए। कार्यालय के सामने स्थित तालाब पर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारी शशिकांत तिवारी को निर्देशित किया कि नगर पंचायत क्षेत्र में नियमित रूप से साफ सफाई कराए। इस अवसर पर लिपिक हरेंद्र कुमार बिंद सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अपहरण के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पीड़िता सकुशल बरामद

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कार्यालय नगर पंचायत गौराबादशाहपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ऑनलाइन पोर्टल पर अप्रैल से लेकर अब तक जारी किए गए जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि समय से प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाए। कार्यालय के सामने स्थित तालाब पर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारी शशिकांत तिवारी को निर्देशित किया कि नगर पंचायत क्षेत्र में नियमित रूप से साफ सफाई कराए। इस अवसर पर लिपिक हरेंद्र कुमार बिंद सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एम.एस.सी. रसायन विज्ञान में आरक्षित श्रेणी के लिए प्रवेश का सुनहरा अवसर

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के परिसर स्थित रसायन विज्ञान विभाग में एम.एस.सी. रसायन पाठ्यक्रम सत्र 2025-2027 के लिए आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रवेश का एक और अवसर प्रदान किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने जानकारी दी कि प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग में पीयूकैट-2025 के अंतर्गत संपन्न हुई प्रथम चरण की काउंसलिंग में अनारक्षित श्रेणी की सभी सीटें पूर्णतः भर चुकी हैं।हालांकि, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, एससी एवं एसटी वर्गों की कुछ सीटें अब भी रिक्त हैं। ऐसे में इन वर्गों के पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 11 अगस्त, 2025 तक विभाग में संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं। गौरतलब है कि प्रथम वर्ष की कक्षाएं भी 11 अगस्त, 2025 से विधिवत प्रारंभ हो रही हैं।

## प्रयागराज व्यापार मंडल ने वितरित की बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री



प्रयागराज। आज प्रयागराज व्यापार मंडल के द्वारा बाढ़ पीड़ितों को राहत देने के लिए राज्य कर और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से ऋषिकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजापुर में 500 पैकेट लाई, चना, गुड, पानी की बोतल आदि सामग्री वितरित किया। वितरण के दौरान एडम सिटी सत्यम मिश्रा , संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर अच्छे लाल प्रयागराज संभाग, एस आई बी संयुक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार ,जिलाध्यक्ष सुशांत कुमार केसरवानी, चेयरमैन मनीष कुमार गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष प्रियंक कुमार गुप्ता, महामंत्री रोहित गुप्ता, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रंजीत केसरवानी, नगर अध्यक्ष महिला सुनीता चोपड़ा, हरिसेनगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव जी साहू के साथ संगठन और जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी और अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं के आत्म-सम्मान, स्वावलाम्बन हेतु तमाम योजनाएं संचालित

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने ट्रांजिट होस्टल में महिलाओं की समस्याएं सुनते एवं लहरा महुअन में आयोजित चौपाल में उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि राज्य महिला आयोग महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निदान एवं महिलाओं के स्वावलंबन, आत्मनिर्भर हेतु संचालित योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराने के लिए कृत-संकल्पित है। उन्होने उपस्थित महिलाओं से कहा कि अपने अधिकारों को समझें, महिलाओं के आत्म-सम्मान, स्वावलाम्बन, आर्थिक रूप से सुदृण बनाने के लिए केन्द्र-प्रदेश सरकार ने तमाम योजनाएं संचालित की हैं, संचालित योजनाओं की जानकारी कर उनका लाभ लें, बेटी के जन्म से लेकर विवाह तक सारी जिम्मेदारियां प्रदेश सरकार ने अपने कंधों पर ली है, महिलाओं, बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक स्थिति सुधार के दृष्टिगत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गांव-गांव स्वयं सहायता समूह गठित कर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करायी गयी, आज कई समूहों की महिलाओं ने बेहतर कार्य कर अपना नाम रोशन किया है। उन्होने कहा कि बेटी के जन्म से लेकर विवाह तक सारी जिम्मेदारियां प्रदेश सरकार ने अपने कंधों पर ली है, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में बेटी के जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक समय-समय पर धनराशि उपलब्ध करायी जा रही हैं वहीं गरीब परिवार की वयस्क बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकारी खर्चे पर भव्य समारोह में कराकर उनके मॉ-बाप के कंधों से शादी का बोझ समाप्त करने का कार्य प्रदेश के मुखिया ने किया है। सदस्य महिला आयोग ने जन-सुनवाई के दौरान फरियाद लेकर आयीं महिलाओं से कहा कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा किसी महिला का शोषण किया जाये तो महिला संकोच न करें बल्कि तत्काल अपनी शिकायत थाने पर जाकर दर्ज करायें, पीड़ित महिला को तत्काल राहत मिलेगी। उन्होने कहा कि विभिन्न प्रकरणों में पीडित महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें न्याय दिलाने के उददेश्य से जनपद स्तर पर महिला जन-सुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर उनकी समस्याओं का प्राथमिकता पर निदान कराया जा रहा है। आज जन-सुनवाई दौरान रम्पुरा नि. आरती, बैजनाथपुर नि. अनीता देवी, उपाध्याय वाली गली मैनपुरी शहर नि. स्वेता दुबे आदि ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र महिला आयोग की सदस्य के सम्मुख प्रस्तुत किये, जिस पर उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को पृष्ठाकिंत कर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित करते हुये कहा कि महिलाओं को उनका हक प्रत्येक दशा में मिले, महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरण में तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाये। जन-सुनवाई के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी दीपिका गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रंजना शुक्ला, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेन्द्र सिंह, प्र. निरीक्षक महिला थाना हेमलता सिंह, माध्यमिक शिक्षा से सुलक्षणा शर्मा, वन स्टॉप सेंटर से स्वाती सिंह आदि उपस्थित रहे।

# राहत दलों के साथ निकले पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी

**शहरी इलाकों में लोगों का हालचाल जाना, सुरक्षा इंतजाम कराए, राहत शिविर भी गए**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** गंगा और यमुना की विकराल स्थिति से जूझ रही है। दोनों नदियों का जलस्तर अब धीरे-धीरे कम जरूर हो रहा है, लेकिन खतरे के निशान के ऊपर बहती इन नदियों ने शहर और आसपास के गांवों में तबाही मचा रखी है। सौ से ज्यादा मोहल्ले और गांव पूरी तरह प्रभावित हो चुके हैं। बुधवार को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बाढ़ नियंत्रण टीम, जल पुलिस के साथ पुलिस अके आला अफसर रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल हुए। अधिकारियों ने बाढ़ से घिरे शहरी इलाकों का दौरा कर लोगों का हालचाल जाना। साथ ही सुरक्षा इंतजाम देखे। हालात ये हैं कि दस हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित निकालकर 21 बाढ़ राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया है। प्रशासन ने राहत पहुंचाने के लिए नावों का सहारा लिया है, लेकिन इसके बावजूद हजारों लोग अब भी बाढ़ग्रस्त इलाकों में ही डटे हुए हैं। इन लोगों की सबसे बड़ी चिंता अपने बंद घरों की सुरक्षा को लेकर है उन्हें डर है कि कहीं खाली घरों में चोरी न हो जाए। एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉ. अजय पाल शर्मा ने डीसीपी सिटी अभिषेक भारती के साथ छोटा बघाड़ा इलाके का निरीक्षण किया। उन्होंने न सिर्फ लोगों को राहत सामग्री वितरित की, बल्कि लाउड हेलर के जरिए लोगों को सतर्क रहने की अपील भी की। डॉ. अजय पाल शर्मा ने कहा कि लोग अपनी जान से खिलवाड़ न करें। खासकर सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए बाढ़ के पानी में उतरना बेहद खतरनाक हो सकता है।

# छह महीने के आंकड़े जारी, अब महंगाई भत्ते में होगी वृद्धि

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पिछली बार अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। इसके चलते जनवरी 2025 से लागू हुए डीए/डीआर की दर 55 पर पहुंच गई थी। अब छह माह बाद फिर से डीए/डीआर की दरों में बदलाव संभावित है। सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा कर रखी है। इसकी सिफारिशें पहली जनवरी 2026 से लागू होनी हैं। हालांकि अभी तक आयोग के चेयरमैन व सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो सकी है।

जानकारों के मुताबिक, जनवरी से जून तक के अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) के ग्राफ को देखते हुए डीए/डीआर में तीन फीसदी की वृद्धि के संकेत दिख रहे हैं। यह संभावना, छह महीने के सूचकांक के आधार पर है। अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्लू, मई 2025 के लिए 0.5 अंक बढ़कर 144.0 पर पहुंच गया था। जून 2025 का ऑल-इंडिया सीपीआई-आईडब्लू 1.0 अंक बढ़कर 145.0 अंकों के स्तर पर संकलित हुआ है।

श्रम ब्यूरो विभाग के अनुसार जून, 2025 के अखिल भारत उपभोक्ता

सत्यमेव जयते
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
Ministry of Labour & Employment
भारत सरकार (Government of India)

मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) में 1.0 अंक की वृद्धि दर्ज की गई है। अभी तक के ऑल-इंडिया सीपीआई-आईडब्लू के छह माह के आंकड़े बताते हैं कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए पहली जुलाई 2025 से डीए/डीआर में 3 फीसदी की वृद्धि हो सकती है। डीए/डीआर की दर 55 से बढ़कर 58 प्रतिशत होने की संभावना है। संभवतः केंद्र सरकार द्वारा सितम्बर के आखिरी सप्ताह में डीए/डीआर की घोषणा की जा सकती है।

केंद्र सरकार ने पिछली बार डीए में दो फीसदी की वृद्धि की थी। इसकी एक अहम वजह दिसंबर 2024 के लिए ऑल-इंडिया सीपीआई-आईडब्लू में 0.8 अंक की कमी आना रही थी। तब श्रम ब्यूरो द्वारा जारी सूचकांक डेटा 143.7 अकों पर संकलित हुआ था। उससे पहले गत वर्ष दीवाली पर महंगाई भत्ते में 3 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार, महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की गणना अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर होती है।

औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या (सीपीआई-आईडब्ल्यू) मई 2024 में 139.9 था। जून 2024 में 141.4, जुलाई 2024 में 142.7, अगस्त 2024 में 142.6, सितंबर 2024 में 143.3, अक्तूबर 2024 में 144.5, नवंबर 2024 में 144.5 और दिसंबर 2024 में सीपीआई-आईडब्ल्यू 143.7 रहा था। जनवरी 2025 में औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या (सीपीआई-आईडब्ल्यू) 143.2 रहा था। फरवरी में सीपीआई-आईडब्ल्यू 142.8 पर संकलित हुआ था। श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन देश परिव्याप्त 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है।

कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने इस साल संसद के बजट सत्र से पहले कैबिनेट सचिव को एक पत्र भेजा था। इस पत्र में उन्होंने महंगाई भत्ता/महंगाई राहत यानी डीए/डीआर की गणना का कैलकुलेटर बदलने की मांग की थी। डीए की दर तय करने के लिए 12 महीने के औसत को तीन महीने के औसत से बदला जाना चाहिए। मतलब, परिवर्तनीय डीए दिया जाए।

# मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को भारतीय बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 166.26 अंक गिरकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 73.35 अंक गिरकर 24,574.20 अंक पर आ गया। आइए जानते हैं, बाजार का हाल विस्तार से।

आरबीआई ने ब्याज दरों को 5.5 प्रतिशत पर तटस्थ रखने का फैसला किया। इस फैसले से दर संवेदनशील क्षेत्रों में गिरावट देखने को मिली। बुधवार को बाजार मामूली गिरावट के बाद लाल निशान पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 166.26 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 261.43 अंक या 0.32 प्रतिशत गिरकर 80,448.82 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73.35 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 24,574.20 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मास्यूटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, इटरनल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, आईटीसी और एलएंडटी प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयर रहे। एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीईएल, अदानी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक लाभ में रहे।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी व्यापार तनाव के बावजूद घरेलू बाजार में मजबूती बनी रही और यह 24,500 के प्रमुख समर्थन स्तर के आसपास मजबूती से टिका रहा। फार्मा क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा और टैरिफ चेतावनियों से यह क्षेत्र प्रभावित हुआ।

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी स्थिर रहा। यूरोपीय बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं।

# डेटा लीक से जुड़ी चिंताओं के बीच मास्टरकार्ड ग्राहक परेशान



**नई दिल्ली।** क्रेडिट व डेबिट कार्ड से जुड़े डेटा लीक होने की खबरों के बीच बैंकों की ओर से मास्टरकार्ड और वीजा पर आधारित कार्ड जारी करना बंद करने की अटकलें हैं। इस बीच ग्राहकों को भी परेशानी झेलने से जुड़ी जानकारी सामने आ रही हैं। कई ग्राहकों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि प्रमुख बैंक मास्टरकार्ड व वीजा से जुड़े डेबिट और क्रेडिट कार्ड नहीं जारी कर रहे हैं। वहीं मौजूदा कार्ड ग्राहकों को भी इसके संचालन से जुड़ी कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बड़े पैमाने पर ग्राहकों के कार्ड एक्सपायर होने के बाद उन्हें नए कार्ड नहीं मिल पा रहे हैं। उससे भी बड़ी दिक्कत यह है कि ग्राहकों को बैंकों की ओर से न तो कोई मदद ही नहीं मिल पा रही है न ही कोई आधिकारिक जानकारी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने मास्टरकार्ड पर 2021 में भी कार्रवाई की थी। डेटा स्थानीयकरण मानदंडों का पालन न करने के कारण मास्टरकार्ड को भारत में नए ग्राहकों को शामिल करने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। जुलाई 2021 से जून 2022 तक चले इस प्रतिबंध के दौरान मास्टरकार्ड को घरेलू ग्राहकों को नए डेबिट, क्रेडिट या प्रीपेड कार्ड जारी करने से रोक दिया गया था। मास्टरकार्ड की ओर से संतोषजनक अनुपालन सुनिश्चित करने करने के बाद जून 2022 में यह प्रतिबंध हटा दिया गया था।

बैंकिंग जगत से जुड़े जानकारों का दावा है कि बैंकों की ओर से जारी होने वाले डेबिट और क्रेडिट कार्ड के मामले में पिछले कुछ समय से बड़े पैमाने पर ग्राहक परेशान हैं, खासकर, मास्टरकार्ड के ग्राहक। ऐसी स्थिति बनी है डेटा लीक होने से जुड़ी अटकलें सामने आने के बाद। बड़े पैमाने पर मौजूदा ग्राहकों ने संचालन से जुड़ी परेशानी झेलने की भी शिकायत की है। हालांकि, मास्टरकार्ड और बैंक इस बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी टिप्पणी करने से बच रहे हैं। कोटक महिन्द्रा बैंक से जुड़े एक आधिकारिक सूत्र ने अमर उजाला डॉटकॉम से बातचीत में बताया कि सभी बैंकों को डेबिट और क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों का पालन करना होता है, तब ही वह बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड जारी कर सकता है।

उन्होंने बताया कि इसके लिए आरबीआई बैंकों के आईटी विभाग का ऑडिट करता है, जिसमें यह देखा जाता है कि खाताधारकों का डेटा सुरक्षित रखने के लिए बैंक कितनी सुरक्ष लेयर का इस्तेमाल करता है और बैंक का डेटा कितना सुरक्षित है। आरबीआई इसके लिए बैंकों के आईटी विभाग का तीन बार ऑडिट करता है, जिसमें डेटा से जुड़ी सभी पुख्ता जानकारी देखी और जांची जाती है। यदि बैंक की सुरक्षा लेयर अच्छी और मजबूत है, तब ही वह डेबिट व क्रेडिट कार्ड जारी कर सकता है। अगर इन तीनों ऑडिट में से कहीं भी कोई कमी मिलती है, तो वह बैंक किसी भी तरह के क्रेडिट और डेबिट कार्ड खाताधारकों को जारी नहीं कर सकता है। बैंकों को इन तीनों आईटी ऑडिट को पास करना पड़ता है। सूत्रों का दावा है कि संभवतः मास्टरकार्ड से जुड़े प्रकरण में भी ऐसा ही कोई मामला अंदरखाने चल रहा है, जिसकी जांच हो रही है और शायद इसी कारण ग्राहकों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# 200 रुपये बढ़ा सोने का दाम, चांदी की कीमत में भी बढ़त

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की मजबूत खरीदारी के बीच बुधवार को राजधानी में सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार को 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि बुधवार को सोने में मध्यम सकारात्मक रुख रहा। सुरक्षित निवेश की मांग जारी रहने से कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को दवा आयात पर नए टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि टैरिफ की शुरुआत कम होगी, लेकिन समय के साथ यह 250 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इसके अलावा ट्रम्प ने संकेत दिया कि सेमीकंडक्टर और चिप्स पर टैरिफ के संबंध में घोषणा जल्द ही की जाएगी। गांधी ने कहा कि इस टैरिफ संबंधी अनिश्चितता ने कीमती धातुओं पर जोखिम प्रीमियम बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी दिन में बाद में फेडरल रिजर्व के सदस्यों के भाषणों पर नजर रखेंगे। यह बुलियन कीमतों की दिशा के बारे में आगे मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। न्यूयॉर्क में सोना हाजिर 17.51 डॉलर या 0.52 प्रतिशत गिरकर 3,363.35 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चांदी हाजिर 0.12 प्रतिशत गिरकर 37.76 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (कमोडिटी एवं करेंसी) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतें 3,360 डॉलर प्रति औंस से नीचे कमजोर रुख के कारण सोने की कीमतें कमजोर रहीं।

# हिमालया बेबीकेयर ने वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक पर शुरू किया #हर कदम हर माँ के साथ कैंपेन

**नई दिल्ली।** भारत के नंबर 1 डॉक्टर-प्रिसक्राइब्ड बेबी केयर ब्रांड हिमालया बेबीकेयर ने वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक के अवसर पर एक संवेदनशील डिजिटल वीडियो कमर्शियल (डीवीसी) फिल्म लॉन्च की है। '#हरकदमहरमाँकेसाथ' शीर्षक वाला यह अभियान उन चुनौतियों को उजागर करता है, जिनका सामना माताओं को सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान कराने के दौरान गोपनीयता और सहयोगी माहौल के अभाव में करना पड़ता है।

इस विचार से प्रेरित होकर कि एक माँ का आराम और आत्मविश्वास केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं होना चाहिए, हिमालया बेबीकेयर पूरे भारत में लाखों माताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

फिल्म में एक माँ को अपने घर के आरामदायक माहौल में शांति से शिशु को दूध पिलाते और लोरी गुनगुनाते हुए दिखाया गया है। जैसे-जैसे दृश्य धीरे-धीरे मेट्रो स्टेशनों, हवाई अड्डों, मॉल और बस स्टॉप



जैसे सार्वजनिक स्थानों की ओर बढ़ता है, उसका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है, उसकी आवाज लड़खड़ा जाती है, और बैठने में असहजता झलकती है। यह स्थिति उस आम समस्या को दर्शाती है, जिसका सामना कई माताएँ करती हैं।

आंकड़ों के अनुसार हर तीन में से एक मां को को अपने बच्चों को नए स्थानों पर दूध पिलाते समय असुविधा होती है।

इसके परिणामस्वरूप अक्सर सुरक्षित और प्राइवेट फीडिंग स्पेस की कमी के चलते शिशुओं को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता है।

फिल्म में आगे दिखाया गया है कि माँ जैसे ही शांत और सुकूनभरे 'हिमालया हैप्पी फीडिंग रूम' में प्रवेश करती है, उसका तनाव कम हो जाता है, स्वर में पुनः कोमलता लौट आती है और उसकी लोरी में फिर से शांति और आत्मविश्वास भर जाता है।

पिछले 13 वर्षों में हिमालया बेबीकेयर ने भारतभर में 500 से अधिक सुविचारित ढंग से डिज़ाइन किए गए हिमालया ब्रेस्ट फीडिंग रूम्स स्थापित किए हैं, जिसमें हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, अस्पताल और अन्य सार्वजनिक स्थान शामिल है, जहाँ माताओं को शिशु को दूध पिलाने के लिए निजी, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिलता है।

कैंपेन के बारे में हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर डायरेक्टर श्री चक्रवर्ती एन वी ने कहा, ÷हिमालया बेबीकेयर में हमारी प्रतिबद्धता केवल उत्पाद देखभाल तक सीमित नहीं है, बल्कि माताओं को भावनात्मक, शारीरिक और सामाजिक रूप से सहयोग प्रदान करने तक है। ﹟हरकदमहरमाँकेसाथ के माध्यम से हमने उन भावनाओं को आवाज़ दी है, जो कई माताएँ महसूस करती हैं लेकिन शायद ही कभी व्यक्त करती हैं। हर लोरी को आराम के साथ गाया जाना चाहिए। हमारे 500 से अधिक हैप्पी फीडिंग रूम से हम माताओं को जहाँ भी हों, उस शांति के करीब लाना चाहते हैं।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा, लखनऊ मेट्रो क्षेत्र द्वारा स्वस्थ ग्राहक आउटरीच कार्यक्रम "MSME Connect- Together for Growth" का आयोजन



**लखनऊ।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा, लखनऊ मेट्रो क्षेत्र द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री लाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में लखनऊ में एक विशेष स्वस्थ ग्राहक आउटरीच कार्यक्रम "MSME Connect- Together for Growth" का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में एमएसएमई ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना, उन्हें बैंक की एमएसएमई-विशिष्ट उत्पादों एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने हेतु ऋण सहायता प्रदान करना था। साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम PMEGP, CGTMSE, मुद्रा, और स्टैंड-अप इंडिया जैसी सरकारी योजनाओं के साथ-साथ बैंक की अपनी एमएसएमई योजनाएं जैसे सप्लाई चेन फाइनेंस, बड़ौदा महिला स्वावलंबन, वाणिज्यिक वाहन/निर्माण एवं खनन उपकरण फाइनेंस, बड़ौदा कांट्रेक्टर, बड़ौदा प्रॉपर्टी प्राइड, बड़ौदा शौर्य सहित अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी साझा की गयी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री लाल सिंह, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने भारत के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने एमएसएमई उद्यमियों के सम्मुख उपस्थित प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डाला और इन चुनौतियों के सापेक्ष बैंक द्वारा दी जा रही विशेष वित्तीय सेवाओं, डिजिटल उपकरणों और सहयोगात्मक पहल का उल्लेख किया।

कार्यक्रम के दौरान, पात्र एमएसएमई ग्राहकों को विभिन्न प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत 132 करोड़ रूपये की नई ऋण स्वीकृतियाँ प्रदान की गईं। बैंक के साथ दीर्घकालिक संबंध और सफल व्यावसायिक यात्रा के लिए कई एमएसएमई ग्राहकों को सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा, लखनऊ अंचल के अंचल प्रमुख श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य कार्यपालकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा एमएसएमई क्षेत्र के लिए एक भरोसेमंद बैंकिंग भागीदार के रूप में सतत समर्थन देकर और जमीनी स्तर पर वित्तीय सशक्तिकरण को प्रोत्साहित कर समावेशी विकास को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध है।

# निसान ने लॉन्च किया नया मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन द बोल्डेस्ट ब्लैक, 8.30 लाख रुपये शुरुआती कीमत



**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज अपने बहु-प्रतीक्षित निसान मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन की लॉन्चिंग की घोषणा की। यह कंपनी की लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी का स्ट्राइकिंग एवं प्रीमियम, ब्लैक थीम पर आधारित वैरिएंट है। 8.30 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की शुरुआती कीमत के साथ कूरो स्पेशल एडिशन में द बोल्डेस्ट ब्लैक फिलॉसफी को अपनाते हुएबोल्डेस्ट स्टाइलिंग, बेहतरीन इंटीरियर ब्लैक थीम और जापान से प्रेरित डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है। नई निसान मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन 11,000 रुपये की आकर्षक कीमत पर बुकिंग के लिए उपलब्ध है। ग्राहक निसान मोटर इंडिया के किसी अधिकृत डीलरशिप या निसान मोटर इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट www.nissan.in के माध्यम से इसकी बुकिंग कर सकते हैं।

मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन का नाम जापानी भाषा से लिया गया है। जापानी में ब्लैक यानी काले को कूरो कहा जाता है। इसमें सॉफिस्टिकेशन और जापान के डिजाइन की झलक दिखेगी। स्पेशल एडिशन की एक अनूठी विजुअल आइडेंटिटी होगी, जिसमें पूरा एक्सटीरियर एवं इंटीरियर ब्लैक होगा, जिससे बाहर और अंदर से प्रीमियम और स्टाइलिश लुक आएगा। ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने और सहूलियत बढ़ाने के लिए मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन को निसान की वेबसाइट पर फोटोरियलिस्टिक विजुअल्स के साथ प्रभावी 3डी कॉन्फिगरेटर के माध्यम से पेश किया गया है, जिससे इसके फीचर्स अच्छी तरह से देखे जा सकते हैं।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'नए निसान मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन में बोल्ड डिजाइन एवं रिफाइंड क्राफ्टमैनशिप की झलक दिखती है, जिसे एक अलग, प्रीमियम और फीचर से भरपूर कार को लेकर ग्राहकों की जबर्दस्त मांग को देखते हुए तैयार किया गया है। इससे पिछले निसान मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन को ऑल ब्लैक एस्थेटिक एवं अनूठी आइडेंटिटी के लिए ग्राहकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी।'

उन्होंने कहा, 'नए निसान मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन से मैग्नाइट की एसयूवी प्रजेंस और खास बनेगी, साथ ही इससे एक्सेप्शनल वैल्यू, एडवांस्ड इनोवेशन और बिना समझौते के पूरी सुरक्षा को लेकर कंपनी के वादे को भी मजबूती मिलेगी। हाल ही में 5-स्टार जीएनसीएपी रेटिंग मिलना भारत में 'वन कार, वन वर्ल्ड' की स्ट्रेटजी के तहत विश्व स्तरीय प्रोडक्ट देने और संपूर्ण सुरक्षा को लेकर हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस उपलब्धि के मौके पर हमने मैग्नाइट लाइन अप में मेटलिक ग्रे के रूप में नया कलर भी जोड़ा है।'

इसकी अपील को बढ़ाते हुए नई निसान मैग्नाइट को हाल ही में ग्लोबल एनसीएपी की तरफ से ओवरऑल पैसेंजर सेफ्टी में 5-स्टार रेटिंग मिली है, जो इसे भारत एवं दक्षिण अफ्रीका की सबसे सुरक्षित कारों में शुमार करती है। इस मॉडल ने सबसे भरोसेमंद जीएनसीएपी टेस्ट में परफेक्ट 5-स्टार रेटिंग प्राप्त की है। बेहतर सीएमएफ-ए+ प्लेटफॉर्म पर तैयार नई निसान मैग्नाइट को अक्टूबर, 2024 में लॉन्च किया गया था। इसमें 6 एयरबैग, 67 प्रतिशत हाई टेंसाइल स्ट्रेंथ स्टील (>440 एमपीए) से बना बॉडी स्ट्रक्चर, एबीएस + ईबीडी, ईएससी, टीसीएस, एचएसए, ब्रेक असिस्ट, टीपीएमएस समेत 40 से ज्यादा स्टैंडर्ड फीचर दिए गए हैं।

# उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास की संभावनाओं पर फोकस होगा

**लखनऊ।** देश का सबसे भरोसेमंद न्यूज़ ब्रांड द टाइम्स ऑफ इंडिया 7 अगस्त को ताज महल होटल, गोमती नगर, लखनऊ में होने जा रहे टी ओ आई डायलॉग्स इंफ्रास्ट्रक्चर चैप्टर के 6वें एडिशन की घोषणा कर रहा है।द टाइम्स ऑफ इंडिया की इस प्रमुख पहल का उद्देश्य है नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं और सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाना, ताकि देश के सामने मौजूद विकास से जुड़े अहम अवसरों और चुनौतियों पर असरदार संवाद हो सके। यह मंच विविध विचारों को जोड़कर भारत की ग्रोथ स्टोरी को दिशा देने और सहयोगी बदलाव की प्रेरणा देने का काम करता है।इस बार का इंफ्रास्ट्रक्चर चैप्टर उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास पर केंद्रित होगा। इसका मकसद राज्य को देश के सबसे तेजी से विकसित होते क्षेत्रों में स्थापित करना है, जो भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है। इस दौरान ऐसे अहम सेक्टर्स पर चर्चा होगी, जो बड़े पैमाने पर बदलाव ला सकते हैं- कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना समेत वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, नीति-निर्माता, इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ, शहरी योजनाकार, उद्योगपति, बिज़नेस लीडर और थॉट लीडर शामिल होंगे। ये सभी मिलकर ऐसे ठोस कदमों पर मंथन करेंगे, जो समावेशी और टिकाऊ विकास को आगे बढ़ाएं और राज्य के परिवर्तन में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को मजबूत करें।द टाइम्स ऑफ इंडिया के बिज़नेस हेड प्रसाद सान्याल ने कहा कि भारत जब 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है, तब मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर विकास इस दृष्टि का केंद्रीय हिस्सा है। टी ओ आई डायलॉग्स के जरिए हमारा उद्देश्य है सार्थक संवाद को बढ़ावा देना, जो सहयोगी बदलाव की प्रेरणा दे और नीतियों को ठोस परिणामों में बदल सके।

# आईटीसी होटल्स लिमिटेड ने लखनऊ में अपने दूसरे फॉर्च्यून होटल के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किया

**लखनऊ।** आईटीसी होटल्स लिमिटेड ने उत्तर भारत में अपनी मौजूदगी का विस्तार जारी रखते हुए अपने फॉर्च्यून होटल पोर्टफोलियो के तहत लखनऊ में होटल के लिए एग्रीमेन्ट साईन किया है। इस समझौते के साथ अब उत्तर प्रदेश में आईटीसी होटल्स लिमिटेड की 7 प्रॉपर्टीज़ हो गई हैं तथा 6 अन्य होटल्स जल्द खोले जाएंगे। प्रीमियम अकॉमोडेशन सुविधाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए यह होटल लखनऊ-कानपुर रोड़ पर विकसित किया जा रहा है।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अनिल चड्ढा, मैनेजिंग डायरेक्टर, आईटीसी होटल्स लिमिटेड ने कहा, ''लखनऊ शहर परम्परा और आधुनिकता का खूबसूरत संयोजन है। शहर में बुनियादी सुविधाओं के विकास, तेज़ी से विकसित होते कॉर्पोरेट सेक्टर एवं शहर की समृद्ध संस्कृति को देखते हुए यह फॉर्च्यून होटल्स के लिए महत्वपूर्ण मार्केट है।



मुझे विश्वास है कि यह होटल प्रदेश की बड़ी प्रॉपर्टी के रूप में उभरेगा जहां घरेलू पर्यटन भी तेज़ी से बढ़ रहा है।''

इस अवसर पर इंदरमोहन सिंह, चेयरमैन-मैसर्स सीईएम हॉस्पिटेलिटी ने कहा, ''ज़मीन के अधिग्रहण से लेकर यादगार आतिथ्य सुविधाओं के लिए होटल एवं बैंक्वेट के विकास तक, हम इस तरह के वेंचर्स के लिए शहर पर पूरा फोकस बनाए हुए हैं। फॉर्च्यून सलेक्ट लखनऊ हमारी सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। लखनऊ कारोबार एवं संस्कृति का हब है, ऐसे में यहां निवेश करना हमारे लिए सही फैसला है। ब्राण्ड की मजबूत स्थिति, संचालन दक्षता एवं भारतीय यात्रियों की ज़रूरतों को समझने के कारण फॉर्च्यून होटल्स के साथ यह साझेदारी ब्राण्ड के लिए स्वाभाविक थी।''

फॉर्च्यून सलेक्ट लखनऊ में सभी सुविधाओं से युक्त 93 आधुनिक कमरे होंगे, इसके अलावा एक मल्टी-कुज़ीन रेस्टोरेन्ट होटल में आने वाले मेहमानों को स्वादिष्ट व्यंजनों का अनूठा अनुभव प्रदान करेगा, रूफटॉप आउटलेट एवं चिक बार में मेहमान शहर के खूबसूरत नज़ारों का लुत्फ़ उठाते हुए डाइनिंग का यादगार अनुभव पा सकेंगे। इसके अलावा कई बैंक्वेट स्पेसेज़, वैलनैस सुविधाओं जैसे स्विमिंग पूल, जिम एवं रेस्टफुल स्पा के साथ यह होटल शहर के निवासियों में यात्रियों के लिए आकर्षक गंतव्य बन जाएगा।

2026 में खुलने वाला यह होटल अपने मेहमानों को बेहतरीन स्टे, प्रभावी सेवाएं और फॉर्च्यून होटल्स की सिग्नेचर हॉस्पिटेलिटी उपलब्ध कराने का वादा करता है। आगामी फॉर्च्यून सलेक्ट के अलावा फॉर्च्यून होटल्स वर्तमान में लखनऊ के राणा प्रताप मार्ग पर फॉर्च्यून पार्क बीबीडी का संचालन भी कर रहा है। अलीगढ़, गाज़ियाबाद और नोएडा में संचालित होटलों के साथ-साथ अयोध्या में भी एक प्रॉपर्टी जल्द खुलने वाली है।

# भूमिका रियल्टी ने यूपी ईस्ट में बढ़ाया कदम, लखनऊ और अयोध्या के लिए अमित तिवारी को सेल्स हेड नियुक्त किया

**लखनऊ।** राजस्थान में अपने प्रमुख प्रोजेक्ट्स के जरिए मजबूत उपस्थिति बनाने और दिल्ली-एनसीआर में विस्तार के बाद अब भूमिका रियल्टी ने औपचारिक रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में एंट्री की घोषणा की है। कंपनी लखनऊ और अयोध्या में हाई क्वालिटी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स के साथ विकास की योजना लेकर आई है। योजना के तहत इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मिक्स्ड-यूज डेवलपमेंट पर भी काम हो रहा है। यह कदम कंपनी के रेजिडेंशियल, कमर्शियल, रिटेल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर्स में नॉर्थ इंडिया में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की दिशा में अहम माना जा रहा है।भूमिका ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, उद्धव पोद्दार ने कहा पूर्वी उत्तर प्रदेश में तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश और शहरीकरण बढ़ रहा है। यह हमारे लिए सही समय है कि हम अपने डिज़ाइन-फोकस्ड और ज़िम्मेदार डेवलपमेंट को इस क्षेत्र में लाएं। अमित की लीडरशिप इस विस्तार को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।इस रणनीतिक विस्तार को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी ने अमित तिवारी को लखनऊ और अयोध्या के लिए हेड ऑफ सेल्स नियुक्त किया है। अमित तिवारी को रियल एस्टेट स्ट्रैटेजी और सेल्स का लगभग दो दशक का अनुभव है। उन्होंने इससे पहले डीएलएफ, ओमैक्स, सिनर्जी एडवाइजर्स और प्रॉमिनेंट एंटरप्राइजेज जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में वरिष्ठ पदों पर काम किया है। वह रेवेन्यू ऑप्टिमाइजेशन, मार्केट डेवलपमेंट और चैनल मैनेजमेंट में दक्ष हैं।राजस्थान के अर्बन स्क्वायर मॉल जैसे सफल कमर्शियल और रिटेल प्रोजेक्ट्स के साथ भूमिका रियल्टी अब नॉर्थ इंडिया में बड़े स्तर पर विस्तार की तैयारी कर रही है, जिसकी शुरुआत लखनऊ और अयोध्या से हो रही है। कंपनी यूपी के अन्य शहरों में भी संभावनाएं तलाश रही है।

# जिले में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर 2 सुपर जोनल, 6 जोनल व 38 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** रक्षाबंधन, चेहल्लुम एवं 16 जन्माष्टमी त्यौहार पर विशेष सतर्कता बरतते हुए शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर द्वारा सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसील/पुलिस चौकीवार नामित किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, संपूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा को नामित किया है, तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना, खड्डा, कप्तानगंज हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार राय को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया हेतु उप जिलाधिकारी कसया को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है, इसी प्रकार संपूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट हाटा को, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खड्डा को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 38 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत जनपद स्तरीय अधिकारी,तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य जनपद, ब्लॉक, तहसील स्तरीय अधिकारियों को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित नामित किए हैं।

इसके अलावे रिजर्व में 02 जोनल व 06 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किए है। उन्होंने उपरोक्त मजिस्ट्रेट गणों के दिए दिशा निर्देशों के क्रम में बताया कि समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेंगे कि किसी भी स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत यहां कोई विवाद न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। यदि कोई शान्ति व्यवस्था में बाधा आती है, तो उसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक एवं अधोहस्ताक्षरी को तत्काल अवगत कराए तथा सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तुस्थिति से भी अवगत कराएंगे तथा सम्बन्धित चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में ही उपस्थित रहेगें तथा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेगें। वर्तमान समय में धारा 163 लागू है। सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शान्ति व्यवस्था बनाए रखेंगे। उन्होंने निर्देशित किया है कि समस्त मजिस्ट्रेट 09 अगस्त, 14 अगस्त एवं 16 अगस्त को समाप्ति तक अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगें तथा समय पर आवश्यकतानुसार संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी को सूचना देते रहेगें। यदि समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर व अपर जिला मजिस्ट्रेट को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेगें।

### कंट्रोल रूम स्थापित

उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट कुशीनगर में इसके लिए एक कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर-05564-240590 है। कन्ट्रोल रूम की प्रभारी नीरज कुमार गौड़ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता, मो.नं 7800296766 व आलोक कुमार प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी, मो. 7834948507 को बनाया गया है जो अपने-अपने स्टाफ के साथ कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगे।

# परंपरागत तरीके से त्यौहार मनाने की अपील

- धार्मिक कार्यों में अश्लीलता का कोई स्थान नही : डीएम
- सोशल मीडिया पर फैलाए गए अफवाहों पर ध्यान न दें : एएसपी


कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक करते डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** रक्षाबंधन, जन्माष्टमी व चेहल्लुम त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम व एडिशनल एसपी ने धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मिलजुलकर मनाने की अपील की है।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहां की अधिकारी का हर समय एक्टिव रहे आने वाले त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में सौंपी गई जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए अपने अपने क्षेत्रों से फीड बैक अवश्य प्राप्त कर लें ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके। उन्होंने त्योहारों के दृष्टिगत बाजारों में लगने वाली भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं द्वारा किए जाने वाले यात्रा के दृष्टिगत पुलिस विभाग को चौकन्ना रहते हुए छोटी छोटी बातों पर ध्यान रखें जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी बाते भीड़ में भगदड़ का कारण बन जाती है। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम के अवसर पर 76 ताजियों एवं 56 स्थानों पर जुलूस निकलेगी जिसके लिए पुलिस विभाग एवं संबंधित विभागों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने साफ सफाई हेतु डीपीआरओ सहित सभी ईओ को निर्देशित किया गया उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का दायित्व है कि हमारे नागरिक अच्छे वातावरण में त्योहारों को मनाएं। फूहड़ता/अश्लीलता धार्मिक कार्यों में इसका कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

उन्होंने सभी एसडीएम सहित सीओ को निर्देशित किया कि किसी भी जुलूस में अश्लील गाने नहीं बजेंगे इसका संकल्प पत्र सभी आयोजकों से ले लिया जाय,ताकि बाद में कोई बहानेबाजी न कर पाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी डीजे ऑपरेटरों से भी वार्ता कर ली जाय कि उसके पास अश्लील गाने न हों। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उक्त त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस और प्रशासन की ओर से समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लिया गया है। आप सभी से अपेक्षा है कि सुरक्षित वातावरण में खुशियों के साथ अपने त्योहारों को मनाए। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाए। अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि शासन के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## मकान की कच्ची दीवार गिरने से घर में सो रहे दो बच्चे दबे, एक की मौत

**अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत ककवा गांव में एक मकान की कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबाकर एक बच्चे की मौत हो गई। तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

ककवा गांव में युग कुमार वर्मा (03) और सुमित (09) मंगलवार की रात घर में सो रहे थे। बारिश के बीच मकान की कच्ची दीवार उनके ऊपर गिर गई। मलबे में दबने से युग की मौत हो गयी । सुमित गंभीर रूप से घायल हो गये है।

पुलिस ने बताया कि सुमित को उपचार के लिए गोसाईगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बालक की मौत से परिवार में कोहरा मचा हुआ है। गांव में शोक का माहौल है।

# झाड़-फूंक से जिंदा करने के लिए मां ने ही कब्र से निकाला था किशोरी का शव

- चेचक से हुई किशोरी की मौत, परिजनों ने कब्र में दफनाया था

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में कब्रिस्तान से किशोरी के शव निकालर मां ने मौलवी के साथ उसे जिंदा करने के लिए झाड़ फूक कराई थी। पुलिस इस मामले का पर्दाफाश बुधवार को कर दिया। सीओ तमकुही राकेश सिंह ने बताया कि किशोरी की मां झाड़ फूंक करने वाले तबारक निवासी बलुआ तकिया थाना पटहेरवा और सुगनू खा निवासी पटहेरिया के साथ मिलकर कब्र से शव बाहर निकाला था।

घटना का खुलासा करते हुए सीओ तमकुहीराज ने बताया कि बीते 21 जुलाई 2025 को विस्मिल्लाह अंसारी पुत्र स्व. सलाउद्दीन अंसारी ग्राम पटहेरिया थाना पटहेरवा जनपद


पुलिस गिरफ्त में सभी आरोपी

कुशीनगर द्वारा लिखित सूचना दिया गया कि खुद की मेरी पुत्री गुलफ्सा खातुन उम्र करीब 10 वर्ष जिसका इलाज के दौरान 18 जुलाई की रात्रि मृत्यु हो गई थी जिसका शव 19 जुलाई को पटहेरिया स्थित गांव के कब्रिस्तान में दफन किया गया था। जिसके शव को कब्र खोदकर अगले दिन रात्रि को किसी के द्वारा गायब कर दिया गया है। सूचना के आधार पर थाना पटहेरवा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा पुलिस द्वारा शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया था। घटना के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम में बुधवार को थाना पटहेरवा व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना का अनावरण करते हुए घटना में सम्मिलित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में यह तथ्य संज्ञान में आया है कि मृतका की मां जुबैदा खातून अपनी बहन सुबैदा खातून, सुगनु खान व तबारक के साथ मिलकर झाड़-फूक कर मृतका को जिन्दा करने के लिए उसका शव कब्र से खोदकर निकाला गया था।

## पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद पर हुए हमले की निंदा की

**कुशीनगर।** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के ऊपर रायबरेली में हुए हमले की अपनी जनता पार्टी की जिला इकाई ने निंदा की है।

जिलाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद कुशवाहा व प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया लाल शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि यह हमला सामंती सोच का नतीजा है। पिछड़ों दलितों व अल्पसंख्यकों से भेदभाव करने वाले लोग स्वामी प्रसाद मौर्य की विचारधारा को रोकना चाहते हैं। इसका जवाब उत्तर प्रदेश ही नहीं देश का पिछड़ा समाज जरूर देगा। उन्होंने कहा कि यह हमला लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी गहरी चोट है। नेताओं ने मांग की है कि पुलिस इस घटना के दोषी हमलावरों व उन्हें उकसाने वालों पर सख्त कार्रवाई करे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष बेचू खान, प्रदेश महासचिव अहमद अली राईनी, प्रदेश सचिव मोहम्मद ताहिर अली, जनार्दन कुशवाहा, दिनेश चौधरी, महेन्द्र कुशवाहा, संजय गुप्ता, सुरेश सहित लोगों ने घोर निन्दा की है।

# सीएम के जनता दर्शन में गए सफाईकर्मी निलंबित, चर्चा का विषय

- अधिकारियों पर दबाव का आरोप, लापरवाही के कारण हुई कार्रवाई

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** बैनामा की जमीन पर कब्जा दिलाने की गुहार को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन में गोरखपुर गए एक सफाई कर्मी के निलंबन का मामला चर्चा का विषय बन गया है। जहां विभाग यह कह रहा है कि, सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर यह कार्रवाई की गई है। वहीं सफाई कर्मी का आरोप है कि अधिकारियों ने दोबारा जनता दर्शन में जाने से मना किया था। मैंने बात नहीं मानी तो यह कार्रवाई की गई। लगभग एक पखवारा पूर्व का यह मामला मंगलवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ तो सफाई कर्मी भी खुलकर कार्रवाई के विरोध में सामने आया।

बताया जा रहा है कि कुशीनगर के खड्डा ब्लाक के महदेवा में तैनात सफाई कर्मी सुरेंद्र प्रसाद चार वर्ष पूर्व भूमि बैनामा ली थी। 2022 में उसकी पैमाईश का आदेश हुआ। सफाई कर्मी का आरोप है कि, तत्कालीन लेखपाल ने 50 हजार रुपए न मिलने पर इस मामले को उलझा दिया। शिकायत तत्कालीन डीएम से की। कोई राहत न मिलने पर मुख्यमंत्री के जनता दर्शन गया, जहां शीघ्र समाधान का आश्वासन मिला।

अधिकारियों ने समाधान तो नहीं किया, उल्टे दोबारा जनता दर्शन में न जाने की चेतावनी देने लगे। लंबे समय तक इंतजार के बाद कोई राहत नहीं मिली तो दोबारा मुख्यमंत्री के जनता दर्शन पहुंचा। इसके लिए मैंने अवकाश लिया और समूह में वरिष्ठ अधिकारियों को भी जानकारी दी। फिर भी एसडीएम खड्डा के निर्देश पर तत्कालीन एडीओ पंचायत ने मेरे विरुद्ध रिपोर्ट लगाकर कार्रवाई करवा दी। जिस एंटी लार्वा के छिड़काव में लापरवाही को लेकर चार जुलाई 2025 को निलंबन किया गया, वह मैं पहले कर चुका था। तत्कालीन एडीओ पंचायत खड्डा प्रदीप मल्ल ने बताया कि निलंबन की कार्रवाई लापरवाही के कारण ही की गई है। छुट्टी तीन दिन की ली थी, लेकिन एंटी लार्वा अभियान में कोताही बरती गई थी।

### बोले डीपीआरओ

डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि, मामला दो सप्ताह पुराना है। एडीओ पंचायत की रिपोर्ट पर कार्रवाई की गई है। स्पष्टीकरण मिलने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के दबाव का आरोप निराधार है।

# योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को हर हाल में मिले : नवागत बीडीओ

- मोतीचक के नवागत बीडीओ श्वेता मिश्रा ने कार्यभार संभाला

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के नवागत बीडीओ श्वेता मिश्रा ने बुधवार को ब्लाक कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया।

बता दें कि मोतीचक का प्रभार संयुक्त बीडीओ के रूप में फूलचंद सरोज संभाल रहे थे, अभी वह मात्र दो से तीन सप्ताह तक थे कि उनका स्थानांतरण हो गया। इसके बाद खंड विकास अधिकारी श्वेता मिश्रा को मोतीचक का चार्ज मिला। बुधवार को बीडीओ मोतीचक के रूप में श्वेता मिश्रा ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद बीडीओ ने समस्त कर्मचारियों से रूबरू हुए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचे इसके


नवागत बीडीओ मोतीचक श्वेता मिश्रा

लिए सभी लोगों को मनोयोग से अपना कार्य करना पड़ेगा। इन योजनाओं में आवास, पेंशन, शौचालय सहित जो भी बुनियादी सुविधाएं है पात्र व्यक्तियों को हर हाल मिलना चाहिए।

संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करें, इसी से ब्लॉक का विकास संभव है। गांवों में साफ सफाई के साथ छिड़काव भी कराएं ताकि जलजनित बीमारियों की रोकथाम हो। कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर से लापरवाही सामने आई तो सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

## यातायात पुलिस व परिवहन अधिकारी द्वारा वाहनों की गयी चेकिंग

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन मे यातायात प्रभारी देवरिया गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी देवरिया के साथ संयुक्त अभियान चलाकर स्कूली बच्चों को ले जाने वाली बसों का वैध प्रपत्र चेक किया गया तथा शहर क्षेत्र में कसया ढाला, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले अनुबंधित बसों, ईड्ढरिक्शा एवं ऑटो टेम्पो के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी एवं नो पार्किंग में खड़े वाहनों का चालान किया गया, जिसमें 118 वाहनों का ई-चालान किया गया व 04 वाहनों को सीज किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया ।

इस प्रकार की कार्रवाई के माध्यम से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है । दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है। वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

# व्यापार मंडल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए एकता वन को गोद लिया




**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** कालपी रोड स्थित एकता वन में हाल ही में आयोजित बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के उपरांत व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने करमेर रोड स्थित वन विभाग कार्यालय में पहुंचकर प्रभागीय वन अधिकारी श्रीमान प्रदीप कुमार जी को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर आभार प्रकट किया।

इस दौरान व्यापार मंडल की ओर से लेटरहेड पर औपचारिक धन्यवाद पत्र भी सौंपा गया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को देखते हुए वन विभाग द्वारा एकता वन को व्यापार मंडल को गोद देने का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया।

इस पर व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि वे समय-समय पर वन क्षेत्र में उपस्थित होकर देखरेख, रख-रखाव एवं विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग करेंगे। निकट भविष्य में एकता वन को एक सुंदर और उपयोगी पार्क के रूप में विकसित करने की भी योजना है।

इस अवसर पर प्रमुख पदाधिकारी प्रदेश मंत्री श्री अरुण त्रिपाठी जी, जिला महामंत्री श्री संजीव सिपोलिया जी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्री प्रदीप द्विवेदी जी, डॉ. देवेंद्र सेठ जी, जिला उपाध्यक्ष श्री संजय सुहाने जी, डॉ. प्रज्ञा राजपूत जी, श्री महेंद्र भाटिया, श्री दिनेश पुरवार, श्री धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ, श्री बंटू गुर्जर, जिला संयोजक (आई.टी.) श्री सौरभ ठाकुर टिमरो जी, जिला मंत्री श्री उत्तम सिंह राजावत, श्री उदयकरण प्रजापति, नगर अध्यक्ष श्री उमेश शर्मा जी,

नगर मंत्री श्री धर्मेंद्र पांचाल जी, कैटरिंग यूनियन अध्यक्ष श्री संजय विजपुरिया जी, नगर कोषाध्यक्ष श्री निलय गुप्ता जी, श्री महेश चौरसिया जी एवं अन्य कई जिला एवं नगर पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# सौम्यता और सादगी की प्रतिमूर्ति थी सुषमा स्वराज



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** भाजपा की वरिष्ठ नेता देश की पूर्व विदेश मंत्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री रही सुषमा स्वराज की 6 वी पुण्यतिथि के अवसर भाजपा किसान मोर्चा नगर मण्डल द्वारा चकीयवा चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर उनको नमन किया।

इस अवसर पर उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि तेजस्वी-ओजस्वी वक्ता स्वर्गीय सुषमा स्वराज जी जब संसद में बोलती थी तो उनकी ओजस्वी वाणी संसद में गूंजती थी और किसी भी मुद्दे पर तर्कपूर्ण बात रखने वाली महिला नेत्री थी। वो अविस्मरणीय संस्मरण भारतवासियों के दिलो में सदैव जिंदा रहेंगे। उन्होंने कहा कि सुषमा स्वराज सौम्यता और सादगी की प्रतिमूर्ति थी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण मिश्र, विजय कुशवाहा, वीरेंद्र पाठक, डॉ विनोद पाण्डेय, विजेंदर कुशवाहा, राजन धर द्विवेदी, सत्यम, राहुल उपस्थित रहे।

# बस स्टेशन की नाक के नीचे से हो रही डग्गामारी, जुलाई में रोडवेज को हुआ लगभग सात लाख रुपए का नुक़सान

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** जिले में राष्ट्रीय मार्गों, राजमार्गों और जिला मार्गों पर डग्गामारी तेज होने के कारण रोडवेज को इनकम में हर महीने सात से आठ लाख रुपए का घाटा हो रहा है। डग्गामारी रोकने के मामले में एस डी एम, कोतवाल, डी एम और एस पी को ए आर एम की ओर से भेजे गए पत्र फाइलों में बंद पड़े हुए हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से सहयोग न मिलने के कारण डग्गामार बस स्टेशनों के पास से ही फर्राटा भर रहे हैं।

शासनादेश के अनुसार प्राइवेट बस और टैक्सी स्टैण्ड रोडवेज बस स्टेशन से कम से कम एक किमी दूर होने चाहिए।नगर पंचायतें और नगर पालिकाएं इस मामले में पूरी तरह शासनादेश को पलीता लगा रही हैं। प्राइवेट वाहनों के स्टैंड बस स्टेशनों की नाक के नीचे संचालित हैं। अमेठी, गौरीगंज, मुसाफिर



खाना,जायस और जगदीशपुर में राष्ट्रीय मार्गों पर धड़ल्ले से डग्गामारी हो रही है। पुलिस मौन है और ए आर टी ओ आफिस से बाहर नहीं निकल रहे हैं।

### संयुक्त चेकिंग अभियान में पकड़े गए आठ वाहन

**जगदीशपुर।** सोमवार को ए आर एम काशी प्रसाद और क्षेत्रीय कर अधिकारी दिनेश कुमार रावत ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक दर्जन से अधिक वाहन पकड़े गए। एक वाहन को सीज किया गया है।आठ वाहनों का चालान किया गया है।

उधर नये ए आर टी ओ महेंद्र बाबू ने अभी तक अमेठी डिपो में इस सम्बन्ध में स्थानीय प्रशासन और ए आर एम के साथ कोई बैठक नहीं की गई है।

ए आर टी ओ के ढुलमुल रवैए के कारण उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को पिछले महीने लगभग सात लाख रुपए का घाटा हुआ है। एस डी एम,सी ओ और कोतवाल अभी तक डग्गामारी रोकने के अभियान में शामिल नहीं हुए हैं।

> मेरे पास ऐसी कोई फोर्स नहीं जिसका सहयोग लेकर प्राइवेट वाहनों को बस स्टेशन से दूर खदेड़ सकूं। टाउन एरिया सहयोग नहीं कर रही। हमने एसडीएम, कोतवाल, डीएम और एसपी को कई बार पत्र लिखे हैं। हाल ही में तीस जुलाई को भी पत्र भेजा है। प्रशासन का कोई सहयोग नहीं मिल रहा है।
>
> **काशी प्रसाद**
> **सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, अमेठी**

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कोई उत्साह नहीं

- पहले चरण के पांचवें दिन हुई कलेक्ट्रेट में तैयारी बैठक

**अवधनामा संवाददाता**




**अमेठी।** जिले में भर घर तिरंगा अभियान पांच दिन लेट शुरू हुआ है। पहले चरण के पांच दिन बीतने के बाद बुधवार को कलेक्ट्रेट में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ डी एम की बैठक हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में 02 अगस्त से 15 अगस्त तक तीन चरणों में ÷हर घर तिरंगा अभियान-2025÷ चलाया जायेगा। उन्होने बताया है कि जनपद में प्रथम चरण 02 अगस्त से 08 अगस्त तक, द्वितीय चरण दिनांक 09 से 12 अगस्त 2025 तक तथा तृतीय चरण 13 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक चलेगा। प्रथम चरण 02 अगस्त से 08 अगस्त तक चलेगा जिसमें स्कूलों की दीवारों और बोर्डो को तिरंगा से प्रेरित कला से सजाया जायेगा, विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जायेंगी, स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन, सैनिकों एवं सिपाहियों को राखी एवं पत्र का प्रेषण किया जायेगा तथा सार्वजनिक स्थानों/बाज़ारों को तिरंगा के रंगों को प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागों युक्त तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधि का आयोजन कराया जायेगा। उन्होने बताया है कि हर घर तिरंगा अभियान का द्वितीय चरण दिनांक 09 से 12 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें तिरंगा महोत्सव' के रूप में एक ही दिन 'तिरंगा मेला' और 'भव्य तिरंगा म्यूज़िकल कॉन्सर्ट' का वृहद आयोजन किया जायेगा, तिरंगा महोत्सव' का आयोजन मा0 जनप्रतिनिधियों और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति में कराया जायेगा।

'तिरंगा महोत्सव' आयोजित किए जाने वाले प्रमुख स्थल पर 'तिरंगा मेला' का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश सरकार के स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पाद तथा 'सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सहयोग से निर्मित उत्पादों 'स्थानीय उत्पादों' (ओडीओपी), तिरंगा रंग की थीम वाली वस्तुओं (खाद्य सामग्री/परिधान/वस्त्र/श्रृंगार सामग्री आदि) की बिक्री पर केन्द्रित तिरंगा मेला का आयोजन तथा मेले में तिरंगा प्रदर्शनी' का प्रदर्शन भी किया जायेगा। जिसकी सेल्फी वेबसाइट 222.द्धड्डह्द्धड्डह्-ह्द्वह्ल्ड्ढठ्ठद्दड्ड.ष्श्द्ध पर अपलोड की जायेगी। वीआईपी कार्यक्रम के दिन, व्यापक जनभागीदारी के साथ, प्रसिद्ध और स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य 'तिरंगा संगीत कार्यक्रम 'का आयोजन किया जायेगा। जनपद के पुलिसकर्मियों, अर्धसैनिकबलों, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, सिवल डिफैन्स, होमगार्ड्स एवं खेल विभाग आदि के सहयोग से तिरंगा बाइक रैली, तिरंगा साइकिल रैली' का आयोजन किया जायेगा।

तिरंगा रैलियों/यात्राएँः बृहद तिरंगे कपड़े के साथ तिरंगा रैलियों/यात्राओं का आयोजन सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों ब्लॉकों और पंचायतों में आयोजित किए जाएँगे, जिनमें स्कूली बच्चों, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। तिरंगा और उससे सम्बन्धित वस्तुओं आदि की बिक्री को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय बाजारों में सौंदर्यपरक तिरंगा प्रकाश और सजावट किया जायेगा।

# बार अध्यक्ष ने प्रकरण की जांच कराकर कार्यवाही की दी चेतावनी

■ बार अध्यक्ष ने कहा बिना सीओपी व रजिस्ट्रेशन के काम करने अथवा चैम्बर बनाने या तख्त रखने या अन्य तरीके से अधिवक्ता की गरिमा बिगाड़ने वाले पर होगी कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में अवैध तरीके से चैंबर बनाकर अनर्गल भीड़ जुटाने व बैठने के विवाद को लेकर दो पक्ष बुधवार को आमने-सामने हो गए। फिलहाल नगर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि कोतवाली में किसी पक्ष की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। बार अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने इस प्रकरण की जानकारी मिलने पर शीघ्र कड़ा कदम उठाने की बात कही है।

कोतवाली नगर के घासीगंज मोहल्ले के रहने वाले अधिवक्ता सूरज कुमार के आरोप के मुताबिक कोतवाली देहात के बरसडा गांव निवासी गुलाबचंद अवैध तरीके से कलेक्ट्रेट परिसर में चेंबर रखे हुए हैं और वहां पर कई महिलाओं व तमाम अराजक तत्वों की अनर्गल भीड़ इकट्ठा किये रहते है,आये दिन गुलाब चन्द्र व उनके सहयोगियों के जरिये अनर्गल विवाद व फर्जी मुकदमेबाजी करने समेत अन्य गम्भीर आरोप भी लगा है। अधिवक्ता सूरज के मुताबिक गुलाब चन्द्र के पास विधि व्यवसाय का लाइसेंस भी नहीं है,उनके मुताबिक इन लोगो के खिलाफ उन्होने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई,बल्कि उन पर ही दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है,पुलिस पर गुलाब व उनकी गैंग के लोगो को संरक्षण देने का आरोप सूरज ने लगाया है।

वहीं गुलाब चन्द्र की पत्नी कंचनलता की तहरीर पर बीते 11 जुलाई को हुए विवाद के सम्बंध में अधिवक्ता सूरज कुमार व उनकी पत्नी के खिलाफ कोतवाली में एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य आरोपो में मुकदमा दर्ज करने की बात सामने आई है,जबकि सूरज की तहरीर पर कोई कार्रवाई न करने का पुलिस पर आरोप लगा है। इस संबंध में बार अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन व सीओपी के कोई भी अधिवक्ता चैंबर या तख्त रखा है या अधिवक्ता की गरिमा के खिलाफ काम कर रहा है तो जांच कर जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा अधिवक्ता संघ की तरफ से गठित टीम लगातार ऐसे लोगो के खिलाफ कार्रवाई कर रही है,कलेक्ट्रेट में भी जल्द इसका असर दिखेगा और ऐसे लोगो को कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जिले में हो रही झमाझम बारिश से किसानों में खुशी की लहर

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जनपद के सभी क्षेत्रों में बीते दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। खेतों में पानी भर जाने से धान की खेती रफ्तार पकड़ चुकी है। समय से हुई वर्षा के चलते इस बार धान की पैदावार में जबरदस्त बढ़त की उम्मीद की जा रही है। बारिश के कारण खेतों में भरपूर नमी आ गई है, जिससे किसानों ने रोपाई के काम में तेजी ला दी है।तहसील बल्दीराय क्षेत्र के किसान जितेंद्र बहादुर सिंह,वीरसेन यादव , योगेंद्र यादव पीरोसरैया , जितेंद्र सिंह , अंशुमान सिंह पीपरगांव ,ने बताया, ÷पहले पानी की चिंता सता रही थी, लेकिन अब बारिश ने खेतों को संजीवनी दे दी है। इस बार फसल अच्छी होगी।÷

लगातार वर्षा के चलते क्षेत्र का भूगर्भ जलस्तर भी ऊपर उठ रहा है, जिससे आने वाले समय में पीने के पानी और सिंचाई की समस्या से बड़ी राहत मिलने की संभावना है। नलकूप और हैंडपंपों में भी जलप्रवाह पहले से बेहतर हो गया है।जलभराव और जमीन में पानी की पैठ से साफ संकेत मिल रहे हैं कि आगामी फसल में भी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति नहीं बनेगी। किसानों ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि जल स्रोतों की सफाई, तालाबों के संरक्षण और छोटे बांधों की मरम्मत जैसे कार्यों को प्राथमिकता दे, ताकि वर्षा जल को संरक्षित कर भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित जल उपलब्ध कराया जा सके।

# भक्ति भाव से गूंजा शहर, खाटू श्याम बाबा की निशान पदयात्रा धूमधाम से निकली

■ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया 8 किमी पदयात्रा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल द्वारा प्रत्येक माह शुक्ल पक्ष की एकादशी को आयोजित होने वाली निशान पदयात्रा इस बार पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। यह पदयात्रा प्रातः 7 बजे आरंभ होकर लगभग तीन घंटे में खाटू श्याम मंदिर पहुँचकर संपन्न हुई, जहाँ भक्तों ने बाबा को निशान अर्पित कर पूजा-अर्चना की। पदयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और लगभग 8 किलोमीटर का सफर श्रद्धा, भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच पूरा किया। छोटे-बड़े भक्तों ने डीजे की भक्ति धुनों पर थिरकते हुए बाबा का गुणगान किया। पदयात्रा मार्ग में जगह-जगह जलपान व स्वागत की व्यवस्था स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा की गई थी, जिससे यात्रा और भी भक्तिमय हो उठी। खाटू श्याम मंदिर पहुँचने पर पुजारी राजकुमार तिवारी और चंद्रभूषण ने विधिपूर्वक बाबा को निशान चढ़ाकर पूजा-अर्चना कराई। इसके पश्चात सभी भक्तों ने बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सेवा मंडल के अध्यक्ष ने जानकारी दी कि दो माह बाद बाबा खाटू श्याम का भव्य जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत एक विशाल निशान यात्रा और कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दी गई है। कार्यक्रम में बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य राकेश गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, पप्पू शिवहरे, मनोज शिवहरे, मोंटू, अमित, सुधीर तिवारी, संगीता शिवहरे, शीतल, रूबी, निधि, विमला, सुमन, जीतू, नंदनी आदि की उपस्थिति और सक्रिय सहभागिता रही। यह भक्ति यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आस्था, ऊर्जा और भक्ति का अद्भुत संगम रही, जो आने वाले आयोजनों की भव्यता का संकेत भी दे गई।

# छात्राओं ने डीएम कार्यालय तक निकाली तिरंगा रैली

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पीएम श्री केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा रैली एवं राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिसमें छात्राओं ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस तिरंगा रैली में विद्यालय की लगभग 500 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में छात्राओं ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे देशभक्ति के नारों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय तक गई, जिससे समूचा वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, देशप्रेम तथा तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए राखी बनाने की कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यशाला में छात्राओं ने पारंपरिक एवं नवाचारी तरीके से सुंदर-सुंदर राखियाँ तैयार की, जो नारी सशक्तिकरण और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को दर्शाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में रचनात्मकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका डॉ रीना केसरवानी, डॉ दीपा द्विवेदी, डॉ मुक्ता सिंह, अंजना सिंह, सुनीता देवी सरोज, तृप्ति मिश्रा, सीमा यादव उपस्थिति रहीं।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए संपन्न हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

■ हर घर तिरंगा के प्रत्येक चरणों पर आयोजित किए जाए विविध कार्यक्रम



**बहराइच।** ''हर घर तिरंगा'' अभियान की सफलता के लिए मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से शासन द्वारा 15 अगस्त तक 03 चरणों में प्रथम चरण में 08 अगस्त तक, द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त तक एवं तृतीय चरण दिनांक 13 से 15 अगस्त 2025 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। श्री चन्द्र ने बताया कि प्रथम चरण में छात्र-छात्राओं में ववाद विवाद प्रतियोगिता, रंगोली, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कर पुरस्कृत भी किया जाय। हर घर तिरंगा के द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त तक तिरंगा पैदल रैली, मोटरसाइकिल रैली, जन सहभागीदारी, सैनिको, पुलिसकर्मियों, अर्ध सैनिक बलो, राखी व आभार भेजना पत्र भेजना आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायें। तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त 2025 तक सभी सरकारी कार्यालयों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, अमृत सरोवरों, प्रमुख बड़े बंधो/डैम पर सजावट, लाइटिंग व ध्वजारोहरण कराया जाए। सीडीओ श्री चन्द्र ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति, छात्र व आने वाली युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता के प्रति सम्मान व राष्ट्र भावना को जागृत करना हैं। सीडीओ ने स्वंय सहायता संगठनों व व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि अपने स्तर से भी प्रतिष्ठानों पर झण्डा लगाने तथा आस पास के लोगो को प्रोत्साहित कर प्रत्येक घरो पर झण्डा लगाने हेतु जागरूक करें। श्री चन्द्र ने लोगों से यह भी अपील की कि झण्डा फहराने से सम्बन्धित सेल्फी/फोटोग्राफ लेकर वेबसाइट हरघरतिरंगा डाट कॉम पर अपलोड करें।सीडीओ ने समस्त बीडीओ व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र के सम्बन्धित जनप्रतिनिधिगण के साथ भी पृथक से सम्पर्क कर उन्हें कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दे दी जाए तथा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े समस्त स्थलों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं साइनेज भी लगवाये जाए। शिक्षण संस्थाओं में हर घर तिरंगा से संबंधित कार्यक्रमों के लिए डीआईओएस व बीएसए सम्बन्धित के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को शासन की मंशानुरूप आयोजित कराया जाय।

सीडीओ ने कहा कि आवास, स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा संहिता का पालन करते हुए सम्मान के साथ झण्डा फहराया एवं लगाया जाय। झण्डा फहराते एवं लगाते समय सदेव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए। झण्डा यदि सरकारी परिसर में फहराया जाता है तो समय प्रोटोकाल का पालन किया जाय। झण्डा उतारने के बाद इसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाना चाहिए। झण्डा लगाते समय इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाय कि झण्डा झुका, फटा या कटा हुआ न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## 07 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा आयोजित होगी पोषण पाठशाला

**बहराइच।** जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने बताया कि प्रदेश की मंत्री एवं राज्य मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति में 07 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे के मध्य ''स्टंटिंग की समक्ष और समाधान-जन्म के पहले 06 माह पर विशेष ध्यान'' विषय पर ''पोषण पाठशाला'' का आयोजन किया गया है। वर्चुअल माध्यम से आयोजित होने वाली पोषण पाठशाला के लिंक वेबकास्ट डाट जीओवी डाट इन/यूपी/आईसीडीएस के माध्यम से जिले के समस्त आशा, आशा संगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व मिनी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। डीपीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया है कि केन्द्र पर समस्त पंजीकृत गर्भवती महिलाए, धात्री माताएं व अभिभावक वेबकास्ट के लिंक पर जुड़े रहे।

## बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंची राहत, 301 किट व 200 लंच पैकेट वितरित

**बाँदा।** जनपद बाँदा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यो को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। बुधवार को तहसील पैलानी एवं तहसील बबेरू के कई गांवों में राहत सामग्री का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रशासन ने प्रभावित ग्रामीणों को राहत किट और लंच पैकेट वितरित किए।

पैलानी तहसील के अंतर्गत ग्राम शंकरपुरवा (मजरा नांदादेव) में 50 राहत किट, ग्राम लौमर में 20, बजरंगी डेरा (मजरा तारा) में 30, अमचौली में 1 और पण्डवन डेरा व तगड़ा डेरा (मजरा सिंधनकला) में 100 राहत किट वितरित किए गए। कुल मिलाकर पैलानी क्षेत्र में 201 राहत किट बांटी गईं। इसके अतिरिक्त पण्डवन डेरा और तगड़ा डेरा में 200 लंच पैकेट भी वितरित किए गए।बबेरू तहसील में भी राहत कार्य तेज़ी से किए जा रहे हैं। ग्राम औगासी में बुधवार को 35 किट का वितरण किया गया, जिससे वहाँ अब तक कुल 200 राहत किट वितरित हो चुकी हैं। वहीं ग्राम मर्का में आज 65 किट वितरित की गईं। प्रशासन के अनुसार, राहत वितरण का कार्य लगातार जारी है और सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है।

# महिला सशक्तिकरण सुरक्षा व संरक्षण हेतु रोस्टर जारी

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश अनुसार पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र, आगरा स्थित आगरा जोन के समस्त जनपदों, फिरोजाबाद आगरा मथुराद्ध में महिलाओं के सशक्तिकरणए सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु यूनिसेफ के सहयोग से महिला सेलध् शक्ति सेल का गठन कर महिलाओं के सशक्तिकरण सुरक्षा व संरक्षण हेतु 1 अगस्त 2025 से प्रारंभ कर दिनांक 12 अगस्त 2025 तक निरंतर रोस्टर अनुसार विभिन्न थाने के पुलिस कर्मचारी को प्रशिक्षित होने हेतु पुलिस लाइन सभागार जनपद फिरोजाबाद में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है जिसके तहत आज भी रवि शंकर प्रसाद एस पी सिटी फिरोजाबाद के निर्देशन में इस प्रशिक्षण दिवस.2 को पूर्ण किया गया जिसमें विभिन्न थाने प्रभारी व पुलिस कर्मचारी पुलिस महिला आरक्षी एवं महिला संगठन से जुड़े विभिन्न कर्मयोगी उपस्थित रहे।

इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मुख्य मास्टर ट्रेनर बतौर महिला कल्याण विभाग हब फॉर एंपावरमेंट ऑफवीमेन की अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण में घरेलू हिंसा अधिनियम 2005ए कार्यस्थल में कामकाजी महिलाओं का यौन उत्पीड़न 2013ए पोक्सो एक्टए घरेलू हिंसा अधिनियम 2005ए बाल विवाहए कन्या भ्रूण हत्याए साइबर अपराधए आदि महिला एवं बालिका संबंधी अधिनियमों पर रोशनी डालते हुए समस्त ट्रेनीज का संवेदीकरण करते हुए प्रत्येक थाने में मौजूद हेल्प डेस्क के प्रभावी एवं गुणवत्ता पूर्वक संचालन पर विस्तृत रूप से चर्चा कीए साथ ही बताया के के समाज की कुरीतियों को मिटाने के लिए हमारी और आपकी छोटी कोशिशें से ही बड़े एवं गुणात्मक परिणाम हासिल किया जा सकते हैं।

## नदियों में बढ़ते जल स्तर की दृष्टिगत खन्नौत एवं गर्रा नदी का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** बुधवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नदियों में बढ़ते जल स्तर का खन्नौत नदी के हनुमत धाम एवं गर्रा नदी के अजीजगंज तटबंध का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने दूरभाष से वार्ता कर जानकारी लेते हुए बताया कि खन्नौत नदी में 07 अगस्त को लगभग 03 फीट जलस्तर बढ़ने की संभावना है।उन्होने कहा कि आसपास निवास कर रहे लोग सतर्कता बरतें और अपने सामान को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि जल स्तर बढ़ने की स्थिति में किसी प्रकार की हानि से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर बढ़ रहे जलस्तर का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने राहत शिविर, बाढ़ चौकी, नाव एवं चिकित्सा सहित आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर राहत कार्यो में कोताही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी टीमें सतर्क रहें तथा अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण करके स्थिति का जायजा लेते रहे। बढ़ते जल स्तर की जानकारी से जन सामान्य को अवगत कराते रहे।

# बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचक नामावली वृहद् पुनरीक्षण 2026 के पुनरीक्षण कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पादित करने हेतु जिलाधिकारी, फिरोजाबाद रमेश रंजन के निर्देशन में तहसील फिरोजाबाद एवं टूण्डला से सम्बन्धित बी.एल.ओ. एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण महात्मा गॉधी बालिका इण्टर कॉलेज, स्टेशन रोड़, फिरोजाबाद में सम्पन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) मोहन लाल गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण कक्षवार प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रषिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा 11 कक्षों में प्रदान किया गया। तहसील फिरोजाबाद के कुल 229 बी.एल.ओ. में से 183 बी.एल.ओ. तथा कुल 33 पर्यवेक्षक में से 32 पर्यवेक्षक प्रषिक्षण में उपस्थित रहें। इसी प्रकार तहसील टूण्डला के कुल 188 बी.एल.ओ. में से 182 बी.एल.ओ. तथा कुल 12 पर्यवेक्षक में से 12 पर्यवेक्षक प्रषिक्षण में उपस्थित रहें। जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि सम्बन्धित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी-उप जिलाधिकारी अनुपस्थित बी. एल.ओ. एवं पर्यवेक्षक के विरूद्ध राज्य निर्वाचन आयोग (पंचायत एवं नगरीय निकाय) के नियमावली के सुसंगत धाराओं के अनुसार कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में उप जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं टूण्डला, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, तहसीलदार फिरोजाबाद, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी, मुख्य प्रषिक्षक अश्वनी कुमार जैन इत्यादि उपस्थित रहें।

## न्यायालय में गवाही न देने की दी धमकी


**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** लाइनपार क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को कच्चा टूंडला निवासी अजय कुमार बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। जिसका मामला न्यायालय में विचारधीन है। किशोरी के पिता का आरोप है कि मुकदमें की अगली सुनवाई सात अगस्त 2025 को होनी है। आरोपी युवक व उसकी बहन और मां किशोरी के पिता से उसके घर के बाहर गाली-गलौज कर दी। आरोपी ने मुकदमें की गवाही अपने पक्ष में देने की धमकी दी है। किशोरी के पिता ने आरोपी युवक व उसकी बहन मां के विरुद्ध एसएसपी सौरभ दीक्षित से शिकायत की है।

## भाजपा नगर अध्यक्ष ने छात्रों को किए टैबलेट वितरित



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं को मंगलवार को टैबलेट वितरित किए गए। अतिथियों ने उन्हें टैबलेट के माध्यम से तकनीकि शिक्षा के लिए जागरूक किया। स्वामी विवकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत आगरा हाईवे मोहम्मदाबाद स्थित सागर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने टैबलेट वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि योजना के तहत मिल रहे टैबलेट से छात्र -छात्राएं तकनीकि शिक्षा को और भी बेहतर बना सकते हैं। विद्यालय प्रबंधक एसके सागर ने बताया कि 39 छात्र -छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। इस दौरान संदीप श्रीवास्तव, डॉ. आकाश गुप्ता, विपिन कुमार, सुरेंद्र सागर,सोनिंदर सिंह, अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने किया हरियाली तीज महोत्सव का समापन



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** चंदन बाला महिला मंडल ने हरियाली तीज महोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया। साथ ही बुधवार को हरियाली तीज महोत्सव को सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न किया। कार्यक्रम में जैन समाज की महिलाओं एवं युवतियों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण व दीप प्रज्वलन से महिला मंडल की अध्यक्षा त्रिशला जैन द्वारा की गई। कार्यमक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम खेल प्रतियोगिताएं तीज गीत और पारंपरिक वेशभूषा प्रदर्शन रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर नृत्य एवं गीतों के माध्यम से तीजोत्सव मनाया। कार्यक्रम संपन्न होने पर महिलाओं को श्रृंगार सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई। महिला मंडल की अध्यक्षा ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी।

# 19 अगस्त से होगा ग्राम पंचायतों में नामावली पुनरीक्षण कार्य

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहाँपुर।** आगामी ग्राम पंचायतों के चुनाव को ध्यान में रखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण का कार्य दिनांक 19 अगस्त 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है।

यह कार्य घर-घर जाकर किया जाएगा, जिसमें निर्वाचक नामावली में सम्मिलित, परिवर्धन, विलोपन एवं सुधार हेतु जानकारी एकत्र की जाएगी। यह विशेष पुनरीक्षण कार्य 01 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत ऐसे पात्र नागरिकों के नाम जोड़े जाएंगे जो भारत के नागरिक हों। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हों या 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हों। किसी सक्षम न्यायालय द्वारा अयोग्य न ठहराए गए हों। संबंधित ग्राम पंचायत में सामान्यतः निवास करते हों। निर्वाचक नामावली का यह अद्यतन कार्य पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाएगा, जिसके लिए सभी नागरिकों का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। अधिकारियों द्वारा प्रत्येक घर पर जाकर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) द्वारा सत्यापन किया जाएगा। यदि किसी नागरिक का नाम नामावली में दर्ज नहीं है तो वह तत्काल आवश्यक दस्तावेजों के साथ बीएलओ से संपर्क करें और अपना नाम दर्ज कराएं। यदि किसी कारणवश दिनांक 26 अगस्त 2025 तक बीएलओ आपके ग्राम पंचायत में नहीं पहुंचता है अथवा कोई शिकायत है, तो संबंधित जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी या उपरोक्त अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। यह अभियान निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अपने और अपने परिवार के सभी सदस्यों के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

## धनगर महासभा ने समाज के अधिकारों के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**टूंडला।** धनगर महासभा ने बुधवार को समाज के अधिकारों को प्राप्त करने के लिए गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही महासभा ने सरकार पर समाज को अनदेखा करने का आरोप लगाया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व मानवाधिकार सर्वेक्षण के जिलाध्यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने लाइनपार के गांव नगला लल्लू, नगला छैंकुर, अनवारा में समाज के अधिकारों को प्राप्त कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि धनगर समाज को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के आदेश प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अंग्रेजी में कर दिया गया है, परंतु जिले की तहसीलों में तहसीलदारों द्वारा प्रमाण पत्र नहीं बनाये जा रहे हैं। धनगर प्रमाणपत्र न बनाने पर समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि धनगर समाज अपने हक व अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर प्रशासन के विरोध में आवाज उठाएं। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाए हैं कि सरकार धनगर समाज को अनदेखा कर रही है।

# पार्किंग व्यवस्था सुधारने को लेकर नगर निगम की बैठक बनी रणनीति

अवधनामा संवाददाता

■ अवैध पार्किंग व अतिक्रमण पर सख्ती के निर्देश

**शाहजहाँपुर।** महानगर में ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने और नागरिकों को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। इसी क्रम में बुधवार को नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय कक्ष में पार्किंग समिति की पहली बैठक आयोजित की गई।बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन जल्द किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमानुसार पार्किंग स्थलों का निर्माण, अनुरक्षण और प्रचालन उत्तर प्रदेश नगर निगम पार्किंग नियामावली-2025 के तहत कराया जाए। बैठक में यह भी तय किया गया कि शहर की मुख्य सड़कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से खड़े किए जा रहे वाहनों पर सख्ती बरती जाएगी। ट्रैफिक पुलिस को ऐसे वाहनों के चालान और जुर्माने की कार्रवाई में तेजी लाने को कहा गया है। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि जो मार्ग व्यवस्थित हैं, वहां अतिक्रमण को हर हाल में हटाया जाएगा। अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। बैठक में अपर नगर आयुक्त एवं नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता समेत समिति के अन्य सदस्य और नगर निगम के जोनल अधिकारी, सिविल अभियंता, यातायात पुलिस, विकास प्राधिकरण, पावर कार्पोरेशन तथा परिवहन विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों से समन्वय बनाकर शीघ्र कार्य योजना प्रस्तुत करने को कहा, जिससे शहर को यातायात जाम से निजात मिल सके और नागरिकों को एक सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था मिल सके।

**आम सूचना**

मैं Maryam ने अपना नाम बदलकर Maryam Salman रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। D/o सलमान अहमद, यतीम खाना, चौब फ़रोशान, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001

**आम सूचना**

दि. 4.8.2025 को करीब 4.30 बजे शाम कलैक्ट्रेट के सामने फोटोस्टेट कराते हुए मेरी मुवक्किल का 1 असल बैनामा रकबई 72.22 वर्गमीटर मुतालिका खस. नं 100 वाके ग्राम शूमली प. तह. व जिला सहारनपुर दर आबादी प्रेम नगर सहारनपुर, जिसका विक्रेता विजय कुमार वर्मा व क्रेता श्रीमती नीरज कुमारी,जो बही सं.1 जिल्द 7587, पृष्ठ 109-126, दस्तावेज 7698 दि. 19.7.13 को सब रजिस्ट्रार प्रथम सहारनपुर के यहां पंजीकृत है, वास्तव में कहीं गिर गया है काफी तलाश किया लेकिन नहीं मिला यदि मिले तो संपर्क करें। पंकज सिंह एड. चै.141, सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो. 9675983535

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. **ई-निविदा सूचना सं. :** 1189-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 05.08.2025
2. **कार्य का नाम :** डीजल शेड, आलमबाग, लखनऊ में SIO कार्यालय के सामने पाँच कमरे के साथ नए शेड का निर्माण और सब-असेंबली एवं बोगी सेक्शन की एपॉक्सी फ्लोरिंग के साथ शेड के विस्तार के संबंध में विद्युत कार्य।
3. **अनुमानित लागत :** रु. 44,98,555.63/- (चौवालीस लाख अठ्ठानवे हज़ार पांच सौ पचपन रुपये एवं तिरेसठ पैसा मात्र)
4. **ई-निविदा की कीमत :** शून्य
5. **बयाना राशि :** रु. 90,000/- (नब्बे हज़ार रुपये मात्र)
6. **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह
7. **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 29.08.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में।
8. **प्रस्ताव की वैधता :** ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
9. **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।

सं.: 1189-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक: 05.08.2025 2384/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कृष्णशिला परियोजना ने लगाया परिवार परामर्श शिविर



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कृष्णशिला परियोजना ने गत मंगलवार कोअधिकारी क्लब, कृष्णशिला में संविदाकर्मियों हेतु परिवार परामर्श शिविर का आयोजन किया। परामर्श शिविर के दौरान चिकित्सा अधिकारी, कृष्णशिला ने उपस्थित कर्मियों एवं उनके परिवारजनों को कार्य जीवन संतुलन, चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण, बेहतर जीवन शैली आदि के संबंध में बताया व जागरूक किया और इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी, कृष्णशिला, सुधीर कुमार झा ने अपने संबोधन में एनसीएल की सफलता में सभी कर्मियों के योगदान की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने संविदाकर्मियों और उनके परिवारों के समग्र विकास को समर्पित कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में परियोजना से स्टाफ अधिकारी (खनन), स्टाफ अधिकारी (कार्मिक), स्टाफ अधिकारी (सिविल), स्टाफ अधिकारी (विद्युत एवं यांत्रिकी) तथा जेसीसी सदस्यगण उपस्थित रहे। इस दौरान केएनआईएल- एसआईपीएल, खेमका कैरियर्स और पीसीयूएस के कर्मियों एवं उनके परिजनो ने सक्रिय रूप से भाग लिया।गौरतलब है कि एनसीएल के द्वारा समय- समय पर कर्मियों की बेहतर जीवन शैली हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में एनसीएल की अमलोरी परियोजना द्वारा विगत 29 जुलाई को संविदाकर्मियों हेतु परिवार परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

# बास्केट बॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारायन कॉलेज आफ साइंस एण्ड आर्ट्स में बड़े ही उत्साह से इण्टर हाउस बास्केट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें करेज हाउस, डिसीपिलिन हाउस, यूनिटी हाउस एवं फेथ हाउस के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि धीरज पाठक सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट बासकेट बॉल एसोसियेशन एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त सम्मानित जनों ने सभी हाउस के खिलाड़ियों से हाथ मिला कर उनका उत्साह वर्धन किया तथा उन्हें शुभकामनायें दीं। प्रतियोगिता का आरम्भ फेथ हाउस तथा डिस्पिलिन हाउस के मैच से हुआ, तत्पश्चात करेज हाउस तथा यूनिटी हाउस का मैच हुआ दोनों ही मैचों के बाद फाइनल राउण्ड के लिये करेज हाउस तथा डिसिपिलिन हाउस ने क्वालीफाई किया। फाइनल राउण्ड में दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा। सभी विधार्थियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन तालियों की गड़गड़ाहट के साथ किया। अन्ततः डिसिपिलिन हाउस ने बेहतरीन टीम क्वार्डिनेशन को दर्शाते हुये प्रतियोगिता को अपने नाम कर लिया। विजेता टीम के कप्तान वैभव मिश्रा तथा अन्य टीम मेम्बर अंशुल, आदर्श एवं कृष्णा आदि को डिसिपिलिन हाउस की मास्टर वन्दना रावत ने बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.धर्मेन्द्र शर्मा ने सभी हाउस के प्रतियोगियों को बधाई दी एवं अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगितायें खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा और एकाग्रता का विकास करती हैं तथा उनकी प्रतिभा को निखारती हैं। विद्यालय सदैव विधार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिये तत्पर है इस कार्य के लिये विद्यालय ने अनुभवी प्राशिक्षकों को नियुक्त किया हुआ है। विद्यालय आने वाले समय में सहोदया तथा अन्तर्राज्यीय प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाशाली विधार्थियों को प्रतिभाग करवायेगा तथा खिलाड़ियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध करायेगा। बासकेट बॉल के प्रति छात्र-छात्राओं के ज्ञान को बढ़ाते हुये उन्होने बताया कि बासकेट बॉल का सर्व प्रथम आयोजन 21 दिसम्बर 1891 में यूनाइटेड स्टेट्स में जेम्स नाइस्मिथ, फिजिकल ट्रेनर के द्वारा हुआ था। अत्यन्त रोचक इस खेल में खिलाड़ियों को ऊर्जा एंव संतुलित ताल-मेल के द्वारा प्रतिद्वंधी टीम से बाजी मारनी होती है। साथ ही उन्होने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि आप सब आगामी प्रतियोगिताओं में विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी गौरवान्वित करते रहेंगे। विद्यालय आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यादवेन्द्र पाल सिंह स्पोर्टस प्रभारी, स्पोर्टस कोच जैलेन्द्र सिंह, स्कूल कार्डिनेटर उरूसा रिज़वान, सीसीए कमेटी (कृष्णा गोपाल त्रिवेदी, संदीप यादव एवं ऋतु कनौजिया) विभिन्न हाउस के इंचार्ज, वन्दना रावत, शुभांकित शुक्ला एवं उमंग यादव, मोहन दलेला तथा सिद्धार्थ आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अगस्त क्रांति दिवस समारोह 9 अगस्त को

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** देश के अमर शहीदों की नमन करने के लिए मौलाना आज़ाद सामाजिक एकता समिति उ.प्र.के तत्वावधान में आगामी 9 अगस्त शनिवार को प्रातः11 बजे से दीपू चौधरी मैरिज होम के प्रांगण में अगस्त क्रांति दिवस समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें देश के कई वरिष्ठ विचारक राजनेता उद्बोधन के लिए पधार रहे हैं, जिनमें समाजवादी नेता और पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव (मुख्य अतिथि), पूर्व सांसद मो.अदीब(मुख्य वक्ता)तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व अपर महाधिवक्ता राज बहादुर सिंह यादव कार्यक्रम के अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा कई और विशिष्ट विद्वान वक्ता कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। संस्था के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक जमील कुरैशी ने बताया कि हमारी संस्था लगभग दो दशक से लगातार अगस्त क्रांति दिवस समारोह आयोजित करती आ रही है, जिसमें देश प्रदेश के अनेक नामचीन महानुभाव विचारक आजादी के इन वर्षों ने हमने क्या खोया क्या पाया और क्या हमारा प्यारा भारत देश शहीदों के सपनों का भारत बन पाया, इस पर गंभीर विमर्श प्रस्तुत करते रहे हैं। इस बार भी समारोह में देश के मौजूदा हालातों और भावी उम्मीदों के सम्बन्ध में विद्वान वक्तागण अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। हमारा सभी जिम्मेदार देशभक्त नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस कार्यक्रम में पधारकर कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके विचारों को सुनने के लिए समय से पधारे। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व अपर महाधिवक्ता राज बहादुर सिंह यादव के अलावा टिल्लू यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# बढ़ते कदम योजना के तहत दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** उजाला फाउंडेशन ने राष्ट्रीय न्यास, भारत सरकार की बढ़ते कदम योजना के तहत अकबरपुर बसरेहर में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बौद्धिक दिव्यांगता, प्रमस्तिष्क पक्षाघात, स्वलीनता और बहु-दिव्यांगता जैसी स्थितियों के बारे में लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संख्या अधिकारी और प्रभारी खंड विकास अधिकारी, रमेश चंद मेहरा रहे। कार्यक्रम में कई विशेषज्ञों ने अपने विचार और ज्ञान साझा किए।

संस्था प्रबंधक वरुण यादव ने राष्ट्रीय न्यास द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, लोकल लेवल कमेटी और लीगल गार्जियनशिप की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेष शिक्षक देवानंद सिंह और नरेंद्र यादव ने स्वलीनता और बौद्धिक दिव्यांगता के लक्षणों, कारणों और उनके निदान के तरीकों पर प्रकाश डाला। फिजियोथेरेपिस्ट अमित यादव ने प्रमस्तिष्क पक्षाघात (Cerebral Palsy) के विभिन्न प्रकार, उसके निदान और कारणों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विशेष शिक्षक सत्यवीर सिंह ने 0 से 10 वर्ष की आयु के बच्चों में बौद्धिक, प्रमस्तिष्क पक्षाघात, स्वलीनता और बहु-दिव्यांगता के लिए शैक्षिक कौशल और उपचार के सुझाव दिए। उन्होंने यूडीआईडी कार्ड बनवाने की पूरी प्रक्रिया भी समझाई और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी प्रवीण यादव, पंचायत सहायक स्वाति शाक्य, रोजगार सेवक रीना, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, विशेष शिक्षक अनिल, प्रमोद सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपाईयों ने की बैठक

**स्वतंत्रता दिवस पर सभी घरों पर शान से फहरेगा तिरंगा**



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भाजपा जिला कार्यालय पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को लेकर बुधवार को कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक वर्ष भाजपा कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता एवं अखण्डता के प्रति संकल्प लेते है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से आपरेशन सिन्दूर पूर्णतः सफल रहा। यह मोदी के नेतृत्व में नया समृद्धशाली, शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है, हम सभी को इस पर गर्व है। पूरे देश भर में आपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद देशवासियों ने हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति के कई कार्यक्रम सम्पन्न हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि 10 व 12 अगस्त को प्रत्येक मण्डल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा की प्रमुख भूमिका होनी चाहिए। आम जनता की भी अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की जाए।यात्रा का आयोजन एक से दो किलोमीटर तक करना है। 12 से 14 अगस्त को स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों व महत्वपूर्ण स्थानों के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। इस मौके पर रमेश मिश्रा, ओंकार केशरी, धर्मवीर तिवारी, अशोक मिश्रा, अजीत चौबे, रुबी प्रसाद, नागेश्वर गोंड, ओमप्रकाश दूबे, अमरनाथ पटेल, रामसुन्दर निषाद, संतोष शुक्ला, कैलास बैसवार, विशाल गुप्ता, राकेश मेहता, कुसुम शर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी, मीनू चौबे, कमलेश चौबे, नार सिंह पटेल, दयाशंकर पांडेय, सुरेन्द्र अग्रहरी, दीलिप पांडेय,बीएन गुप्ता, पुष्पा सिंह, गुडिया त्रिपाठी, दीलिप चौबे, अंकुर सिंह, रामबली मौर्या आदि मौजूद रहे।

# हमीरपुर में ट्रैफिक सिपाही का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, लाइन हाजिर



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिले के यमुना पुल पर तैनात एक ट्रैफिक सिपाही का रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में सिपाही को ट्रक चालान न करने के एवज में 500 रुपये की रिश्वत लेते हुए साफ देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि सिपाही ने एक नहीं, बल्कि तीन ट्रकों की फोटो खींचने के बाद 500-500 रुपये की वसूली की। रिश्वत की रकम ट्रक चालकों से बाइक की डिग्गी में डलवाई गई। यह पूरा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत यमुना पुल का है, जहां आए दिन राठ तिराहा और अन्य इलाकों में इसी तरह की वसूली की शिकायतें सामने आती रही हैं। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक, हमीरपुर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी यातायात से प्रारंभिक रिपोर्ट प्राप्त की। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित ट्रैफिक पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। प्रकरण की विस्तृत जांच की जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी सदर को सौंपी गई है। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि दोषी पाए जाने पर संबंधित सिपाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रोजगार मेले में 97 अभ्यर्थियों का चयन

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार स्व. सुन्दरलाल शिवहरे महाविद्यालय मकरॉव, मौदहा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, कानपुर; अथर्वा फाउंड्री प्रा.लि., महाराष्ट्र; पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि., हमीरपुर; जय भारत मैन पावर; एडू वेंटज प्रा.लि., दिल्ली; एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस; वाई4डी फाउंडेशन, नोएडा; एवं न्यू जीवनदीप इंटरप्राइजेज, लखनऊ जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में कुल 129 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से विभिन्न पदों के लिए 97 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों की संख्या इस प्रकार रहीः प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, कानपुरः 17, अथर्वा फाउंड्री प्रा.लि., महाराष्ट्रः 15, पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि., हमीरपुरः 14, एडू वेंटज प्रा.लि., दिल्लीः 16, जय भारत मैन पावर इंटरप्राइजेज, लखनऊः 09, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, हमीरपुरः 08, वाई4डी फाउंडेशन, नोएडाः 11, न्यू जीवनदीप इंटरप्राइजेज, लखनऊः 07, रोजगार मेले के सफल आयोजन से युवाओं में उत्साह देखा गया और चयनित अभ्यर्थियों ने इस पहल के लिए संतोष जताया।

# एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना ने लगाया निःशुल्क पोषण शिविर



**सोनभद्र/सिंगरौली अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम पंचायत मेहदेहिया में निःशुल्क पोषण शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान आंगनबाड़ी के माध्यम से गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार गुड़, दलिया, मूंगफली, प्रोटीन पाउडर एवं सेरेलेक पाउडर इत्यादि का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 76 महिलाएं एवं बच्चे लाभान्वित हुए । इस कार्यक्रम में परियोजना नोडल अधिकारी (सीएसआर) , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्थानीय सरपंच उपस्थित रहे । गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय समय पर पोषण शिविर, शिक्षा , स्वास्थ्य , कौशल विकास , महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

# उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने डीएम व अस्सिटेंट फूड कमिश्नर से मिल कर जताई आपत्ति

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** ऊसराहार कस्बे में तिराहे पर मिठाई विक्रेता राजीव कौशल के साथ खाद्य विभाग के अधिकारी द्वारा मारपीट और रिश्वत मांगने एवं घर में घुसने के आरोप पर उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल से मिला तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल असिस्टेंट फूड कमिश्नर राजेश द्विवेदी से भी मिला और उनकी इस कार्यशैली पर आपत्ति दर्ज की। जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि फील्ड में जाने वाले अधिकारी पहले इस मानसिकता को त्याग दें कि हर व्यापारी चोर है, प्रतिस्पर्धा के दौर में व्यापारी खुद इस प्रयास में रहता है कि उसके ग्राहक को अच्छा और शुद्ध माल मिले, फूड सेफ्टी के मानक बहुत पुराने हैं, खेतों में अंधाधुंध कैमिकल का प्रयोग होने से दूध सहित अन्य खाद्य उत्पादों का कैमिकल बैलेंस बिगड़ गया है। अभिहीत अधिकारी ने व्यापारियों से भी निवेदन किया है कि मिठाईयों में भी रंगों का उपयोग कम से कम करें, इन रंगों की वजह से ही सैंपल फेल होते हैं। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, रेडीमेड ऐसोसिएशन अध्यक्ष देव गुप्ता, शहर उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान, उमाकांत दीक्षित, उघोग मंच अध्यक्ष भारतेन्द्र भारद्वाज, सिकंदर वारसी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सहारा अस्पताल में महिला की मौत, हंगामा

**सोनभद्र।** स्वास्थ्य विभाग के हुक्मरानों की रस्मों कृपा पर जुगाड़ सिस्टम से संचालित प्राइवेट अस्पतालों में गलत उपचार से मरीजों की मौत की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। महज डेढ़ माह के भीतर जिला मुख्यालय के प्रमुख शहर सोनभद्र नगर में संचालित तीन अलग-अलग अस्पतालों में तीन महिलाओं की हुई मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कुंभकर्णीय निद्रा ले रहे हैं। जबकि इन तीनों घटनाओं में मृतकों के परिजनों द्वारा अस्पताल परिसर में हंगामा कर संबंधित चिकित्सक पर गलत उपचार-आपरेशन का आरोप लगा गया है। नगर के सहारा हास्पिटल में भर्ती नसीरा बेगम उम्र 40 वर्ष पत्नी मुमताज निवासी जोगिनी थाना करमा की बुधवार की सुबह मौत हो गई। उसे बच्चेदानी में गांठ के आपरेशन के लिए भर्ती कराया गया था।

# जनसुनवाई के दौरान 93 शिकायतें प्राप्त



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 93 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित एसडीएम, खंड विकास अधिकारियों और अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से अपने कार्यालयों में जनसुनवाई करें और प्राप्त शिकायतों का शीघ्रता से निस्तारण सुनिश्चित करें। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले मामलों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें और समयबद्ध आख्या प्रस्तुत करें। शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मध्यस्थता केंद्र में दांपत्य विवाद सुलझा

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर के मध्यस्थता केंद्र में वाद संख्या 1573/2021, जिसमें सुमेरपुर निवासी रवीना खातून और घाटमपुर निवासी शमशाद के बीच दांपत्य संबंधी विवाद था, का समाधान आपसी सुलह के माध्यम से हो गया। मामले में मध्यस्थ अधिवक्ता चन्द्रशेखर गौतम द्वारा राष्ट्रव्यापी मध्यस्थता अभियान के तहत दोनों पक्षों से वार्ता कर सुलह कराई गई। आपसी सहमति के पश्चात दोनों ने साथ रहने की स्वीकृति दी और न्यायालय परिसर से ही रवीना खातून को शमशाद के साथ विदा किया गया। मध्यस्थता प्रक्रिया के सफल निष्पादन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संतोष व्यक्त किया और समाधान को शांतिपूर्ण वैवाहिक विवाद निपटान की दिशा में सकारात्मक पहल बताया।

# हमीरपुर में दर्जी और ब्यूटी पार्लर ट्रेड में मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण, ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत संचालित कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना (SCSP) और कौशल सुधार प्रशिक्षण (सामान्य) योजना के अंतर्गत जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, हमीरपुर को दर्जी एवं ब्यूटीपार्लर ट्रेड में प्रशिक्षण लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिले को SCSP योजना के अंतर्गत दर्जी ट्रेड में 50 और ब्यूटी पार्लर ट्रेड में 50 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य दिया गया है, वहीं सामान्य योजना के तहत दर्जी ट्रेड में 25 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 45 वर्ष निर्धारित की गई है। एक ही परिवार से केवल एक सदस्य को चयनित किया जाएगा। चयन में दिव्यांग, बीपीएल परिवारों से संबंधित अभ्यर्थियों और महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। यह प्रशिक्षण केवल ग्रामीण क्षेत्र व नगर पंचायत के पात्र अभ्यर्थियों के लिए है, जिनकी जनसंख्या वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार 25,000 से अधिक न हो। प्रशिक्षण पूरी तरह अनावासीय होगा और लाभार्थी के पास आधार कार्ड अनिवार्य होगा।

# आईपीएस बनने वाली इटावा की युक्ति पाण्डेय को केशव मौर्य ने किया सम्मानित



**इटावा।** संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर आईपीएस बनने वाली जिले की लाडली बेटी युक्ति पाण्डेय को प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने लखनऊ में प्रतीक चिन्ह तथा सम्मान पत्र देकर किया सम्मानित। सम्मान मिलने पर युक्ति को बधाई देने वालों का तांता लग गया। महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित डॉ0 हरीशंकर पटेल, युक्ति पाण्डेय के गुरु सुद्दीप त्रिपाठी, समाज सेवी सुधीर मिश्रा, श्रीमती श्रद्धा पटेल संचालिका व्यूटी मंत्रा मेकओवर, इन्जी0राजेश कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापक रमेश चन्द्र राजपूत, अशोक राजपूत, अनिल राजपूत, अशोक यादव, राजेश सिंह, सहायक अध्यापक- संजीव राजपूत, श्रुति पटेल, शुभी पटेल, तेजस पटेल आदि ने बधाई देते हुए कहा कि युक्ति पाण्डेय ने यह उपलब्धि हासिल कर केवल अपने माता पिता ही नहीं, समूचे इटावा जनपद का गौरव बढ़ाया है। हम सब उनके और अधिक यशस्वी होने की कामना करते हैं।

# 10वीं अंतर क्षेत्रीय भारोत्तोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की बीना परियोजना में गत मंगलवार को 10वीं एनसीएल अंतरक्षेत्रीय शक्तितोलन -भारोत्तोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता संपन्न हुई। 3 से 5 अगस्त तक आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 276 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें से 27 महिलाएं शामिल रहीं। प्रतियोगिता के दौरान अलग अलग वेट ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में मनीष कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी एवं उपस्थित सभी को खेल-कूद गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनसीएल द्वारा कर्मियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिवर्ष आयोजित विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं की सराहना की। कार्यक्रम में एनसीएल के जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर द्विवेदी, एचएमएस से बीएन सिंह एवं सीएमओएआई से सर्वेश सिंह, महाप्रबन्धक (मानव संसाधन कल्याण), राजेश त्रिवेदी, क्षेत्रीय महाप्रबन्धक (बीना), आर. के. सिंह आदि मौजूद रहे। एनसीएल अंतरक्षेत्रीय शक्तित्तोलन भारोत्तोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता के दौरान निगाही परियोजना से नीरज द्विवेदी ने मिस्टर एनसीएल का खिताब अपने नाम किया। इसी क्रम में स्ट्रॉन्ग मैन ऑफ एनसीएल के लिए जयन्त के पप्पू सक्सेना, स्ट्रॉन्ग वूमन ऑफ एनसीएल के लिए एनएससी की सरिता देवी, बेस्ट लिफ्टर के लिए एनसीएल मुख्यालय के अनुप कुमार को खिताब से नवाजा गया।

# क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) गौतम देब ने किया रिहंद परियोजना का दौरा

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) गौतम देब ने 05 एवं 06 अगस्त 2025 को दो दिवसीय दौरा किया। अपने दौरे के पहले दिन उन्होंने एफजीडी क्षेत्र के निरीक्षण से की, जहाँ उन्होंने परियोजना की पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं की प्रगति का अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने कंट्रोल रूम का भ्रमण किया, जहाँ उन्होने संयंत्र की संचालन प्रणाली, सुरक्षा मानकों एवं नवीन तकनीकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने प्रशासनिक भवन स्थित मंथन प्रेक्षागृह में परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ के साथ बैठक कर परियोजना की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। तत्पश्चात उन्होंने परियोजना में कार्यरत विभिन्न यूनियनों एवं एसोसिएशनों के पदाधिकारियों से संवाद कर उनके विचारों को जाना। तत्पश्चात वे तरंग प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या में शामिल हुए। यह कार्यक्रम रिहंद परिसर में संचालित विद्यालयों के छात्राओं, वर्तिका महिला मण्डल द्वारा संचालित वेल्फेयर विंग ÷उड़ान÷ के बालिकाओं एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। बच्चों की आकर्षक एवं सराहनीय प्रस्तुतियों ने अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# हैण्डबाल प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज रेणुकूट में बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा खेलकूद के अन्तर्गत 69वीं जिला स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर-19, अंडर-17 व अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग में अलग-अलग विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि तथा मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। जहां प्रतियोगिता के अंडर-14 के बालक वर्ग सेंट जेवियर इण्टर कॉलेज रॉबर्टसगंज विजेता तथा ख्रीष्ट ज्योति हाई स्कूल रेणुकूट उप विजेता रहा। वहीं बालिका वर्ग में मेजबान आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज रेणुकूट विजेता तथा ख्रीष्ट ज्योति हाई स्कूल रेणुकूट उप विजेता रहा। प्रतियोगिता के अंडर-17 के बालक वर्ग आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज रेणुकूट विजेता तथा सेंट जेवियर इण्टर कालेज रॉबर्टसगंज उप विजेता रहा। प्रतियोगिता के अन्डर 19 के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में मेजबान आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज रेणुकूट विजेता तथा सेंट जेवियर इण्टर कालेज राबर्टसगंज व ख्रीष्ट ज्योति हाई स्कूल रेणुकूट क्रमशः उप विजेता रहे। ये सभी विजेता व उपविजेता में से चयनित खिलाड़ी आगामी मण्डलीय प्रतियोगिता में सोनभद्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने खेल को शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक बताया। समाज में खेलों की भूमिका को समझाते हुए सभी को बधाई दी। प्रतियोगिता विद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी शिक्षिका मीरा जायसवाल के कुशल नेतृत्व में खेल शिक्षक बलबीर सिंह, एचएन सिंह व जितेन्द्र कुमार सिंह के सहयोग से सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अन्य विद्यालयों के शिक्षकों जगदम्बा प्रसाद व अनिमेष रजक के साथ ही विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग अत्यन्त सराहनीय रहा।

# कॉर्पोरेट घरानों -सार्वजनिक क्षेत्र में पॉवर सेक्टर छोड़ो अभियान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने %भारत छोड़ो% आंदोलन और काकोरी क्रांति की पूर्व संध्या पर एक बड़ा अभियान चलाने का फैसला किया है। 8 अगस्त से 15 अगस्त तक, प्रदेश भर के बिजली कर्मचारी ÷कॉर्पोरेट घरानों - सार्वजनिक क्षेत्र में पॉवर सेक्टर छोड़ो÷ अभियान चलाएंगे। इस दौरान, वे तिरंगा लेकर व्यापक जनसंपर्क करेंगे और आम लोगों को बिजली के निजीकरण से होने वाले संभावित नुकसानों से अवगत कराएंगे।




संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के सपने में सबसे बड़ी बाधा उत्पन्न करेगा। निजी कंपनियाँ सिर्फ मुनाफे के लिए काम करेंगी, जिससे बिजली के दामों में भारी वृद्धि होगी। समिति का मानना है कि निजीकरण प्रदेश के किसानों, गरीब और मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए अंधेरे का संदेश लेकर आएगा। इसके साथ ही, संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पॉवर कॉरपोरेशन के निदेशक (वित्त) निधि नारंग को तीसरी बार सेवा विस्तार न देने की अपील की है। समिति ने आरोप लगाया है कि नारंग ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन के साथ मिलकर कुछ चुनिंदा कॉर्पोरेट घरानों को गोपनीय दस्तावेज दे रहे हैं। समिति ने इस मामले को गंभीर बताते हुए नारंग के कार्यालय को तत्काल सील करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश शासन ने भी 30 जुलाई को नारंग को सेवा विस्तार देने को अनुचित बताया था, लेकिन इसके बावजूद पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने पुनः 6 महीने के सेवा विस्तार की अनुशंसा की है। निजीकरण और उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों के विरोध में आज भी प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों और परियोजनाओं पर बिजली कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन जारी रखा। मुख्य रूप से वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, झांसी, बरेली, अयोध्या, मुजफ्फरनगर, नोएडा, गाजियाबाद और ओबरा सहित कई जगहों पर प्रदर्शन किए गए।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन

**लखनऊ।** वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा ग्राम पंचायत (जीपी) और शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में वित्तीय समावेशन (एफआई) योजनाओं के संतृप्ति हेतु 1 जुलाई, से 30 सितंबर, तीन महीने की अवधि के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के प्रमुख लक्ष्यों में पीएमजेडीवाई के तहत बैंकिंग सेवाओं से वंचित वयस्कों के लिए बैंक खाते खोलना; पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई के तहत नामांकन बढ़ाना; डिजिटल धोखाधड़ी की रोकथाम पर जागरूकता सत्र, आदि शामिल हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने उत्तर प्रदेश राज्य के मेरठ जिले के अमेहरा आदिपुर ग्राम पंचायत में एक वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बैंक के कार्यपालक निदेशक एस. राम सुब्रमणियन द्वारा मेरठ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र प्रमुख सुअर्चना शुक्ला भी उपस्थिति रहीं। इस अभियान में बड़ी संख्या में ग्राहकों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम के दौरान, एस. रामसुब्रमणियन द्वारा मेगा जन सुरक्षा संतृप्ति अभियान के महत्व और उद्देश्यों पर ज़ोर दिया गया।

# लखनऊ में मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई, मिठाई की फैक्ट्री सील

अवधनामा ब्यूरो



सहायक आयुक्त खाद्य एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी, मिलावटी मिठाइयों के नमूने लेकर फैक्ट्री को किया गया सील।

**काकोरी लखनऊ।** लखनऊ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (स्नस्ष्ठ) विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय, विजय प्रताप सिंह और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जे पी सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने ग्राम हरदोइया, लाल नगर, थाना काकोरी स्थित एक मिठाई की फैक्ट्री पर छापेमारी की। यह कार्रवाई विपिन गुप्ता पुत्र रमेश गुप्ता, निवासी सुभाष मार्ग, लखनऊ, की फैक्ट्री पर मिलावटी मिष्ठान बनाए जाने की सूचना के आधार पर की गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खाद्य विभाग को लंबे समय से इस फैक्ट्री में मिलावटी और घटिया सामग्री से मिठाइयां बनाने की शिकायतें मिल रही थीं। सूचना की पुष्टि के बाद, विभाग ने तुरंत एक टीम गठित की और मंगलवार को अचानक फैक्ट्री पर धावा बोल दिया। छापेमारी के दौरान, टीम ने फैक्ट्री के अंदर से विभिन्न प्रकार की मिठाइयां और उन्हें बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री को जब्त किया। अधिकारियों ने मौके से सभी प्रकार के मिष्ठान के नमूने लिए हैं। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला में भेजा गया है, जहां इनकी गुणवत्ता और मिलावट की जांच की जाएगी। सहायक आयुक्त विजय प्रताप सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग इस तरह की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रहा है और किसी भी कीमत पर जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

छापेमारी के बाद, अधिकारियों ने फैक्ट्री को पूरी तरह से सील कर दिया है। इस कार्रवाई से शहर में मिठाई में मिलावट करने वाले अन्य व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। स्नस्ष्ठ विभाग की इस कार्रवाई को जनता ने सराहा है और उम्मीद जताई है कि इससे मिलावटखोरी पर लगाम लगेगी और लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ मिलेंगे।

## क़दीम मर्सिया ख्वानी की मजलिस 13 सफ़र को

**लखनऊ।** लखनऊ मासूम बच्चों की जिंदगी के साथ खुलेआम खेल रहे हैं पावर हाउस के अधिकारी। नगर निगम जोन 3 के कदम रसूल वार्ड नंबर 80, का भांडों टोला जो मध्यांचल के सबस्टेश अहिबरनपुर के अंतर्गत आता है, इस भांडों टोला में 2 स्कूल है, एक मुस्लिम गर्ल हायर सेकेंडरी स्कूल है, दूसरा सरकारी प्राथमिक विद्यालय इरादत नगर है।

दोनों स्कूलों के बच्चों के खेलने का मैदान एक ही है। ये मैदान मोहल्ला के बीच में है। इस लिए मैदान में मोहल्ले के बच्चे भी खेलते कूदते हैं, लेकिन कुछ साल पहले अहिबरनपुर पावर हाऊस ने तमाम विरोध के बाद भी इस मैदान में अपना एक ट्रांसफार्मर रख दिया, थोड़े दिनों के बाद दूसरा ट्रांसफार्मर रख दिया गया अब तीसरा रखा गया है

सबसे बड़ी बात यह है कि इस ट्रांसफार्मर के कारण सरकारी स्कूल का एक दरवाज़ा बंद हो गया है, इस ट्रांसफार्मर में कई बार हादसा हो चुका है, एक बार बकरी दो बार कुत्ता तथा दो बार गाय चिपक के मर चुकी है।

# मजलिस ओ मातम का सिलसिला जारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नवासे रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की याद में मजलिस ओ मातम का सिलसिला बुधवार को भी चलता रहा। हैदरी मस्जिद बीरबल साहनी मार्ग न्यू हैदराबाद में बुधवार से पांच दिवासीय मजलिसों का आगाज हो गया। आज मौलाना हुसन जहीर ने हुसैन और इंसानियत शीर्षके से मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि इस्लाम का मकसद दुनिया में अमन और इंसानियत की हिफाजत है। अहलेबैत की तालीमात पर अमल किये बगैर इंसानियत को नहीं बचाया जा सकता। मौलाना ने कहा कि हजरत अब्बास (अ.स.) तमन्ना-ए-अली और हजरत इमाम हुसैन की वफाओं के समन्दर हैं। मजलिस का आगाज तिलावते कुरआन से मोहम्मद मुस्लिम जाफरी ने किया और सोजख्वानी शाहनवाज़ खान ने जबकि पेशखूवानी फरमान अली अकबरपुरी आमिर फैजाबादी ने की।इमामबाड़ा फिरोज मिर्जा मरहूम हसन पुरिया में मौलाना मोहम्मद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने कर्बला में दीने इस्लाम को बचाने के लिए अपना सब कुछ लुटा दिया। मजलिस के बाद अंजमुन गुंचाए मजलूमियां ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा हबीब हैदर हसन पुरिया में मौलाना मोहम्मद मशरीकैन ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाडा तनजीम रिजवी हजरत अली अकबर हॉल रूस्तम नगर में मौलाना अब्बास इरशाद ने मजलिस को खिताब किया। पंजतन अपार्टमेंट गोलागंज में जाकिर ए अहलेबैत इमदाद इमाम ने मजलिस को खिताब किया।

### मजलिस आज

इमामबाड़ा कब्बन रिजवी हसन पुरिया में बृहस्पतिवार को एक मजलिस का आयोजन रात 8 बजे होगा। मजलिस को मौलाना तकी रजा खिताब करेंगे।

### क़दीम मर्सिया ख़्वानी की मजलिस कल

**लखनऊ।** मस्जिद इमाम-ए-ज़माना (अ.स) दरगाह हज़रत अब्बास (अ.स), रुस्तम नगर में क़दीम मर्सिया ख़्वानी की मजलिस का आयोजन शुक्रवार को रात 8 बजे किया जाएगा। इस मजलिस में सैयद मोहम्मद औन रिज़वी मर्सिया ख़्वानी करेंगे।

### कर्बला अमेठी मुंशी मुज़फ्फर अली में इमाम का चेहलुम 10 को

**लखनऊ।** कर्बला अमेठी मुंशी मुज़फ्फर अली में चेहलुम हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) 10 अगस्त को मनाया जाएगा। यहां मौलाना कल्बे जव्वाद दोपहर 2 बजे मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमनें नौहाख्वानी व सीनाजनी करेंगी। कर्बला जाने के लिए कर्बला चौराहा, काज़मैन, मेहदी गंज, गिरधारी सिंह कॉलेज मंसूर नगर, बजाज़ा, नक्खास, हुसैनाबाद, यूनिटी कॉलेज, पुराना नजफ़ निवासगंज से दोपहर 12.30 बजे बसें जाएंगी।

# बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** काकोरी ट्रेन एक्शन की 101वीं वर्षगांठ के गौरवशाली अवसर पर, लखनऊ के बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में एक शानदार कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला अधिकारी के निर्देश पर आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले भर के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों से आए इन युवाओं ने भाषण, निबंध, चित्रकला और गायन जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को जगाना और स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि देना था। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को 8 अगस्त को शहीद स्मारक, बाज नगर में सम्मानित किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक



राकेश कुमार के हाथों से प्रमाण पत्र पाने के अलावा, इन युवाओं को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद भी मिलेगा। प्राथमिक वर्ग यतिका और नजमीन (पब्लिक कॉन्वेंट बरगद तला) ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि नैतिक (प्राथमिक विद्यालय बेलवा) तीसरे स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग वैष्णवी रावत (बेसिक विद्यालय भरोसा) ने बाजी मारी, जबकि अक्षय शुक्ला (बाबू त्रिलोकी सिंह) दूसरे और शाल्वी मिश्रा (हैमिल्टन अकैडमी) तीसरे स्थान पर रहीं। सीनियर वर्ग कुमारी निदा (कस्तूरबा कन्या) प्रथम, अजका फातिमा (सेंट बिलाज) द्वितीय और अवनीश सैनी (बाबू त्रिलोकी सिंह) तृतीय रहे।

प्राथमिक वर्ग शौर्य (प्राथमिक विद्यालय काकोरी 2) और परिधि रावत (एसएम पब्लिक स्कूल) ने पहला और दूसरा स्थान पाया, जबकि अर्पिता द्विवेदी (प्राथमिक विद्यालय काकोरी 2) तीसरे स्थान पर रहीं।जूनियर वर्ग लक्ष्मी राजपूत (एसएम पब्लिक स्कूल), मनीष (बेसिक विद्यालय भरोसा) और मीनाक्षी यादव (डीसेंट कॉन्वेंट स्कूल) क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।सीनियर वर्ग अंजलि कश्यप (हनुमान प्रसाद रस्तोगी इंटर कॉलेज) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वर्तिका रावत और सोनाली रावत (राजकीय हाई स्कूल अमेठिया सलेमपुर) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। प्राथमिक वर्ग नसरा बानो (पीएम बेसिक विद्यालय खुशहालगंज) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिस्टी वर्मा (सेंट विलास) द्वितीय और विद्या कुशवाहा (एसएम पब्लिक स्कूल) तृतीय रहीं। जूनियर वर्ग सीलम (पीएम बेसिक विद्यालय खुशहालगंज) पहले, मुबशीरा और आफरीन (दोनों यूपीएस दशहरी) दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। सीनियर वर्ग मोहम्मद जियाउद्दीन (बीएसएनवी इंटर कॉलेज) प्रथम रहे, वहीं विशेष कुमार और अंश (दोनों बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान पाया।

# अवधी शाकाहारी व्यंजनों की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित कार्यक्रम संपन्न



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ** फरहीन इक़बाल (संस्थापक, नवाबी जायका–एक क्लाउड किचन), के सहयोग से करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, लखनऊ में "Dastarkhwan-e-Awadh" नामक एक अनूठे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अवधी शाकाहारी भोजन, विशेष रूप से गर्मी व बरसात के मौसम में बनाए जाने वाले पारंपरिक व्यंजनों को समर्पित रही। कार्यक्रम की शुरुआत दुआ से हुई, जिसने माहौल को आध्यात्मिक और आत्मीय बना दिया।सम्माननीय निर्णायक मंडल में शेफ़ ज़ुल्फ़ी (ज़ुल्फ़िकार हुसैन), शेफ़ सदफ़ हुसैन, शीबा इक़बाल, शुऐब कुरैशी (मालिक, मुबीन रेस्टोरेंट) कार्यक्रम में शामिल रहे मेहमानों और निर्णायकों ने पारंपरिक पेय पदार्थों, मुख्य व्यंजनों और मिठाइयों का स्वाद लिया और सराहना की। शेफ़ ज़ुल्फ़ी ने व्यंजनों की प्रस्तुति और स्वाद की विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रस्तुति भी शानदार थी और ज़ायका भी। शीबा इक़बाल ने छात्राओं द्वारा बनाई गई विरासत व्यंजनों के ज्ञान और प्रस्तुति की सराहना की। फरहीन इक़बाल द्वारा सभी निर्णायकों को पौधे भेंटस्वरूप दिए गए और सभी अतिथियों का स्वागत गुलाब की कलियों से किया गया, जिसने मेहमानों के दिल को छू लिया। मोहम्मद शुऐब साहब, जो लखनऊ के प्रतिष्ठित मुबीन रेस्टोरेंट के मालिक हैं, ने अपने बचपन की स्वाद भरी यादों को साझा कर सबको भावुक कर दिया। एक विशेष घोषणा में, लखनऊ हेरिटेज वॉक्स के संस्थापक आतिफ़ अंज़ार ने सभी प्रतियोगियों के लिए 9 अगस्त 2025 को एक निशुल्क विशेष हेरिटेज वॉक रेज़ीडेंसी की घोषणा की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी मेहमानों ने लज़ीज़ व्यंजनों और गरमा-गरम चाय का आनंद लिया। सारा फातिमा (फैशन डिजाइनर), शिल्पी चौधरी, इमराना अजमत, नेहा परवीन, रक्षान बेग, के साथ-साथ शमीम और मेराज हैदर जैसे विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम की सांस्कृतिक सोच और उद्देश्य की सराहना की। प्रोफेसर हुमैरा ख़्वाजा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों, मेहमानों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया।

# एपीएस एकेडमी इंटर कॉलेज सेनानी विहार ने मनाया 7वां स्थापना दिवस



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एपीएस एकेडमी इंटर कॉलेज सेनानी विहार लखनऊ मे कॉलेज के 27वें स्थापना दिवस समारोह मे स्टीम शिक्षा पर आधारित विज्ञान, प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी कला एवं गणित का समेकित विकास विषय पर विद्यार्थियों द्वारा नवीन प्रयोग, मॉडल , कलाकृतियां तथा परियोजनाओं की प्रस्तुति की गई। समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किए एवं प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों का उत्साह वर्धन किया। समारोह मे विशिष्ठ अतिथि अंतराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य देवेंद्र पाठक महाराज, सुप्रसिद्ध कथावाचक पूज्य मुकेश आनंद महाराज, राज्य सभा सांसद डॉ. अशोक वाजपेई, क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज भाई साहब, एमएलसी उमेश द्विवेदी, एमएलसी अवनीश सिंह, पूर्व एमएलसी अरविन्द त्रिपाठी, नि. भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा , प्रोफेसर शक्ति कुमार पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थित रही। उपस्थित प्रमुख जनों मे एड.जनलक्ष्मी तिवारी,एड. विद्याकांत शर्मा,धनंजय द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार के.बक्स सिंह, एड विनय दूबे, एड.जी. एन.शुक्ला धनंजय शुक्ला, ब्रिगेडियर जे.एस.दूबे, आशियाना परिवार सदस्य किरण पांडे, रंजना श्रीवास्तवी, मोनू शुक्ला सहित कई गणमान्य जन, अभिवावकगण, शिक्षकगण, छात्र गण, अधिवक्तागण,पत्रकारगण एवं मातृ शक्तियां सम्मिलित रहीं।

# वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वादी मुकदमा रईस अहमद पुत्र स्व मोहम्मद इदरीश, निवासी- 88, प्रकाश लोक सोसाइटी, इन्दिरा नगर, लखनऊ की कम्पनी में अभियुक्तगण द्वारा वादी की कम्पनी के खाता संख्या-00186 3700003966 से कूटरचित वाऊचर व अन्य लोगो के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कम्पनी के कुल 24,27,567 रू0 हड़प लेना व पैसे वापस मांगने पर जान से मारने धमकी देने के सम्बन्ध में प्रतिवादी गणों के विरुद्ध प्राप्त तहरीरी सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 167/2025 धारा 419/420/467/468/471 /406/506 भादवि पंजीकृत किया गया था। अभियोग उपरोक्त मे नामित अभियुक्तगण के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 406 के स्थान पर 409 अभियुक्तगणो द्वारा षड्यन्त्र पूर्वक अपराध किये जाने के कारण धारा 120 बी की बढोत्तरी करते हुए



मुकदमा उपरोक्त में शीघ्र गिरफ्तारी हेतु उच्चाधिकारिगण द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो के क्रम में थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा लगातार संभावित स्थानो पर दबिश दिया जा रहा था कि अथक प्रयासों के क्रम में दिनांक 06.08.2025 को समय 09.30 बजे मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त गण 1. फहीम अब्बास पुत्र छोटे बाबू निवासी म0नं0 392/4ख, कश्मीरी मोहल्ला, पानी की टंकी, मैदान एलएच खान, थाना सआदतगंज, लखनऊ उम्र करीब 23 वर्ष 2. मुन्नी पत्नी छोटे बाबू निवासी म0नं0 392/4ख, कज्मीरी मोहल्ला, पानी की टंकी, मैदान एलएच खान, थाना सआदतगंज, लखनऊ उम्र 50 वर्ष को उनके निवास स्थान से अभियोग उपरोक्त के संबन्ध में अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। फहीम अब्बास पुत्र छोटे बाबू निवासी म0नं0 392/4ख, कश्मीरी मोहल्ला, पानी की टंकी, मैदान एलएच खान, थाना सआदतगंज, लखनऊ उम्र करीब 23 वर्ष मुन्नी पत्नी छोटे बाबू निवासी म0नं0 392/4ख, कश्मीरी मोहल्ला, पानी की टंकी, मैदान एलएच खान, थाना सआदतगंज, लखनऊ उम्र 50 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

# इंडिगो के खिलाफ किया प्रदर्शन




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी निवासी फिल्म निर्देशक विपिन अग्निहोत्री ने इंडिगो एयरलाइंस और इंडिगो के मालिक राहुल भाटिया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने एयरलाइन का विरोध इसलिए किया है क्योंकि पिछले दिनों इंडिगो एयरलाइंस में एक विशेष धर्म से ताअल्लुक रखने वाले एक यात्री को फ्लाइट के ही एक अन्य यात्री ने थप्पड़ मार दिया था। जिसके विरोध में विपिन ने कहा है कि इतने दिन बीत जाने के बाद भी उस यात्री के खिलाफ इंडिगो एयरलाइंस और इंडिगो के मालिक राहुल भाटिया ने कोई कार्रवाई नहीं की। निर्देशक विपिन अग्निहोत्री का साथ इस विरोध में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी और सेलिब्रिटी योग प्रशिक्षक शिल्पी चुघ ने भी दिया है। तीनों ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को इंडिगो एयरलाइंस के संचालन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। बता दें कि पिछले दिनों मुम्बई कोलकाता इंडिगो फ्लाइट में पैनिक अटैक के दौरान एक व्यक्ति को अन्य यात्री ने थप्पड़ मार दिया था। विपिन अग्निहोत्री ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि भारत में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं और कोई भी इन बातों पर ध्यान नहीं दे रहा है।

## दिव्यांगजनों के भरण-पोषण भत्ते में 100 प्रतिशत की वृद्धि

**लखनऊ।** योगी सरकार ने दिव्यांगजनों की सुविधाओं में वृद्धि करते हुए एक बड़ा निर्णय लिया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों/संस्थाओं में निवासरत दिव्यांग संवासियों के भरण-पोषण भत्ते की राशि को 2000 रूपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 4000 रूपए प्रतिमाह कर दिया गया है। यह निर्णय बुधवार से प्रभावी हो गया है। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के सामाजिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। भरण-पोषण भत्ते में की गई यह बढ़ोतरी दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए बड़ी राहत है। यह केवल आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि सरकार की संवेदनशील सोच का प्रमाण भी है। प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, पूर्व में 25 अप्रैल 2016 को जारी शासनादेश को संशोधित करते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# हर घर तिरंगा अभियानः धागों से बनी कलात्मक वस्तुओं की हुई प्रतियोगिता

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती लैंग्वेज यूनिवर्सिटी, लखनऊ के गृह विज्ञान विभाग द्वारा धागों से बनी कलात्मक वस्तुओं (Articles made by Threads) की प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता कुलाधिपति माननीय आनंदीबेन पटेल जी के मार्गदर्शन में तथा कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। इसमें विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और धागों से आकर्षक वस्तुएँ जैसे ईयर रिंग, बैंगल, की रिंग, की चेन, ब्रेसलेट आदि तैयार किए। विशेष रूप से तिरंगा थीम से प्रेरित डिज़ाइन



प्रतिभागियों की सृजनात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला ।

कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने अपने संदेश में कहा~ इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को उजागर करती हैं, बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति और राष्ट्र के प्रति गर्व की भावना से भी जोड़ती हैं। विश्वविद्यालय सदैव ऐसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करता रहेगा, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हों।प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. तत्हीर फात्मा (अध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग) के नेतृत्व में किया गया। डॉ. फात्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बड़ी मेहनत और लगन से भाग लिया तथा अपने कौशल का परिचय दिया। उन्होंने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि गृह विज्ञान विभाग भविष्य में भी इसी प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें आगे भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

# हितेंद्र मल्होत्रा ने आइआरआइटीएम लखनऊ का किया दौरा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एव व्यवसाय विकास) हितेंद्र मल्होत्रा का भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान (IRITM), लखनऊ में आगमन हुआ । इस दौरे कार्यक्रम के तहत विभिन्न सत्र, ज्ञान-साझाकरण संवाद और संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं के साथ सार्थक संवाद शामिल रहे, जिससे रेलवे प्रशिक्षण एवं नेतृत्व विकास में उत्कृष्टता के प्रति IRITM की प्रतिबद्धता और सुदृढ़ हुई।



मल्होत्रा का IRITM के अपर महानिदेशक (ADG) संजय त्रिपाठी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मल्होत्रा की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें अपर महानिदेशक त्रिपाठी और वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने भाग लिया। इस चर्चा में रेलवे अधिनियम, 1989 में सुझाए गए संशोधनों पर विचार-विमर्श शामिल था, जो नीतिगत संवाद और विधायी समीक्षा में संस्थान की सक्रिय भूमिका को दर्शाता है। 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे स्वच्छता अभियान और हरित पहलों के अनुरूप, मल्होत्रा ने आईआरआईटीएम परिसर के नए लॉन में एक पौधा लगाया, जो भारतीय रेलवे की स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।